* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

02 जुलाई, 2025
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, सप्तमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 252

भारत में बने डिफेंस सिस्टम पर बढ़ रहा दुनिया का भरोसा



SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | KG - I
Nursery | KG - II
ADMISSION OPEN



Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

# डिजिटल इंडिया का एक दशक



पीएम नरेंद्र मोदी

दस साल पहले, हमने एक ऐसे क्षेत्र में पूर्ण विश्वास के साथ ऐसी यात्रा शुरू की थी, जहां पहले कोई नहीं गया था। जहां दशकों तक यह संदेह किया गया कि भारतीय तकनीक का उपयोग कर पायेंगे की नहीं, हमने उस सोच को बदला और भारतीयों की तकनीक का उपयोग करने की क्षमता पर विश्वास किया। जहां दशकों तक सिर्फ यह सोचा गया कि तकनीक का उपयोग अमीर और गरीब के बीच की खाई को और गहरा करेगा, हमने उस मानसिकता को बदला और तकनीक के माध्यम से उस खाई को खत्म किया।

जब नीयत सही होती है, तो नवाचार वंचितों को सशक्त करता है। जब दृष्टिकोण समावेशी होता है, तो तकनीक हाशिये पर खड़े लोगों के जीवन में परिवर्तन लाती है। यही विश्वास डिजिटल इंडिया की नींव बना- एक ऐसा मिशन जो सभी के लिए पहुंच को लोकतांत्रिक (आसान) बनाने, समावेशी डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने और अवसरों को उपलब्ध कराने के लिए शुरू हुआ। 2014 में इंटरनेट की पहुंच सीमित थी, डिजिटल साक्षरता कम थी और सरकारी सेवाओं की ऑनलाइन पहुंच बेहद सीमित थी। कई लोगों को संदेह था कि भारत जैसा विशाल और विविध देश वास्तव में डिजिटल बन सकता है या नहीं। आज, इस प्रश्न का उत्तर डेटा और डैशबोर्ड में नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के जीवन के माध्यम से दिया जा चुका है। शासन से लेकर शिक्षा, लेन-देन और निर्माण तक, डिजिटल इंडिया हर जगह है।

**डिजिटल डिवाइड को पाटते हुए :** 2014 में भारत में लगभग 25 करोड़ इंटरनेट कनेक्शन थे। आज यह संख्या बढ़कर 97 करोड़ से अधिक हो चुकी है। 42 लाख किलोमीटर से अधिक ऑप्टिकल फाइबर केबल, जो पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी का 11 गुना है, अब दूरस्थ गांवों को भी जोड़ रही है। भारत का 5जी रोलआउट विश्व में सबसे तेज रोलआउट्स में से एक है और मात्र दो वर्षों में 4.81 लाख बेस स्टेशन स्थापित किये गये हैं। हाई-स्पीड इंटरनेट अब शहरी केंद्रों से लेकर अग्रिम सैन्य चौकियों तक जैसे गलवान, सियाचिन और लद्दाख पहुंच चुका है। इंडिया स्टैक, जो हमारा डिजिटल बैकबोन है, ने यूपीआइ जैसे प्लेटफार्म को सक्षम बनाया है। जो अब सालाना 100 बिलियन से अधिक लेन-देन करता है। विश्व में होने वाले कुल रियल-टाइम डिजिटल ट्रांजैक्शन में से लगभग आधे भारत में होते हैं। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से 44 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे नागरिकों को हस्तांतरित की गयी है, जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई और 3.48 लाख करोड़ रुपये की लीकेज रोकी गयी है। स्वामित्व जैसी योजनाओं ने 2.4 करोड़ से अधिक प्रॉपर्टी काड्र्स जारी किये हैं और 6.47 लाख गांवों को मैप किया है, जिससे वर्षों से चली आ रही भूमि संबंधी अनिश्चितता का अंत हुआ है।

**सभी के लिए अवसरों का लोकतंत्रीकरण :** भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था अब पहले से कहीं अधिक एमएसएमइ और छोटे उद्यमियों को सशक्त बना रही है। ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) एक क्रांतिकारी प्लेटफॉर्म है, जो विक्रेताओं और खरीदारों के विशाल बाजार से सीधा संपर्क स्थापित कर नए अवसरों की खिड़की खोलता है। जेम (गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस) आम आदमी को सरकार के सभी विभागों को सामान और सेवाएं बेचने की सुविधा देता है। इससे न केवल आम नागरिक को एक विशाल बाजार मिलता है बल्कि सरकार की बचत भी होती है। कल्पना कीजिए, आप मुद्रा लोन के लिए ऑनलाइन आवेदन करते हैं। आपकी क्रेडिट योग्यता को अकाउंट एग्रीगेटर फ्रेमवर्क के माध्यम से आंका जाता है। आपको लोन मिलता है, आप अपना व्यवसाय शुरू करते हैं। आप जेम पर पंजीकृत होते हैं, स्कूलों और अस्पतालों को सप्लाई करते हैं और फिर ओएनडीसी के माध्यम से इसे और बड़ा बनाते हैं। ओएनडीसी ने हाल ही में 20 करोड़ लेन-देन का आंकड़ा पार किया है, जिसमें पिछले 10 करोड़ सिर्फ 6 महीनों में हुए हैं। बनारसी बुनकरों से लेकर नागालैंड के बांस शिल्पियों तक अब विक्रेता बिना बिचौलियों के पूरे देश में ग्राहक तक पहुंच रहे हैं। जेम ने 50 दिनों में एक लाख करोड़ रुपये का जीएमवी पार किया है, जिसमें 22 लाख विक्रेता शामिल हैं, जिनमें 1.8 लाख से अधिक महिला संचालित एमएसएमइ हैं, जिन्होंने 46,000 करोड़ रुपये की आपूर्ति की है।

(शेष पेज 5 पर)

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# रांची में एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण सपना था: संजय सेठ

■ केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी 3 जुलाई को करेंगे उद्घाटन

■ रक्षा राज्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने 558 करोड़ की सौगात दी

अजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा कि रांची में एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण एक सपना के पूरा होने जैसा है। रातू रोड सहित रांचीवासियों का यह सपना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पूरा कर दिया है। अब यह रांचीवासियों की जिम्मेदारी है कि इस कॉरिडोर को स्वच्छ और सुंदर बना कर रखें। 3 जुलाई को केंद्रीय मंत्री गडकरी इसका उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कार्यकताओं और नागरिकों से अनुरोध किया कि 558 करोड़ रुपये की लागत से मिले इस सौगात के लोकार्पण के अवसर पर नितिन गडकरी जी का ऐतिहासिक अभिनंदन करें। ओटीसी ग्राउंड में 11 बजे आयोजित लोकार्पण समारोह और सभा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे। संजय सेठ मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। इस मौके पर विधायक सीपी सिंह और नवीन जायसवाल भी मौजूद थे।



## रांची-वाराणसी एनएच के दो हिस्से का भी गडकरी करेंगे उद्घाटन

**पलामू (आजाद सिपाही)।** भारत माला प्रोजेक्ट के तहत करीब 8000 करोड़ की लागत से रांची-वाराणसी नेशनल हाइवे फोरलेन का निर्माण कार्य पूरा किया जाना है। हाइवे का निर्माण कार्य छह अलग-अलग चरणों में किया जाना है। पहले चरण का निर्माण कार्य रांची से कुरु तक पूरा हो गया है। दूसरे चरण का निर्माण कार्य पलामू के शंखा से गढ़वा के खजूरी तक भी पूरा हो गया है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी 3 जुलाई को इस हिस्से का भी उद्घाटन करेंगे। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि केंद्रीय मंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है। उन्होंने लोगों से कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अपील की है।



# पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा की हालत गंभीर

● रांची के क्यूरेस्टा अस्पताल में भर्ती

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/सिमडेगा।** पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा की स्वास्थ्य स्थिति गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार उनके सिर में गहरी चोट आयी है। उन्हें बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा से रांची रेफर किया गया है। फिलहाल रांची के क्यूरेस्टा अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है।

**खेत में गिर गये थे विमल लकड़ा :** प्राप्त जानकारी के अनुसार विमल लकड़ा बीते कुछ दिनों से सिमडेगा स्थित अपने पैतृक गांव में ही थे। जहां खेत में वे अचानक गिरकर बेहोश हो गये। सिमडेगा सदर अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार उनके सिर में खून के थक्के जम गये हैं। फिलहाल रांची के क्यूरेस्टा अस्पताल के आइसीयू में भर्ती हैं। उनके स्वास्थ्य की खबर सुनते ही हॉकी जगत, खेल प्रेमियों और उनके प्रशंसक चिंतित हैं।



## सुदिव्य सोनू ने अस्पताल जाकर विमल लकड़ा और परिजनों से मुलाकात की

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर झारखंड के उच्च शिक्षा मंत्री सुदिव्य सोनू ने अस्पताल जाकर इलाजरत पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा एवं उनकी पत्नी से मुलाकात की। डॉ संजय कुमार से विमल लकड़ा के स्वास्थ्य एवं इलाज की स्थिति की जानकारी ली और निर्देश दिया कि उन्हें सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जाये। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार विमल लकड़ा के साथ है। उनके परिवार को भरोसा दिलाया कि इलाज में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जायेगी।

## स्थिति नियंत्रण में : डॉ संजय कुमार

झारखंड के पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी बिमल लकड़ा की स्वास्थ्य स्थिति अभी नियंत्रण में है। उन्हें 30 जून को सिर में गंभीर चोट लगने के बाद सिमडेगा से रांची के क्यूरेस्टा अस्पताल में भर्ती कराया गया था, यहां न्यूरो सर्जन डॉ संजय कुमार और डॉ पैट्रिक प्रबोध मिंज की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। न्यूरो सर्जन डॉ संजय कुमार ने बताया कि जब बिमल लकड़ा को क्यूरेस्टा अस्पताललाया गया था, तब उनकी स्थिति गंभीर थी और काफी खून निकल गया था, लेकिन हमने उन्हें स्टेबल किया और फिर उनकी चोट की ठीक तरीके से जांच करने बाद उनका इलाज शुरू किया। उनकी स्थिति ठीक हो रही है, लेकिन शरीर में कमजोरी है, जो धीरे-धीरे ठीक होगी। बिमल लकड़ा को आइसीयू में रखा गया है।

## न्यूज रील्स

### महिला पहलवान विनेश फोगाट बनीं मां



**जुलाना (हरियाणा)।** हरियाणा की महिला पहलवान विनेश फोगाट के घर किलकारी गूंजी है। जींद के विधानसभा हलके से कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट मां बनी हैं। रेसलर विनेश फोगाट ने दिल्ली के अपोलो अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया है। उनके घर बेटे का जन्म हुआ है। विनेश को सोमवार शाम को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। फिलहाल जच्चा व बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। विनेश फोगाट ने 6 मार्च 2025 को अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर की थी। विनेश ने पति सोमवीर राठी के साथ फोटो शेयर करते हुए लिखा था कि ऑवर लव स्टोरी कंटिन्यू विद न्यू चैप्टर (एक नए अध्याय के साथ हमारी प्रेम कहानी जारी है)। इसके साथ में नन्हें बेबी के फुट प्रिंट और लव का सिंबल शेयर किए थे। विनेश के ससुर राजपाल राठी ने बताया कि उनकी बहु मां बनी है।

### एअर इंडिया की फ्लाइट हवा में 900 मीटर नीचे आयी

**नयी दिल्ली।** अहमदाबाद प्लेन क्रैश के 2 दिन बाद 14 जून को एअर इंडिया की एक और फ्लाइट हवा में 900 मीटर नीचे आ गयी थी। यह घटना दिल्ली-वियना फ्लाइट के दौरान हुई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, विमान ने दिल्ली एयरपोर्ट से टेकऑफ किया और उसके बाद वह नीचे आने लगी। हालांकि, 9 घंटे 8 मिनट की उड़ान के बाद यह फ्लाइट वियना में सुरक्षित लैंड हुई थी। एअर इंडिया ने कहा कि घटना की जांच शुरू कर दी गयी है। रिपोर्ट सामने आने तक दोनों पायलट्स को ड्यूटी से हटा दिया गया है। एयरलाइन ने इस बात की जानकारी डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन को भी दे दी है।

## केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में मोदी सरकार ने उठाया बड़ा कदम

# रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को हरी झंडी

● नयी खेल नीति पर भी लगी मुहर

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** मोदी सरकार ने देश में रोजगार और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय कैबिनेट ने 1.07 लाख करोड़ रुपये के एम्प्लॉयमेंट लिंक्ड इंसेंटिव (इएलआइ) स्कीम को मंजूरी दे दी है। यह योजना खासतौर पर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर फोकस करेगी। सरकार का मानना है कि इन योजनाओं से देश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को मजबूती मिलेगी और शोध को भी बढ़ावा मिलेगा। इस योजना का उद्देश्य दो वर्षों में देश में 3.5 करोड़ से अधिक नये रोजगार के अवसर सृजित करना है। इसके साथ ही, योजना के अंतर्गत पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को भी प्रोत्साहन दिया जायेगा। प्रत्येक नये कर्मचारी के लिए 3,000 रुपये प्रति माह तक की प्रोत्साहन राशि दो वर्षों तक दी जायेगी। यह प्रोत्साहन उन नियोक्ताओं को मिलेगा जो ऐसे कर्मचारियों को नियुक्त करेंगे जिनका वेतन 1 लाख रुपये प्रतिमाह तक है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस योजना के दो हिस्से होंगे। पहला हिस्सा उन लोगों के लिए होगा जो पहली बार रोजगार शुरू कर रहे हैं। वहीं, दूसरा हिस्सा लगातार रोजगार देने वाली कंपनियों को समर्थन देने के लिए होगा। इसके अलावा सरकार ने एक लाख करोड़ रुपये के रिसर्च डेवलपमेंट और इनोवेशन स्कीम, राष्ट्रीय खेल नीति 2025 और परमकुडी-रामनाथपुरम नेशनल हाईवे के चार लेन बनाने के लिए 1,853 करोड़ की मंजूरी भी दी है।




### 2047 तक भारत को शीर्ष-5 खेल राष्ट्र बनाने का लक्ष्य

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय खेल नीति (एनएसपी) 2025 को भी मंजूरी दे दी है। यह देश के खेल परिदृश्य को नया आकार देने और खेलों के माध्यम से नागरिकों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक पहल है। नयी खेल नीति मौजूदा राष्ट्रीय खेल नीति 2001 का स्थान लेगी। ये भारत को एक वैश्विक खेल महाशक्ति के रूप में स्थापित करने तथा 2036 ओलंपिक खेलों सहित अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में उत्कृष्टता के लिए एक मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित करने के लिए एक दूरदर्शी और रणनीतिक रोडमैप प्रस्तुत करेगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को एक व्यापक खेलो भारत नीति, 2025 को मंजूरी दे दी है जिसका लक्ष्य 2047 तक भारत को शीर्ष पांच खेल राष्ट्रों में से एक बनाना है। मंत्री ने साथ ही कहा कि इसका दूसरा मुख्य उद्देश्य खेल को जन आंदोलन बनाना है। एनएसपी 2025 को केंद्रीय मंत्रालयों, नीति आयोग, राज्य सरकारों, राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ), खिलाड़ियों, खेल विशेषज्ञों और सार्वजनिक हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श के बाद तैयार किया गया है। इसके तहत खेल को पर्यटन और आर्थिक विकास से जोड़ा जायेगा। वैष्णव ने कहा कि बड़ी संख्या में लोग आइपीएल, फुटबॉल मैच देखने के लिए यात्रा करते हैं। इससे पर्यटन और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलता है। वैष्णव ने कहा कि यह दस्तावेज राष्ट्रीय शिक्षा नीति के साथ जुडने का प्रयास करता है, जिसमें खेलों को स्कूली पाठ्यक्रम का एक अभिन्न अंग बनाया गया है। इसमें कहा गया है कि इसका उद्देश्य शिक्षकों और शारीरिक शिक्षा शिक्षकों को खेल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रशिक्षण से लैस करना है। इसके सूचीबद्ध लक्ष्यों में खेल प्रशासन के लिए एक मजबूत नियामक ढांचा स्थापित करना और पीपीपी (सरकारी और निजी क्षेत्रों की भागीदारी) और सीएसआर के माध्यम से निजी क्षेत्र की भागीदारी सहित नवीन वित्तपोषण तंत्र का विकास करना शामिल है।



मान्यवर,

अत्यंत दुःख के साथ सूचित कर रहे हैं कि मेरी धर्मपत्नी

**उर्मिला देवी**

का स्वर्गवास शुक्रवार -27 जून 2025 को हो गया है।
अतः दिवंगत आत्मा की शांति हेतू श्रद्धांजलि सभा एवं ब्रह्मभोज में सम्मलित हो कर हमें अनुगृहित करें।

**कार्यक्रम**

मंगलवार 8 जुलाई 2025 नखबाल
बुधवार 9 जुलाई 2025 एकादशा
गुरूवार 10 जुलाई 2025 द्वादशा एवं ब्रह्मभोज सह भोज
(संध्या 05 बजे से आपके आगमन तक)

स्थान : वनांचल डेंटल कॉलेज परिसर,
बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय,
फरठिया, गढ़वा, झा०

-:शोकाकुलः-
पवन कुमार (ट्रस्टी), राजीव रंजन पुत्र
एवं समस्त विश्वविद्यालय परिवार।
मो० न० - 8789554090, 8789834871

-:विनित:-
दिनेश प्रसाद सिंह
कुलाधिपति,
बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय सह अध्यक्ष,
वनांचल एजुकेशनल एण्ड वेलफेयर ट्रस्ट
फरठिया, गढ़वा, झारखण्ड

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# दुखद है टीएमसी नेताओं की असंवेदनशील टिप्पणियां

## कोलकाता रेप कांड पर पार्टी सांसदों और विधायकों की टिप्पणी से लोग दुखी

## ममता बनर्जी की पार्टी का स्टैंड भी अब तक जनता के सामने नहीं आ सका है

कोलकाता में कानून की एक छात्रा से सामूहिक गैंगरेप का मुद्दा एक बार फिर पश्चिम बंगाल में जितना बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनने लगा है, उतना ही बड़ा नारी उत्पीड़न का मुद्दा बनकर उभर रहा है। इस मामले में पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के दो वरिष्ठ नेताओं की असंवेदनशील टिप्पणी स्त्री की मर्यादा, सम्मान और अस्मिता के खिलाफ शर्मनाक, दुर्भाग्यपूर्ण और संवेदनहीन प्रतिक्रिया है। इन नेताओं ने गैंगरेप मामले पर विवादित बयान से राज्य और देश में भारी जनाक्रोश पैदा हो गया था। राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं के बयानों और सोच में एक बार फिर शर्मनाक ढंग से पीड़िता पर दोष मढ़ने की कोशिश की गयी है। इस मामले में सत्तारूढ़ टीएमसी पार्टी अंदर और बाहर दोनों मोर्चों पर घिरती हुई नजर आ रही है। जहां इस मामले में पार्टी के अंदर गुटबाजी एक बार फिर सामने आयी है, वहीं भाजपा आक्रामक रूप से ममता सरकार को घेर रही है। लोगों का यह आक्रोश इसलिए भी साफ नजर आ रहा है, क्योंकि पश्चिम बंगाल के समाज की छवि पूरी दुनिया में 'भद्र लोक' की है और इस समाज के भीतर इस तरह की असंवेदनशील टिप्पणियां आम तौर पर अस्वीकार की जाती हैं। खास बात यह भी है कि इस मामले में सत्तारूढ़ टीएमसी का स्टैंड भी अब तक साफ नहीं हुआ है, जिससे लोग निराश हैं। क्या है कोलकाता का यह मामला और कैसे इसने ममता बनर्जी और उनकी पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचाया है, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

कोलकाता में कानून की एक छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना ने जहां पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था की बदहाल स्थिति को उजागर कर दिया है, वहीं इस शर्मनाक कांड पर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेताओं की असंवेदनशील टिप्पणियों ने लोगों के भीतर कई सवालों को जन्म दे दिया है। आम तौर पर 'भद्र' माना जानेवाला पश्चिम बंगाल का समाज अपने राज्य के कुछ नेताओं की इस मामले पर की गयी टिप्पणी से गुस्से में तो है ही, दुखी भी है।

### क्या है पूरा मामला

कोलकाता के एक लॉ कॉलेज में एक छात्रा से गैंगरेप की घटना हुई। आरोपी मनोजीत मिश्रा उसी कॉलेज का पूर्व छात्र और टीएमसी का नेता है। उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस शर्मनाक घटना के बाद दुखद बात यह हुई कि सत्तारूढ़ टीएमसी के दो सांसदों, महुआ मोइत्रा और कल्याण बनर्जी ने ऐसी असंवेदनशील टिप्पणी कर दी, जिससे राजनीतिक बवाल खड़ा हो गया। सांसद महुआ मोइत्रा ने जहां पीड़ित लड़की को ही घटना के लिए जिम्मेदार बता दिया, वहीं कल्याण बनर्जी ने कह दिया कि यह एक मामूली घटना है। उधर विधायक मदन मित्रा ने कह दिया कि यदि लड़की वहां नहीं जाती, तो यह घटना ही नहीं होती। इसके बाद सत्तारूढ़ टीएमसी ही विवादों में घिर गयी। बाद में पार्टी ने महुआ मोइत्रा, कल्याण बनर्जी और मदन मित्रा के उन बयानों पर निराशा व्यक्त करते हुए स्पष्ट किया कि इन राजनेताओं के बयान पार्टी लाइन से परे है। मदन मित्रा को तो कारण बताओ नोटिस तक दिया गया है।

### गुस्से में बंगाल के लोग

यह एक बदतर स्थिति है कि जिस पार्टी के नेताओं ने ये दुर्भाग्यपूर्ण बयान दिये हैं, उस पार्टी की सुप्रीमो एक महिला ही है। यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि ममता बनर्जी जैसी तेजतर्रार मुख्यमंत्री के शासन और नेतृत्व के वर्षों के दौरान टीएमसी के भीतर नारी सम्मान और अस्मिता को लेकर संवेदनशीलता लाने और मानसिकता में बदलाव लाने के प्रयास विफल होते नजर आ रहे हैं। अक्सर महिलाएं और महिला राजनेता पुरुष नेताओं के हाथों अश्लील, अभद्र और तौहीन भरी टिप्पणियों की शिकार होती रही हैं। ऐसे बयानों के बावजूद अक्सर ये राजनेता किसी कठोर कार्रवाई की बजाय हल्की-फुल्की फटकार के बाद बच निकलते हैं। ये बयान कभी महिलाओं की बॉडी शेमिंग करते नजर आते हैं, तो कभी बलात्कार जैसे गंभीर अपराध को मामूली बताने की कोशिश करते हुए नजर आते हैं। इसके साथ ही ये चिंताजनक संदेश भी जाता है कि महिलाओं के बारे में हल्के और आपत्तिजनक बयान देना विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के लिए सामान्य बात है।



### बंगाल के समाज के लिए चुनौती

कोलकाता के प्रतिष्ठित लॉ कॉलेज की छात्रा के साथ हुए सामूहिक बलात्कार की घटना ने न केवल राजनीतिक सोच और कानून के मंदिरों को शर्मसार किया है, बल्कि हर संवेदनशील मन को झकझोर दिया है। पीड़िता एक लॉ कॉलेज में अध्ययनरत छात्रा थी, जो अपने उज्ज्वल भविष्य के सपनों के साथ शिक्षा के पथ पर अग्रसर थी। घटना की रात वह अपने कुछ परिचितों के साथ बाहर थी, जिनमें से ही कुछ ने उसकी अस्मिता को रौंद डाला। उसे नशा दिया गया और फिर सुनसान स्थान पर ले जाकर कई लोगों ने उसके साथ बलात्कार किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कुछ आरोपियों को हिरासत में लिया है, लेकिन सवाल यह है कि जब कानून पढ़ने वाली लड़की खुद असुरक्षित है, तो आम महिलाएं कैसे सुरक्षित होंगी? क्या यह कानून की शिक्षा देने वाली संस्थाओं एवं शासन करने वाली सत्ताओं के लिए आत्ममंथन का समय नहीं है? ऐसी घटनाओं पर निर्भया कांड के बाद बने कानूनों का सख्ती से पालन हो। रेप को सिर्फ एक 'जुर्म' नहीं, 'राष्ट्रीय आपदा' माना जाये और उसकी रोकथाम के लिए शिक्षा, संस्कार और तकनीकी सुरक्षा साधनों को प्राथमिकता दी जाये। कोलकाता की लॉ छात्रा की यह दर्दनाक घटना हमें चेताती है कि केवल कानून बना लेना काफी नहीं, जब तक समाज की सोच नहीं बदलेगी, तब तक बेटियां असुरक्षित रहेंगी। यह केवल एक छात्रा की लड़ाई नहीं, बल्कि हर बेटी की सुरक्षा की लड़ाई है। न्याय तब होगा, जब ऐसी घटनाएं रुकेंगी और उसके लिए हमें मिलकर लड़ना होगा।

### अक्षम्य हैं ऐसी टिप्पणियां

कोलकाता की लॉ छात्रा मामले में टीएमसी नेताओं की टिप्पणियां निस्संदेह निंदनीय हैं, लेकिन पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा भी कड़े शब्दों में इसकी निंदा की जानी चाहिए। ममता बनर्जी के सामने एक और चुनौती है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज बलात्कार-हत्याकांड और उसके बाद देश भर में उपजा आक्रोश अभी भी यादों में ताजा है। निस्संदेह, केवल टिप्पणियों से पार्टी को अलग कर देना ही पर्याप्त नहीं है। सार्वजनिक जीवन में नारी सम्मान एवं जीवन-मूल्यों के खिलाफ जाने वाले लोगों के लिए परिणाम तय होने चाहिए। अन्यथा समाज में ये संदेश जायेगा कि ऐसे कुत्सित प्रयासों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं होती है। किसी अपराध की रोकथाम अच्छे शासन की अनिवार्य शर्त बननी चाहिए, लेकिन जब कोई अपराध होता है, तो प्रभावी प्रतिक्रिया भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। टीएमसी दोनों ही मामलों में विफल प्रतीत होती है। ऐसे मामलों में अत्याचार करने वालों की ही भांति अत्याचार का समर्थन करने वाले दोषी हैं। अत्याचारियों के लिए ही त्वरित न्याय और सख्त सजा जरूरी है, लेकिन जन-प्रतिनिधि की निर्लज्ज बयानबाजी भी अपराध के दायरे में होनी चाहिए।

---

# डेढ़ करोड़ के जेवर लूट का खुलासा, दो गिरफ्तार

**डेढ़ किलो सोना और 50 हजार नगद बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम के चाकुलिया नगर पंचायत क्षेत्र में सोमवार देर रात हुई लूट मामले का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। पुराना बाजार स्थित बिरसा चौक के पास प्राप्ति ज्वेलर्स के मालिक अरुण नंदी अपने आवासीय परिसर मिस्त्री पाड़ा लौट ही रहे थे कि बाइक सवार तीन अज्ञात अपराधियों ने उन्हें चाकू और पिस्तौल दिखाकर उनका बैग लूट लिया। बैग में लगभग डेढ़ किलो सोने के आभूषण और 50,000 नकद थे। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी पश्चिम बंगाल की दिशा में फरार हो गये। घटना की सूचना मिलते ही चाकुलिया थाना प्रभारी संतोष कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। तत्परता दिखाते हुए उन्होंने पश्चिम बंगाल पुलिस को अलर्ट किया। इसके बाद जामबनी थाना पुलिस के सहयोग से महज 24 घंटे से पहले इस बड़ी लूट का खुलासा मंगलवार को कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए औरंगाबाद (बिहार) के रफीकगंज निवासी मो. रफीक और जमशेदपुर के बागबेड़ा निवासी निरंजन गौड़ को गिरफ्तार कर लिया। लूटे गये डेढ़ किलो सोने के जेवरात भी बरामद कर लिये गये हैं। तीसरे आरोपित की तलाश अभी जारी है। गिरफ्तार दोनों अपराधियों को चाकुलिया थाना लाया गया है, जहां पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

### घर के बाहर दिया घटना को अंजाम

जिला के घाटशिला अनुमंडल अंतर्गत चाकुलिया नगर पंचायत क्षेत्र के मिस्त्रीपाड़ा में सोमवार की देर रात तीन अपराधियों ने हथियार के बल पर प्राप्ति ज्वेलर्स के मालिक अरुण नंदी से डेढ़ करोड़ रुपये के आभूषण लूट लिये। ज्वेलर्स मालिक रात में अपनी दुकान बंद कर स्कूटी पर सवार होकर घर के लिए निकले। इस दौरान उनके हाथ में दो बैग थे, जिसमें जेवरात और कैश मौजूद था। इस दौरान एक व्यक्ति दुकान पर रेकी कर रहा था, दूसरा व्यक्ति उनके घर के दरवाजे के पीछे छिपा हुआ था और एक व्यक्ति बाइक लेकर भागने की तैयारी में उन्हीं के घर के पास खड़ा था। इस बीच जैसे ही ज्वेलर्स मालिक स्कूटी लेकर अपने घर पहुंचा, दरवाजे के पीछे छिपा व्यक्ति ने उसे चाकू दिखाकर बैग छिनने लगा। इसी बीच दूसरा व्यक्ति भी वहां आ गया और ज्वेलर्स मालिक को नीचे गिराकर दोनों बैग लेकर फरार हो गया।

### लूट की वारदात से इलाके में दहशत

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीन अपराधी अचानक मौके पर पहुंचे और व्यवसायी अरुण नंदी पर हमला कर दिया. लुटेरों ने पहले उन्हें डराया फिर उनके हाथ से आभूषणों से भरा बैग छीन लिया और मौके से फरार हो गये। पूरी घटना कुछ ही मिनटों में हुई। इस वारदात के बाद इलाके के व्यापारियों और सरार्फा कारोबारियों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गयी है। व्यापारी संगठन ने प्रशासन से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है।

# भोगनाडीह उपद्रव मामले में कार्रवाई
# हथियारों के साथ गोड्डा से दो गिरफ्तार

**चंपाई सोरेन के करीबी होने का पुलिस ने किया दावा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**साहिबगंज।** साहिबगंज के भोगनाडीह में हुए उपद्रव के मामले में गोड्डा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दावा किया है कि ये दोनों आरोपी उपद्रव के मास्टरमाइंड हैं। गिरफ्तारी गोड्डा नगर क्षेत्र से हुई है, जहां से इनके पास से तीन हथियार और गोली भी बरामद किये गये हैं। गोड्डा एसपी ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस पूरे मामले का खुलासा किया। ऐसा कहा जा रहा है कि गिरफ्तार किये गये दोनों व्यक्ति राजनीतिक रूप से प्रभावशाली हैं और पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा नेता चंपाई सोरेन के करीबी माने जाते हैं। यही नहीं, दोनों उनके सोशल मीडिया अकाउंट को भी संभालते थे। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार लोग बरहेट, बोरियो, साहिबगंज में 20 जून से एक्टिव थे। ये जमशेदपुर में रहते हैं और इस एरिया में घूम रहे थे तो कहीं ना कहीं इनकी मंशा थी कि हूल दिवस के दिन कुछ गलत किया जा सके। गिरफ्तार लोगों में एक का नाम सुधीर कुमार है और दूसरे का नाम गणेश मंडल है।

## पूर्व विधायक अमित मंडल ने गिरफ्तारी पर उठाये सवाल



**रांची (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को गोड्डा पुलिस ने दो लोगों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। इस गिरफ्तारी को गोड्डा के पूर्व विधायक अमित मंडल फर्जी बता रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा है कि जनाक्रोश सरकार के खिलाफ जाता देख सरकार ने अपने तंत्र का इस्तेमाल कर मुद्दे को भटकाने का एक अच्छा प्रयास किया है। उन्होंने आगे लिखा कि सांच को आंच क्या? लेकिन एक बात तो तय है कि झारखंड की सरकार ममता की सरकार से बहुत कुछ सिख रही है... जिसका उदाहरण ये गिरफ्तारी है जो कि प्रथम दृष्टया ही फर्जी प्रतीत हो रही है।

# भोगनाडीह लाठीचार्ज के विरोध में भाजपा का प्रदर्शन

## डीसी-एसपी को निलंबित करने की मांग, आदिवासियों का सम्मान कुचला जा रहा

आजाद सिपाही संवाददाता




**पूर्वी सिंहभूम।** साहिबगंज जिले के भोगनाडीह में सिदो-कान्हू वंशजों पर हुए लाठीचार्ज और गोलीबारी की घटना के विरोध में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को पूर्वी सिंहभूम जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन आदिवासी सुरक्षा परिषद के बैनर तले आयोजित किया गया था। प्रदर्शन का नेतृत्व भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश हांसदा ने किया। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार सिर्फ आदिवासियों के नाम पर वोट लेने का काम करती है, लेकिन जब वही आदिवासी अपने महापुरुषों की पूजा और स्मरण दिवस मनाने के लिए जाते हैं तो उन पर लाठी और गोली चलवायी जाती है। उन्होंने कहा कि यह सरकार आदिवासियों के अधिकारों और सम्मान को कुचल रही है। सरकार को तुरंत साहेबगंज के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक को निलंबित कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। रमेश हांसद ने कहा कि अगर उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया तो वे साहिबगंज जाकर बड़ा आंदोलन करेंगे और गांव-गांव जाकर सरकार की असलियत जनता के सामने लायेंगे।

उन्होंने कहा कि सिदो-कान्हू आदिवासी समाज के प्रेरणा स्रोत हैं और उनके वंशजों पर लाठीचार्ज पूरे आदिवासी समाज का अपमान है। भाजपा अंतिम सांस तक आदिवासियों के सम्मान और अधिकारों की लड़ाई लड़ती रहेगी। प्रदर्शन के दौरान आदिवासी सुरक्षा परिषद के कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और दोषी अधिकारियों को तत्काल बर्खास्त करने, साथ ही पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने की मांग की।

# जैक बोर्ड ने 11वीं का रिजल्ट किया जारी

**रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने 11वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। परीक्षा में शामिल छात्र अब अपना रिजल्ट जैक की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं। रिजल्ट चेक करने के लिए छात्रों को रोल नंबर और रोल कोड की जरूरत होगी। सबसे पहले जैक की ऑफिशियल वेबसाइट अपना रोल कोड और रोल नंबर भरें। सबमिट करते ही स्क्रीन पर रिजल्ट दिखायी देगा। चाहें तो उसका प्रिंट आउट भी निकाल सकते हैं। जैक बोर्ड ने 11वीं की परीक्षा इस बार 20 मई से 22 मई 2025 के बीच 2 पालियों में आयोजित की थी। पहली पाली सुबह 10:45 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से हुई थी। इस परीक्षा में करीब 3.50 लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे। 11वीं की बोर्ड परीक्षा पांच विषयों में हुई थी, और यह पूरी तरह डटफशीट पर आधारित थी। पास होने के लिए छात्रों को कम से कम 4 विषयों में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। साथ ही स्कूल स्तर पर आंतरिक मूल्यांकन भी किया गया था, जिसके लिए 10 अंक निर्धारित थे।**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.7 °c | 23.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.39 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.06 बजे | |



# डिजिटल इंडिया 140 करोड़ देशवासियों की दिनचर्या का हिस्सा बन चुका है : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता के परिणामस्वरूप आज डिजिटल इंडिया 140 करोड़ देशवासियों की दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। मरांडी ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि बैंकिंग, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में इसका व्यापक और क्रांतिकारी प्रभाव देखने को मिल रहा है। सस्ती और सहज इंटरनेट सुविधा ने आम जन तक अनेक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित की है।



### बाबूलाल ने गिनायीं डिजिटल भारत की उपलब्धियां-

- भारतनेट योजना: 5.85 लाख गांवों को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ा गया।
- कॉमन सर्विस सेंटर्स के तहत 5.7 लाख से अधिक कॉमन सर्विस सेंटर्स गांवों में आधार अपडेट, बिल भुगतान, प्रमाण पत्र और सरकारी योजनाओं की सेवाएं दे रहे।
- जनधन योजना के तहत 50 करोड़ से अधिक बैंक खातों ने सबसे वंचित तबकों को वित्तीय सिस्टम से जोड़ा गया।
- डीबीटी के जरिये 34 लाख करोड़ से ज्यादा की राशि सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंची है।
- पीएम गडिसा : 6 करोड़ से ज्यादा नागरिकों को डिजिटल साक्षरता दी गयी है।
- डिजिलॉकर: 20 करोड़ से अधिक यूजर्स को बोर्ड, यूनिवर्सिटी और सरकारी संस्थान सीधे उनके अकाउंट में दस्तावेज जारी करते हैं।
- इ–नैम के तहत 1300 अधिक मंडियां जुड़ी हैं, जहां किसान भाव देख सकता है और डेटा आधारित निर्णय ले सकता है।
- पीएम किसान योजना के तहत 3 लाख करोड़ सीधे खातों में भेजे गये हैं।
- जेम के जरिए 8 लाख करोड़ से ज्यादा की सरकारी खरीद अब डिजिटल हो चुकी है।
- नेशनल डिजिटल हेल्थ मिशन के तहत करोड़ों नागरिकों को हेल्थ आइडी मिली है, जिसमें इलाज का पूरा इतिहास दर्ज है।

# मुख्यमंत्री ने डॉक्टर्स डे पर डॉक्टर्स और स्वास्थ्यकर्मियों को दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने डॉक्टर्स डे के अवसर पर सभी डॉक्टर्स और स्वास्थ्यकर्मियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर मंगलवार को लिखा है कि आपका समर्पण, मेहनत और सेवाभाव हमारे समाज को स्वस्थ, खुशहाल और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आपने हर विपदा, हर परिस्थिति में अपने ज्ञान और कौशल से लोगों की रक्षा की है,



उन्हें स्वस्थ रखा है। आप सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार। वहीं दूसरी पोस्ट में मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, लोकसभा सांसद और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को उनके जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने लिखा कि भाई अखिलेश यादव को जन्मदिन की ढेरों बधाई, शुभकामनाएं और जोहार मरांग बुरु आपको सदैव उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु प्रदान करें, यही कामना करता हूं।

# पश्चिम बंगाल के बाघमुंडी से चुनाव लड़ना मेरा नहीं, पार्टी का निर्णय : सुदेश महतो

## घाटशिला में आजसू का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता मिलन समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला/जमशेदपुर।** भोगनाडीह में हूल दिवस के मौके पर पिछले दिन जो घटना हुई है वह काफी निंदनीय एवं शर्मनाक है। उक्त बातें घाटशिला के एक होटल में मंगलवार को आयोजित आजसू पार्टी के विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता मिलन समारोह को संबोधित करते हुए आजसू पार्टी के सुप्रीमो सह पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहीं। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ हुए संथाल विद्रोह का इतिहास गवाह है, वीर शहीदों के परिजनों के साथ हुई घटना पूरी तरह अमानवीय है। उन्होंने कहा कि अबुआ राज अबुआ शासन का मतलब या नहीं है कि शासन व्यवस्था किसी एक व्यक्ति का एकाधिकार ना हो अबुआ शासन यानी समूह का शासन होना चाहिए। परंतु वर्तमान सरकार इसके विपरीत काम कर रही है। पत्रकारों द्वारा पूछे गये सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के बाघमुंडी में हमारी पार्टी पहले से ही विधानसभा चुनाव लड़ रही है। इस बार पार्टी का निर्णय है कि हम वहां से चुनाव लड़ें। यह कोई व्यक्तिगत फैसला नहीं है। कहा कि घाटशिला झारखंड अलग राज्य आंदोलन की माटी है। झारखंड आंदोलन की शुरूआत घाटशिला से ही आजसू पार्टी ने शुरू किया था। इस माटी को नमन करने का सौभाग्य मिला है। यहां के एक-एक कार्यकर्ता पार्टी के प्रति समर्पित हैं आने वाले समय में इसी जोश के साथ संगठन को मजबूत करें। इसके अलावा पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिश, जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह, सपन कुमार सिंहदेव, सागेन हांसदा, हरेलाल महतो आदि ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर मुशबानी प्रखंड के प्रमुख रामदेव हेंब्रम के नेतृत्व में काफी संख्या में युवकों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर डोमन चंद्र टुडू, रवि शंकर मौर्य, वन बिहारी महतो राजू कर्मकार एवं सुखलाल हेंब्रम सहित अन्य उपस्थित थे।




# गैंगरेप के दोषी लाला और रॉकी को बीस साल की सजा

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची सिविल कोर्ट ने गैंग रेप के मामले में दोषी बिहार के औरंगाबाद निवासी लाला सिंह उर्फ ललन और रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र निवासी रॉकी को 20 साल की कठोर कारावास की सजा सुनायी है। इसके साथ ही कोर्ट ने दोनों दोषियों पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि जुर्माने की राशि नहीं देने पर दोषियों को एक साल की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। अदालत ने लाला और रॉकी को 24 जून को दोषी ठहराया था। दोनों ने 10 फरवरी 2018 को खादगढ़ा बस स्टैंड स्थित चुनवा टोली में गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया था। प्राथमिकी के मुताबिक जब पीड़िता काम करके रात में लौट रही थी। उसी दौरान दोनों मिलकर महिला को जबरदस्ती खींचकर चुनवा टोली ले गये और घटना को अंजाम दिया। घटना को लेकर पीड़ित महिला ने लोअर बाजार थाना में दोनों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

# बिजली पर सरचार्ज दुर्भाग्यपूर्ण: संजय सेठ

**सिवरेज-ड्रेनज के नाम पर सड़क को बर्बाद कर दिया गया : सीपी सिंह**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संजय सेठ ने कहा कि झारखंड में नगर निकायों में बिजली पर पांच फीसदी सरचार्ज का प्रस्ताव तैयार करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। झारखंड में तो ऐसा लग रहा है जैसे सरकार नगर निकायों से सिर्फ वसूली की मुहिम चला रही है। एक तरफ नगर निगम ने 39 करोड़ रुपये होल्डिंग टैक्स हासिल कर लिया है और दूसरी तरफ फिर से पांच फीसदी सरचार्ज लेने की तैयारी है। सेठ ने कहा कि यह समझ से परे है कि आखिर सरकार जनता से सिर्फ वसूली क्यों करना चाहती है? प्रशासनिक अधिकारी कभी इन मुद्दों पर क्यों नहीं सोचते? बरसात की पहली बारिश में ही रांची की जो स्थिति हुई वह पूरे राज्य ने देखा।

आज भी रांची के कई मोहल्ले में पानी जमा है। सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं। हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। नागरिकों को नगर निकाय क्षेत्र के नाम पर कोई



सुविधा मयस्सर नहीं करायी जा रही है। चीजों में सुधार की बजाय सिर्फ वसूली पर ध्यान देना जनता का शोषण है। अविलंब शासन-प्रशासन बिजली सरचार्ज के इस प्रस्ताव को वापस ले। जनहित के कार्यों पर ध्यान लगाये। सीपी सिंह ने कहा कि पाइप लगाने और सिवरेज-ड्रेनज के नाम पर सड़क को बर्बाद कर दिया गया है। विधानसभा में सवाल उठाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती है। नवीन जायसवाल ने कहा कि वर्षों से रातू रोड के लोग जाम से जूझ रहे थे, नितिन गडकरी के आशीर्वाद से जाम मुक्त रांची और रातू रोड होगा।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** – आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।
- **वृष** – समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।
- **मिथुन** – आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।
- **कर्क** – काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।
- **सिंह** – कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।
- **कन्या** – बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** – कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** – चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** – आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** – नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** – रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** – किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# आदिवासियों की सबसे ज्यादा विरोधी कांग्रेस पार्टी रही है : प्रतुल शाह देव

**जिनका आदिवासियों पर जुल्म करने का इतिहास रहा हो,वे घड़ियाली आंसू बहाना बंद करें**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कांग्रेस पार्टी पर आदिवासी विरोधी होने का आरोप लगाया। प्रतुल ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष समेत तमाम नेता वर्तमान में आदिवासियों के हितों के लिए आंसू बहाने का नाटक कर रहे हैं। जबकि इनका इतिहास आदिवासियों पर अत्याचार से भरा हुआ है।

प्रतुल ने कहा कि सरायकेला खरसावां गोली कांड में हजारों आदिवासियों को गोली मार दिया गया था। गुआ गोली कांड में झारखंड आंदोलनकरियों को थाने के हाजत से बाहर निकालकर गोली मार दी गयी थी। दोनों समय



कांग्रेस की ही सरकार प्रदेश में थी। मामले को रफा-दफा कर दिया गया। प्रतुल ने कहा कि झारखंड आंदोलन की सबसे बड़ी विरोधी कांग्रेस पार्टी ही रही थी। आंदोलनकारियों पर जुल्म ढाया गया था। कांग्रेस ने आजादी के बाद से इस मांग को लंबे समय तक लटका कर रखा। आवश्यकता पड़ने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के सांसदों को खरीद भी लिया लेकिन अलग राज्य नहीं दिया था।

**देश की प्रथम आदिवासी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ कांग्रेस ने वोट किया था**

प्रतुल शाहदेव ने कहा कि जब देश को पहली बार एक आदिवासी राष्ट्रपति मिलने वाली थीं तो कांग्रेस ने पूरे देश में द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ वोटिंग की थी। कांग्रेस ने अपने अधिकांश सहयोगी दलों से भी द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ वोट दिलाया था। उस समय इनका आदिवासी प्रेम गायब हो गया था। ये घटना इनका आदिवासियों के प्रति असली सच को उजागर करता है। प्रतुल ने कहा कि आदिवासियों के नाम पर आज घड़ियाली आंसू बहने वाली कांग्रेस का पूरा इतिहास आदिवासियों पर जुल्म से भरा हुआ है। इस पाप को वह कितना भी धोने की कोशिश करें, वह नहीं धुलने वाला है क्योंकि दाग बहुत काले हैं।

# यूनिसेफ के कार्यों की समीक्षा का सिस्टम बनायें : मुख्य सचिव

**झारखंड के सतत विकास लक्ष्य को लेकर यूनिसेफ के कार्यों की समीक्षा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के सतत विकास लक्ष्य की उपलब्धि को लेकर मंगलवार को यूनिसेफ के कार्यों की समीक्षा मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में की गयी। मुख्य सचिव ने यूनिसेफ को सभी संबंधित विभागों के साथ निरंतर समन्वय पर बल देते हुए निर्देश दिया कि वे अपने कार्यों की लगातार समीक्षा का सिस्टम बनायें। उन्होंने कहा कि यूनिसेफ झारखंड के सतत विकास को लेकर जो कार्य कर रहा है, वैसे ही कार्य व्यापक पैमाने पर राज्य सरकार भी कर रही है। इस स्थिति में एक दूसरे के डाटा राज्य के सतत विकास में काफी उपयोगी हो सकते हैं। इसके लिए विभागों के साथ पाक्षिक बैठक करने का निर्देश दिया।




मुख्य सचिव ने कहा कि इन बैठकों में यूनिसेफ फील्ड के अपने कार्यों, अनुभव और सुझावों को साझा करे और यह देखे कि बच्चों को लेकर सरकार की योजनाओं के साथ कैसे बेहतर तालमेल के साथ काम किया जा सकता है। योजनाओं की निगरानी और उसके फलाफल पर फोकस पर भी उन्होंने बल दिया। उन्होंने यूनिसेफ से कहा कि वे सामाजिक प्रक्षेत्र में अन्य राज्यों में जो बेहतर कार्य हो रहे हैं, उनका अध्ययन, विश्लेषण करें और उसका क्रियान्वयन झारखंड में कैसे किया जा सकता है, इसका ब्लू प्रिंट बनायें। उन्होंने योजना विभाग के साथ एक पोर्टल पर डाटा साझा करने का निर्देश दिया, ताकि डाटा मिस मैच नहीं हो।

मुख्य सचिव ने पोषण से जुड़ी समस्याओं पर फोकस करने के साथ हाशिए पर खड़े लोगों के सतत विकास पर फोकस करने को कहा।

मुख्य सचिव ने हाथ की सफाई को लेकर जागरूकता पैदा करने के लिए यूनिसेफ की प्रशंसा करते हुए कहा कि पोषण के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा आदि के क्षेत्र में भी संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर लोगों को जागरूक और सक्षम बनायें। उसके पहले यूनिसेफ ने झारखंड में बच्चों को लेकर किये जा रहे कार्यों और उपलब्धियों को लेकर प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी।

समीक्षा बैठक में सचिव मस्त राम मीणा, मनोज कुमार, मुकेश कुमार, उमाशंकर सिंह, नेहा अरोड़ा और यूनिसेफ की झारखंड प्रमुख कानिनिका मित्रा और उनके सहयोगी उपस्थित थे।

# चाइबासा में नक्सलियों के खिलाफ अभियान में सुरक्षाबलों को मिली बड़ी सफलता, 18 हजार डेटोनेटर किया बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम।** चाइबासा के टोंटो थाना क्षेत्र के डुसिपी जंगल और पहाड़ी क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। चाइबासा एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सुरक्षाबलों ने अभियान चलाकर नक्सलियों द्वारा छुपाकर रखा गया गोला बारूद बरामद किया। चाइबासा पुलिस, सीआरपीएफ 60-बीएन और झारखंड जगुआर ने संयुक्त अभियान चलाकर टोंटो थाना क्षेत्र के हुसिपनी जंगल से 18 हजार डेटोनेटर बरामद किया और सुरक्षा की दृष्टिकोण से उसे वहीं नष्ट कर दिया। प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के शीर्ष कमांडर मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछू, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन, पिंटू लोहरा, चंदन लोहरा, अमित हांसदा उर्फ अपटन, जयकांत, रापा मुंडा एवं अन्य नक्सली अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र के सारंडा में विध्वंसक गतिविधियों के लिए लगातार भ्रमणशील हैं, जिसको लेकर सीआरपीएफ, झारखंड पुलिस कोबरा और झारखंड जगुआर लगातार संयुक्त अभियान चला रही है।



# सावन माह की शुरुआत 11 जुलाई से

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भगवान भोलेनाथ के प्रिय माह सावन की शुरुआत 11 जुलाई से हो रही है। 10 जुलाई आषाढ़ पूर्णिमा और 11 जुलाई से श्रावण कृष्ण प्रतिपदा माह में गुरु आदित्य योग के शुभ संयोग में शिव आराधना की शुरूआत होगी। इस बार सावन में चार सोमवार का संयोग बन रहा है। 9 अगस्त को स्नानदान की पूर्णिमा और रक्षाबंधन के साथ इस पावन माह का समापन आयुष्मान और सौभाग्य योग के साथ होगा।

इस संबंध में मंगलवार को पंडित रामदेव पांडेय ने बताया कि सावन 11 जुलाई से शुरू हो रहा है। इस बार सावन में 4 सोमवारी पड़ रही है। प्रथम सावन सोमवार व्रत 14 जुलाई, दूसरा 21 जुलाई,



तीसरा 28 जुलाई और चौथा सावन सोमवार व्रत 4 अगस्त को है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष सावन माह में दुर्लभ संयोग बन रहा है। सावन माह के दौरान सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग, शिव योग जैसे शुभ योगों का संयोग बन रहे हैं। इस साल कुल 4 सावन सोमवार पड़ रहे हैं। सावन के महीने में हर दिन विशेष रूप से सावन सोमवार के दिन भगवान शिव की पूजा-उपासना करने से जीवन में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। इस माह में कुछ खास व्रत भी किया जाता है। इसमें हरियाली अमावस्या, हरियाली तीज, नाग पंचमी, कामिका एकादशी, सावन पुत्रदा एकादशी, रक्षाबंधन, श्रावण पूर्णिमा है। उन्होंने बताया कि श्रावण के महीने में भगवान शंकर की विशेष रूप से पूजा की जाती है। इस दौरान पूजन की शुरूआत महादेव के अभिषेक के साथ की जाती है। अभिषेक में महादेव को जल, दूध, दही, घी, शक्कर, शहद, गंगाजल, गन्ना रस से स्नान कराया जाता है। अभिषेक के बाद बेलपत्र, समीपत्र, दूब, कुशा, कमल, नीलकमल, ऑक मदार, जंवाफूल कनेर, राई फूल से शिवजी को प्रसन्न किया जाता है। इसके साथ ही भोग के रूप में धतूरा, भांग और श्रीफल महादेव को चढ़ाया जाता है।







# कोल इंडिया और हिंदुस्तान कॉपर ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कोल इंडिया लिमिटेड ने तांबा और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्रों में अवसरों की संयुक्त रूप से खोज और विकास के लिए हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। इस समझौता ज्ञापन पर कोल इंडिया के महाप्रबंधक (बीडी) सीएस सिंह और हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के महाप्रबंधक (खान) बिनोद कुमार गुप्ता ने कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद, निदेशक (विपणन और व्यवसाय विकास) मुकेश चौधरी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किये। यह सहयोग आत्मनिर्भरता की दिशा में एक रणनीतिक कदम है और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के तहत भारत के खनिज भविष्य को सुरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

# झारखंड हिंदी साहित्य संस्कृति मंच का पावस ऋतु साहित्य गोष्ठी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में झारखंड हिंदी साहित्य संस्कृति मंच के तत्वाधान में पावस ऋतु साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन वाइबीएन पब्लिक स्कूल धुर्वा रांची में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रो जेबी पांडेय और रामजी यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच उपाध्यक्ष निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम का आरंभ मंच सचिव विनोद सिंह गहरवार के स्वागत उद्बोधन से और सुनीता कुमारी की सरस्वती वंदना से हुआ। प्रो जेबी पांडेय ने महाकवि घाघ की कविताओं से पावस ऋतु के सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभाव को दर्शाया। रामजी यादव ने समाज को शिक्षित करने के लिए स्वसमर्पण की बात की और आगे भी ऐसे भव्य कार्यक्रम को अपना संरक्षण देने की सहर्ष स्वीकृति दी। कार्यक्रम में निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव, बिनोद सिंह गहरवार, ममता मनीष सिन्हा, कृष्णा विश्वकर्मा बादल, सुरिंदर कौर नीलम, रश्मि सिन्हा, राज रामगढ़ी, ऋतुराज वर्षा, असित कुमार, गीता चौबे गूंज, कामेश्वर सिंह कामेश, सुनीता श्रीवास्तव जागृति, सुनीता कुमारी आदि प्रमुख रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन मंच संयोजक ममता मनीष सिन्हा के द्वारा किया गया और धन्यवाद ज्ञापन मंच कोषाध्यक्ष विश्वकर्मा बादल द्वारा किया गया।

# नेशनल डॉक्टर्स डे पर सम्मान समारोह का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। रांची के रातू प्रखंड के बिजुलिया गांव में वनवासी कल्याण केंद्र महिला अनुसूचित जनजाति के जिला अध्यक्ष सुमन मिश्रा के नेतृत्व में नेशनल डॉक्टर्स डे एवं चिकित्सकों और स्वास्थ्य सेवा कर्मियों को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ एसएन मिश्रा ने कहा कि देश में डॉक्टर्स डे प्रथम बार 1991 में मनाया गया था और यह बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बीसी रॉय के सम्मान में मनाने का फैसला लिया गया है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी चिकित्सकों और स्वास्थ्य सेवा कर्मियों को सम्मानित किया गया। डॉ मृदुला सौरभ ने कहा कि समाज का सेवा करने का अवसर हमें अपना ऋण चुकाने का मौका देता है। डॉ शुभम कुमार ने सभी मित्रों को हार्दिक अभिनंदन करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में भाजपा वरिष्ठ नेता रामकुमार दुबे, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जसीम अंसारी, कामेश्वर महतो और सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे। सुमन मिश्रा ने डॉक्टर के अमूल्य योगदान को दिल से नमन करते हुए कहा कि कोरोना काल में शहरी एवं ग्रामीण चिकित्सकों की जो भूमिका रही है वह किसी से छिपी नहीं है। मंच का संचालन व्रजेश शर्मा ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन ममता चौहान ने किया। इस अवसर पर रातू चेंबर ऑफ कॉमर्स उपाध्यक्ष अनुराग हर्ष दुबे, उप मुखिया मनौवर अंसारी, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता आसिफ अंसारी और अन्य लोग उपस्थित थे।

# मुहर्रम : सोशल मीडिया पर नजर ड्रोन से होगी निगरानी : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में समाहरणालय में मुहर्रम को लेकर मंगलवार को केंद्रीय शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न मुहर्रम कमिटि, विभिन्न अखाड़ा और शांति समिति के प्रतिनिधियों ने बारी-बारी से मुहर्रम के मद्देनजर बेहतर व्यवस्था को लेकर अपनी-अपनी बातें रखी। बैठक में साफ-सफाई, सुरक्षा, जुलूस निकाले जाने के समय, रुट, लाइटिंग, एंबुलेंस, अखाड़ों के लाइसेंस जारी करने पर सुझाव देते हुए प्रतिनिधियों ने सांप्रदायिक सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की बात कही।

मौके पर उपायुक्त ने कहा कि साफ-सफाई, सुरक्षा, जुलूस निकाले जाने के समय, रुट, लाइटिंग, एंबुलेंस, अखाड़ों के लाइसेंस निर्गत करने पर सेन्ट्रल मोहर्रम कमेटी और विभिन्न अखाड़ा समितियों की ओर से जो सुझाव दिये गये हैं, उस पर ध्यान देते हुए प्रशासन की ओर से बेहतर से बेहतर व्यवस्था प्रदान करने का प्रयास किया जायेगा।

उपायुक्त ने कहा कि मुहर्रम के दौरान सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी जायेगी। उन्होंने शांति समिति के साथ सभी लोगों से आग्रह किया कि अफवाह फैलने की स्थिति में समय पर जानकारी दें ताकि त्वरित नियंत्रण किया जा सके।

## छोटी बात को बड़ा न बनने दें : एसएसपी

बैठक में डीआइजी सह वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि छोटी बात को बड़ा नहीं बनने दें। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में सबसे पहले जानकारी अपने खलीफा को दें। अगर मामला नहीं सुलझता है तो थाना प्रभारी, अंचल अधिकारी और फिर बड़े अधिकारियों को जानकारी दें। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी बातें ही बड़ी बन जाती हैं, प्रयास करें कि मामले को तुरंत सुलझा लिया जाये। उन्होंने कहा कि जुलूस समय पर निकले और समय पर वापस आ जाये इसका ध्यान रखें। एसएसपी ने कहा कि पर्व के दौरान ड्रोन से निगरानी रखी जायेगी। उन्होंने धार्मिक स्थलों पर विशेष सतर्कता बरते जाने की बात कही ताकि असामाजिक तत्व अपने मंसूबे में कामयाब न हो।

बैठक में डीआइजी सह वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण प्रवीण पुष्कर और शहर अजित कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर उत्कर्ष कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी, राजेश्वरनाथ आलोक, पुलिस अधीक्षक यातायात रांची, संबंधित पुलिस पदाधिकारी, सेन्ट्रल मोहर्रम कमिटि, विभिन्न अखाड़ा सहित शांति समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# डॉ बीपी केशरी की जयंती मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय में झारखंड आंदोलन में सांस्कृतिक और भाषाई जागरण के अगुवा डॉ बीपी केशरी की 92वीं जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर डॉ यूएन तिवारी ने कहा कि डॉ बीपी केशरी विराट व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे और झारखंड का इतिहास लिखने वाले पहले व्यक्ति थे। कार्यक्रम में डॉ रामदयाल मुंडा और डॉ बीपी केशरी के प्रयासों को याद किया गया, जिन्होंने 1980 में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग का गठन किया था। इस अवसर पर डॉ मनय मुंडा, डॉ कुमारी शशि, बंधु भगत, डॉ दिनेश कुमार दिनमणि और डॉ सरस्वती गागराई ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर शोधार्थी विक्की मिंज ने नागपुरी कविता बाबा केशरी दिन गुने राउर नागपुरी और श्रीकांत गोप ने टुकुर-टुकुर देखते का पाठ किया। इस अवसर पर डॉ बीपी केशरी के जीवन और कार्यों को याद किया गया और उनके अधूरे सपने को पूरा करने के लिए संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ बीरेंद्र कुमार महतो ने किया और धन्यवाद डॉ रीझू नायक ने दिया। कार्यक्रम में डॉ गीता कुमारी सिंह, शकुंतला बेसरा, डॉ बंदे खलखो, डॉ करम सिंह मुंडा और अन्य शिक्षक, शोधार्थी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# श्री श्याम मित्र मंडल का 160वां श्री सुंदरकांड पाठ हुआ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 160वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। नासे रोग हरे सब पीड़ा जपत निरंतर हनुमत बीरा के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। मनोज अग्रवाल सुनीता अग्रवाल ने परिवार के साथ बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। मनोज अग्रवाल ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत और ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित भक्तजनों से करवाया। भक्तजन श्री हनुमान जी की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ कर-के महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपाध्यक्ष श्रवन ढानढनिया, मनोज अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, उपमंत्री अनिल नारनौली, हर्ष कुमार, कृष्णा अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद थे। उपरुक्त सभी जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

# राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि ने ट्रांसफार्मर हटाने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह ने विद्युत कार्यपालक अभियंता, टाटीसिलवे, कुसई, रांची पत्र लिखकर देवी मंडप, बरगांवा, नामकुम नामकुम स्थित श्री शिवेश्वर संकट मोचन हनुमान मंदिर के बगल में लगे ट्रांसफार्मर को अन्यत्र स्थापित करने का अनुरोध किया। उन्होंने लिखा है कि ट्रांसफार्मर बिल्कुल मंदिर से सटा हुआ है। कभी भी मंदिर के रेलिंग, खिड़की, दरवाजा में करेंट भी आ जाता है। जिससे दुर्घटना का डर बना रहता है। ट्रांसफार्मर की स्थिति भी अच्छी नहीं है, उसके केबल, तार सभी उलझे हुए हैं। बरसात में दुर्घटना की संभावना ज्यादा बढ़ गयी है। आने वाले सावन के महीने में विशेष भीड़ लगी रहती है। इसलिए अनुरोध है कि ट्रांसफार्मर को मंदिर स्थल से थोड़ी दूर पर लगाने की कृपा की जाये, ताकि दुर्घटना की सम्भावना से लोगों को बचाया जा सके।

# आरडीसीआइएस सेल ने प्रतिष्ठित एनएबीएल मान्यता प्राप्त की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के आयरन एंड स्टील के लिए अनुसंधान एवं विकास केंद्र (आरडीसीआइएस) को सोमवार को रांची में अपनी परीक्षण सुविधाओं के लिए एनएबीएल मान्यता प्रदान की गयी।

परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशालाओं के लिये राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) ने आइएसओ/आइइसी 17025:2017 के अनुसार यह मान्यता प्रदान की, जो परीक्षण और कैलीब्रेशन प्रयोगशालाओं की क्षमता के लिए सामान्य आवश्यकताओं को रेखांकित करता है। विशेष रूप से आरडीसीआइएस ने बिना किसी बाहरी सलाहकार को शामिल किये पूरी तरह से आंतरिक प्रयासों के माध्यम से यह उपलब्धि हासिल की है। यह आरडीसीआइएस के लिए अपनी स्थापना के बाद से पहली एनएबीएल मान्यता है, जो गुणवत्ता आश्वासन और तकनीकी क्षमता में एक महत्वपूर्ण छलांग को रेखांकित करता है।

इस उपलब्धि के लिए एनएबीएल द्वारा नियुक्त मूल्यांकनकर्ताओं ने फरवरी 2025 में एक पूर्व-मूल्यांकन किया। इसके बाद मई 2025 में मुख्य मूल्यांकन किया गया। इस पहल का नेतृत्व आरडीसीआइएस के कार्यकारी निदेशक संदीप कुमार कर ने किया। उन्होंने पिछले साल इस विचार की कल्पना की थी। इसकी प्रगति की बारीकी से निगरानी की थी। 29 जून 2029 तक वैध यह मान्यता न केवल धातुकर्म परीक्षण और नवाचार में उत्कृष्टता के लिये आरडीसीआइएस की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है, बल्कि इसके शोध प्रयासों की विश्वसनीयता और उद्योग-व्यापी स्वीकृति को भी आगे बढ़ायेगी। इस मान्यता से राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर लौह क्षेत्र में आरडीसीआइएस के योगदान के प्रभाव में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### डॉ अभय कृष्ण सिंह डीएसपीएमयू रांची के भूगोल विभागाध्यक्ष (प्रभारी) के रूप में नियुक्त हुए



रांची (आजाद सिपाही)। डॉ अभय कृष्ण सिंह, सहायक प्रोफेसर, विश्वविद्यालय भूगोल विभाग, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची को 02 (दो) वर्षों की अवधि के लिए विश्वविद्यालय भूगोल विभाग, डीएसपीएमयू, रांची के विभागाध्यक्ष (प्रभारी) के रूप में नियुक्त किया है। डॉ अभय कृष्ण सिंह तत्काल प्रभाव से निवर्तमान विभागाध्यक्ष, डॉ सर्वोत्तम कुमार से विश्वविद्यालय भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष (प्रभारी) का कार्यभार ग्रहण करेंगे। इस संबंध में कुलपति के आदेश पर सहायक कुलसचिव ने मंगलवार को पत्र जारी किया।

### वित्तीय समावेशन सह जागरूकता अभियान



खूंटी (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक जमहार शाखा द्वारा वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस ) नयी दिल्ली के निदेर्शानुसार और अग्रणी जिला प्रबंधक खूंटी के मार्गदर्शन में वित्तीय समावेशन सह ग्राहक जागरूकता कैंप का आयोजन ग्राम डेहकेला पंचायत भवन में किया गया। इस कैंप में बैंक के शाखा प्रबंधक प्रशांत कुमार ने ग्रामीणों को विभिन्न वित्तीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी और उन्हें इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रशांत कुमार ने ग्रामीणों से निष्क्रिय जन-धन खाता का पुनः केवाइसी कराने, नये जन-धन खाता खोलने, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई ), सुरक्षा बीमा योजना (एसबीवाई) और अटल पेंशन योजना (एपीवाइ) से आध्यदित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बैंक के द्वारा डिजिटल खाता, एटीएम, मोबाइल बैंकिंग, व्हाट्सअप बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग इत्यादि की सुविधा निःशुल्क प्रदान की जाती है, जिसका लाभ प्रत्येक व्यक्ति को लेना चाहिये। इस मौके पर अग्रणी जिला प्रबंधक ऋषिकेश कुमार, शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया गोविंदपुर विक्रम प्रकाश झा, मुखिया ग्लोरिया लुगुन, बैंक सखी नीलम देवी, शेरमाली खान, एवं सैकड़ों ग्रामीण महिला-पुरुष मोजूद थे।

### शिविर में 81 यूनिट रक्त संग्रह हुआ



रांची (आजाद सिपाही)। रोटरी क्लब ऑफ रांची, एनएसएस यूनिट और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। डीएसपीएमयू कैंटीन परिसर, मोरहाबादी में आयोजित इस शिविर में कुल 81 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर का उद्घाटन क्लब के वरिष्ठ पूर्व अध्यक्ष भंडारी लाल एवं पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अनिल सिंह ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में शिक्षकों के लिए विशेष हेल्थ चेकअप कैंप भी लगाया गया, जिसमें ब्लड प्रेशर, शुगर जांच और डॉक्टरों की सलाह दी गई। शिविर में छात्रों और शिक्षकों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। शिविर की सफलता में क्लब के नये अध्यक्ष अमित अग्रवाल, सचिव डॉ भावना तनेजा सहित कई सदस्यों और एनएसएस छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भूमिका निभायी।

### डोरंडा महाविद्यालय में डॉ बीपी केसरी की जयंती मनी



रांची (आजाद सिपाही)। डोरंडा महाविद्यालय नागपुरी भाषा विभाग में डॉ बीपी केसरी जयंती कार्यक्रम आयोजित की गयी इसके मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ केसरी ने नागपुरी जगत के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी कृति आने वाले पीढ़ी को प्रेरित और पथ प्रदर्शित करते रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो कंचन मुंडा और संचालन डॉ आलम आरा ने किया। इस अवसर पर डॉ युगेश महतो सहित महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### बिड़ला हनुमान मंदिर में दिशोम गुरु शिबू सोरेन के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की



रांची (आजाद सिपाही)। रांची के बरियातू जोड़तालाब स्थित बिड़ला हनुमान मंदिर में मंगलवार को दिशोम गुरु शिबू सोरेन के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना से हवन और महाप्रसाद खीर का वितरण किया गया। पूजा कार्यक्रम के मुख्य आयोजक दयानंद सिंह के नेतृत्व में मुख्य पुजारी आचार्य सच्चिदानंद पांडेय आशुतोष और अजय मिश्रा ने संपन्न कराया। इस अवसर पर दयानंद सिंह ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन के जल्द स्वस्थ होने से पूरे झारखंड में खुशी की लहर दौड़ उठेगी। इसलिए उनके स्वास्थ्य लाभ के लिए पूजा-अर्चना और प्रार्थना की जा रही है। इस मौके पर मुख्य ट्रस्टी डीएन सिंह, संजीत सिंह, कोषाध्यक्ष, उदय भानु सिंह, मनजीत सिंह, विजेंद्र सिंह, जयप्रकाश साहू सहित सैकड़ों महिलाएं और स्थानीय लोग मौजूद थे।

### भगत सिंह समिति ने गौ माता को पहनाया रेडियम बेल्ट



रांची (आजाद सिपाही)। भगत सिंह समिति के सभी सदस्यों द्वारा रांची जिला में विभिन्न क्षेत्रों में रेडियम बेल्ट गौ माता को पहनाया गया। इस पहल का उद्देश्य रात्रि के समय दुर्घटना या किसी भी प्रकार के एक्सीडेंट से बचना है, जो अक्सर अंधेरे के कारण होते हैं। भगत सिंह पूजा समिति के अध्यक्ष आर्यन मेहता और उनके सभी साथियों ने निर्णय लिया है कि वह राज्य और रांची के सभी क्षेत्रों में जाकर गौ माता की सेवा और उनके गले में रेडियम बेल्ट पहनने का कार्य करेंगे। रात्रि में उन्होंने पूरे क्षेत्र में भ्रमण कर 100 गौ माता को रेडियम बेल्ट पहनाया और उनके लिए भोजन प्रबंध कराया। इस मौके पर उनके साथ विशाल साहू, मिकी वर्मा, निलेश कुमार, आर्यन गुप्ता, लकी वर्मा, सनी चौरसिया, हर्ष बरनवाल, रोहित बरनवाल, अंश वर्मा, अंकित सिंह उपस्थित थे।






पेज 1 का शेष

## डिजिटल इंडिया का एक दशक...

**डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर-भारत का वैश्विक योगदान :** भारत का डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर (डीपीआइ)- जैसे आधार, कोविन, डिजिलॉकर, फास्टैग, पीएम-वाणी, और वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन को अब वैश्विक स्तर पर पढ़ा और अपनाया जा रहा है। कोविन ने दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान को सक्षम किया, जिससे 220 करोड़ क्यूआर-सत्यापित सर्टिफिकेट जारी हुए। डीजी लॉकर, जिसके 54 करोड़ उपयोगकर्ता हैं, 775 करोड़ से अधिक दस्तावेजों को सुरक्षित और निर्बाध तरीके से होस्ट कर रहा है। भारत ने अपनी जी20 अध्यक्षता के दौरान ग्लोबल डीपीआइ रिपॉजिटरी और S25 मिलियन का सोशल इम्पैक्ट फंड लांच किया, जिससे अफ्रीका और दक्षिण एशिया के देश समावेशी डिजिटल इकोसिस्टम अपना सकें।

**स्टार्टअप पॉवर और आत्मनिर्भर भारत :** भारत अब विश्व के शीर्ष 3 स्टार्टअप इकोसिस्टम में शामिल है, जिसमें 1.8 लाख से अधिक स्टार्टअप हैं। लेकिन यह सिर्फ एक स्टार्टअप आंदोलन नहीं है, यह एक टेक्नोलॉजी पुनर्जागरण है। भारत में युवाओं के बीच अक स्किल्स और अक टैलेंट के मामले में बड़ी प्रगति हो रही है। S1.2 बिलियन इंडिया अक मिशन के तहत भारत ने 34,000 जीपीयू की पहुंच ऐसे मूल्य पर सुनिश्चित की है जो वैश्विक स्तर पर सबसे कम है- S1 से भी कम प्रति जीपीयू घंटा। इससे भारत न केवल सबसे सस्ता इंटरनेट इकोनॉमी, बल्कि सबसे किफायती कंप्यूटिंग हब बन गया है। भारत ने मानवता-पहले एआइ की वकालत की है। नयी दिल्ली डिक्लेरेशन ऑन एआइ जिम्मेदारी के साथ नवाचार को बढ़ावा देता है। देशभर में अक सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किये जा रहे हैं।

**आगे का रास्ता :** अगला दशक और भी अधिक परिवर्तनकारी होगा। हम डिजिटल गवर्नेंस से आगे बढ़कर वैश्विक डिजिटल नेतृत्व की ओर बढ़ रहे हैं- इंडिया फर्स्ट से इंडिया फॉर द वर्ल्ड तक। डिजिटल इंडिया अब केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं रहा, यह जनआंदोलन बन चुका है। यह आत्मनिर्भर भारत के केंद्र में है, और भारत को एक विश्वसनीय नवाचार साझेदार बना रहा है। सभी इनोवेटर्स, एंटरप्रेन्योर्स, और ड्रीमर्स से दुनिया अगली डिजिटल क्रांति के लिए भारत की ओर देख रही है। आइये हम वह बनाएं जो सशक्त बनाता है। आइये हम ऐसे हल निकालें जो वास्तव में मायने रखता है। आइये हम उस तकनीक के साथ नेतृत्व करें जो यूनाइट, इंक्लूड और अपलफ्ट करती है।

# सरला बिरला स्कूल में स्टेम डीएलडी कार्यशाला

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची द्वारा रांची सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स के अंतर्गत एक दिवसीय जिला स्तरीय वर्कशॉप का आयोजन स्टेम शिक्षा पर किया गया। इस वर्कशॉप के मुख्य फोकस क्षेत्र थे - पीयर लर्निंग, नॉलेज शेयरिंग, थॉट लीडरशिप, रिफ्लेक्शन आदि। वर्कशॉप के की-नोट स्पीकर सरला बिरला यूनिवर्सिटी, रांची के वाइस चांसलर प्रोफेसर सी जेगनाथन थे, जिन्होंने स्टेम शिक्षा को समय की आवश्यकता बताया। डॉ पंकज कुमार गोस्वामी, डीन, इंजीनियरिंग, सरला बिरला यूनिवर्सिटी, रांची, हरजाप सिंह, प्रिंसिपल, श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल, रामगढ़ कैंट, हजारीबाग और परमिता साहा, प्रिंसिपल, लोयोला कॉन्वेंट स्कूल, रांची इस वर्कशॉप के अनुमोदन समिति के सदस्य थे। वर्कशॉप में रांची के विभिन्न स्कूलों से कुल 10 प्रेजेंटर शामिल हुए। उन्होंने जेंडर पैरिटी इन स्टेम एजुकेशन, सपोर्टिव स्टेम एनवायरनमेंट, क्रिएटिंग अ स्टेम लिटरेट सोसाइटी आदि विषयों पर प्रेजेंटेशन दिये। यह वर्कशॉप इस बात की प्रदर्शनी रही कि विभिन्न स्कूलों ने स्टेम की सब-थीम्स को अपनाकर किस प्रकार भिन्न और इनोवेटिव तरीके से काम किया। विभिन्न स्कूलों के टीचर्स द्वारा स्टेम आधारित टॉपिक्स पर हुई यह चर्चा, प्रोफेशनल डेवलपमेंट, कोलैबोरेशन और स्कूलों में स्टेम एजुकेशन के प्रभावी रूप से समाहित किये जाने के लिए बेहद जरूरी है। टीचर्स की यह वर्कशॉप एक ऐसा प्लेटफॉर्म प्रदान करती है, जहाँ बेस्ट-प्रैक्टिसेज पर चर्चा की जाती है, इनसाइट्स शेयर किए जाते हैं और स्टेम विषय पढ़ाने में आने वाली चुनौतियों पर बात होती है।

विद्यालय की प्राचार्या परमजीत कौर ने अपने भाषण में स्टेम एजुकेशन के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने एजुकेटर्स से आग्रह किया कि वे इनोवेटिव अप्रोच अपनायें, ताकि स्टेम एजुकेशन के उद्देश्यों को वे अपनी रेगुलर टीचिंग में समाहित कर सकें।

## अर्पिता महिला मंडल का स्वच्छता पखवाड़ा शुरू




रांची (आजाद सिपाही)। अर्पिता महिला मंडल द्वारा अध्यक्ष प्रीति सिंह के कुशल नेतृत्व और निदेशक के मार्गदर्शन में स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। जवाहर नगर कॉलोनी में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसमें क्लब परिसर और आसपास के क्षेत्रों की सफाई की गयी। कार्यक्रम के दौरान कॉलोनी में कार्यरत श्रमिकों में उपयोगी सामग्री वितरित की गयी। इनमें छाते, पानी की बोतलें और पौष्टिक भोजन के पैकेट शामिल थे।

# एसबीयू में एक्सपर्ट टॉक का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में मंगलवार को 'फ्रॉम इनोवेशन तो ऑनरशिप : अंडरस्टैंडिंग इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स' विषय पर एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया। इसमें बोलते हुए भारत सरकार के पेटेंट डिजाइन और ट्रेडमार्क के नियंत्रक जनरल के साथ पंजीकृत पेटेंट एजेंट देव प्रिया ने इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स (आईपीआर) के अकादमिक जगत में उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इसके प्रकार, कॉपी राइट, प्लांट वैरायटी प्रोटेक्शन, ले आउट डिजाइनिंग एवं इंटीग्रेटेड ज्योग्राफिकल इंडिकेशन के विषय में भी बताया। साथ ही पेटेंट फाइल करने के तौर तरीकों और समयावधि के बारे में उपस्थित श्रोताओं को जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसबीयू के माननीय महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, कुलपति प्रो सी जगनाथन समेत विवि के अन्यान्य शिक्षक सम्मिलित हुए। सरला बिरला विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने इस कार्यक्रम के आयोजन पर हर्ष व्यक्त किया है।

## झारखंड शिक्षा परियोजना के 184 नये व्यावसायिक प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड शिक्षा परियोजना के निदेर्शानुसर आईसेक्ट कंपनी के द्वारा नियुक्त किये गये 184 नये व्यावसायिक प्रशिक्षकों का ट्रेड (आटी/आटीएस) छह दिवसीय मंगलवार से शुरूआत हुआ। आवासीय प्रशिक्षण आईसेक्ट मेगा स्किल हजारीबाग में कराया जा रहा है। इसका उद्देश्य व्यावसायिक प्रशिक्षकों को कौशल विकाश पाठ्क्रम डिजाइन करना, क्षमता निर्माण, गुणवत्ता बढ़ाना और नेतृत्व का निर्माण करना है। ताकि व्यावसायिक प्रशिक्षक भी अपने कार्यक्षेत्र में जाकर बच्चे को शिक्षा के विकास में आपने योगदान दे सके। इससे विद्यालय और राज्य का नाम रोशन हो। कार्यक्रम में कंपनी के स्टेट हेड अनूप श्रीवास्तव, धीरज उपाध्याय, अजय मंडल, बसंत कुमार, विजय कुमार, सनी कुमार मौजूद रहे।


पूर्व मध्य रेल

शुद्धिपत्र

ई.निविदा सूचना निम्न कार्य हेतु शुद्धिपत्र 01

**क्र.सं. 1, ई. निविदा सं० पूमरे–मुप्रअ–नि–द–पीएसएस–02–25–26 दो पैकेट सिस्टम, कार्य का नाम :** सीएओ/सी/दक्षिण के अधिकार क्षेत्र के तहत गैर–ईपीसी अनुबंध के माध्यम से निष्पादित विभिन्न निर्माण स्थलों/वर्गों पर परियोजना पर्यवेक्षण सेवाएं (पीएसएस) प्रदान करना। प्रशासनिक कारणों से निम्नलिखित में संशोधन किया गया है। **निविदा बंद होने की परिवर्तित तिथि एवं समय :** 16.07.2025 12.00 बजे के जगह पर 30.07.2025 को 12.00 बजे होगा। ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/ कुरियर/ फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : **http//www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **द्रष्टव्य :** निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण/महेन्द्रूघाट, पटना**
**पीआर/513/सीओएन–एमएचएक्स/सीओएनएसटी/सी/25–26/36**


## टेंडर हार्ट के विद्यार्थियों ने डॉक्टर्स डे पर डॉक्टर्स का किया भावपूर्ण सम्मान



रांची (आजाद सिपाही)। टेंडर हार्ट स्कूल के विद्यार्थियों ने डॉक्टर्स डे के अवसर पर एक प्रेरणादायक पहल करते हुए देवनिका हॉस्पिटल का भ्रमण किया और वहां डॉक्टर्स व स्टाफ को उनके अतुलनीय योगदान के लिए सम्मानित किया। मौके पर विद्यार्थियों ने हॉस्पिटल के सभी विभागों का भ्रमण किया और इमरजेंसी से लेकर ऑपरेशन थिएटर तक की कार्यप्रणाली को करीब से जाना। टेंडर हार्ट स्कूल के चेयरमैन सुधीर तिवारी ने कहा कि डॉक्टर्स इस युग के सच्चे नायक हैं। प्राचार्या उषा किरण, निदेशक जे मोहंती, उप प्राचार्या शिवांगी शुक्ला एवं जूनियर उप प्राचार्या कविता किरण झा समेत शिक्षक-शिक्षिकाओं ने डॉक्टर्स डे की शुभकामनाएं दीं।

## सीएमपीडीआइ ने स्वच्छता पखवाड़ा संपन्न




रांची (आजाद सिपाही)। सीएमपीडीआइ अपने मुख्यालय एवं क्षेत्रीय संस्थानों में स्वच्छता योद्धाओं को स्वच्छता पखवाड़ा के समापन समारोह में सम्मानित किया। संस्थान के निदेशक शंकर नागाचारी ने सफाई कर्मचारियों को उनकी सेवाओं के लिए सराहना के प्रतीक के रूप में उपहार देकर सम्मानित किया। श्री नागाचारी ने स्वच्छता पर जोर देते हुए कहा कि स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन में अपनाना महात्मा गांधी जी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने की कुंजी है।

## समग्र विकास को लेकर भाषण प्रतियोगिता




रांची (आजाद सिपाही)। स्थानीय बुकरू स्थित शारदा ग्लोबल स्कूल में सोमवार को भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इसमें कक्षा नवीं एवं दसवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय प्रशाला में विद्यालय प्रबंधन के डायरेक्टर दीपक बंका, डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप एवं प्राचार्या जसमीत कौर उपस्थित थीं। सभी सफल प्रतिभागियों में क्रमशः दीया कासून्द्रा (प्रथम), संचारी सरकार एवं अफसान रिदा सिद्दिकी ने संयुक्त रूप से द्वितीय तथा सृष्टि रॉय एवं जैनव जिया ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या जसमीत कौर ने कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए सभी सफल प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रदान की।

## विद्या विकास पब्लिक स्कूल के छात्रों का शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण



रांची (आजाद सिपाही)। वाणिज्य संकाय के छात्रों के लिए ₹स्टाइलेक्स परिधान प्राइवेट लिमिटेड₹ के शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने विभिन्न प्रक्रियाओं को प्रत्यक्ष रूप से देखा और समझा। छात्रों ने अधिकारियों से प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। विद्यालय की प्राचार्या जया प्रसाद ने इस अवसर पर कहा कि कॉमर्स छात्रों के लिए औद्योगिक भ्रमण उनके करियर की समझ को गहराई देता है और उन्हें व्यावसायिक दुनिया की वास्तविकताओं से परिचित कराता है।

## भोगनाडीह की घटना को लेकर भाजपा उतरी सड़क पर, सरकार का पुतला फूंका




रांची (आजाद सिपाही)। हूल दिवस पर भोगनाडीह में सिदो-कान्हू के परिजनों एवं ग्रामवासियों को स्थानीय प्रशासन द्वारा पूजा करने से रोकने एवं उनपर लाठी चार्ज एवं आंसू गैस के गोले छोड़े जाने के विरोध में मंगलवार को भाजपा, रांची महानगर जिला द्वारा महानगर अध्यक्ष वरुण साहू के नेतृत्व में अल्बर्ट एक्का चौक पर हेमंत सोरेन का पुतला फूंका गया। मौके पर महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने कहा कि शहीदों के परिजनों का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी। पुतला दहन में पार्टी के पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, अशोक बड़ाइक, मनोज मिश्रा, केके गुप्ता, सुबोध सिंह गुड्डू, सीमा शर्मा, बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, राजू सिंह, रोशनी खलखो, रवि मुंडा, नकुल तिर्की,रोमित सिंह, पायल सोनी, इंद्रजीत यादव, विशाल साहू, पप्पू जयसवाल, रणधीर सिंह, रामलगन राम, सुजीत शर्मा, सुभाष अग्रवाल, विनोद महतो, प्रदीप लकड़ा, जितेंद्र पटेल, रंजीत शहदेव आदि शामिल रहे।

# बीआइटीटी पॉलिटेक्निक के छात्रों ने तैयार किया हाइड्रोलिक लिफ्ट का कार्यशील मॉडल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बीआइटीटी पॉलिटेक्निक, रांची में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में एक और उल्लेखनीय उपलब्धि जुड़ गयी है। संस्थान के मैकेनिकल ब्रांच (द्वितीय वर्ष) के छात्रों ने हाइड्रोलिक सिस्टम पर आधारित वर्किंग मॉडल ऑफ हाइड्रोलिक लिफ्ट का सफल निर्माण किया है। इस नवाचार छात्रों में विकास कुमार प्रजापति, नयन कुमार गोरेन, कुमार राज, हरिओम, और प्रियांशु कुमार ने सिद्धांत और व्यवहारिक ज्ञान का समन्वय करते हुए एक ऐसा मॉडल तैयार किया है जो कम लागत में उच्च दक्षता के साथ कार्य करता है। यह मॉडल द्रव दाब (हाइड्रोलिक प्रेशर) के सिद्धांत पर आधारित है और इसे औद्योगिक तथा शैक्षणिक दोनों उद्देश्यों के लिए उपयोगी बनाया गया है। इस उपलब्धि पर संस्थान के प्रभारी प्राचार्य कृष्णा कुमार महली ने छात्रों की सराहना करते हुए कहा, यह मॉडल हमारे छात्रों की तकनीकी समझ और नवाचार क्षमता का परिचायक है। इस अवसर पर कॉलेज के वरिष्ठ अधिकारी और शिक्षक बिनय कुमार सिंह (एडिशनल ग्रुप डायरेक्टर), अमित कुमार सिंह (रजिस्ट्रार), राहुल कुमार, दीपक कुमार, महावीर प्रसाद, अमित वशिष्ठ, मनीष कुमार, ज्योति शंकर, एके सिन्हा, सुरेंद्र सिंह, राम ईश्वर राय, नेहा रानी, महावीर प्रसाद महतो, राजीव कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। बीआइटीटी की चेयरपर्सन डॉ वंदना कुमारी एवं बीआइटीजी के चेयरमैन डॉ रंजीत कुमार ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि, बीआइटीटी पॉलिटेक्निक का लक्ष्य छात्रों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर, नवाचार और प्रयोग के माध्यम से व्यावहारिक रूप से दक्ष बनाना है।

# रेलवन ऐप लॉन्च, सभी सेवाओं का एक स्थान पर ही समाधान

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** रेल मंत्रालय लगातार यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए कदम उठा रहा है। नये जनरेशन की ट्रेनों की शुरुआत, स्टेशनों का पुनर्विकास, पुराने डिब्बों को नए एलएचबी कोच में अपग्रेड करना और ऐसे कई अन्य प्रयासों ने पिछले दशक में यात्री अनुभव को बेहतर किया है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को नयी दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में रेल सूचना प्रणाली केंद्र की 40वीं स्थापना दिवस के अवसर पर नया ऐप रेलवन लॉन्च किया। यह ऐप यात्रियों के लिए रेलवे के साथ इंटरफेस को बेहतर बनाने पर केंद्रित है। रेलवन एक समग्र, ऑल-इन-वन मोबाइल एप्लिकेशन है जिसमें एक सहज और उपयोगकर्ता अनुकूल इंटरफेस है। यह ऐप एंड्रॉइड प्ले स्टोर और आईओएस ऐप स्टोर पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध है।

# पारस हॉस्पिटल में धूमधाम से मना डॉक्टर्स डे



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पारस हॉस्पिटल एचईसी में मंगलवार को राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सीनियर डॉक्टरों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। हॉस्पिटल के फैसिलिटी निदेशक डॉ नीतेश कुमार का विशेष स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। उन्होंने पारस हॉस्पिटल एचईसी से दोबारा जुड़ने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पारस हॉस्पिटल एचईसी एक परिवार है, जहां हमसब मिलकर मरीजों के हित का ख्याल रखते हैं। कार्यक्रम में डॉक्टर्स डे के महत्व एवं उनके उद्देश्यों पर भी चर्चा हुई। डॉक्टरों ने मिल कर केक भी काटा और डॉक्टरों एवं कर्मियों को सम्मानित किया गया। पारस हॉस्पिटल एचईसी के मार्केटिंग हेड मानस लाभ ने कहा कि पारस हॉस्पिटल एचईसी में डॉक्टर्स डे मनाया गया।


पूर्व तट रेलवे

ई-निविदा सूचना सं. ETCECONIIBBS 2025025, दिनांक : 24.06.2025

**कार्य का नाम :** तालचेर-बिमलगढ़ BG रेल लिंक परियोजना से संबंधित अनुगुल में उप मुख्य अभियन्ता/ निर्माण /II/ अनुगुल के अधीन कार्यालय भवन, क्वार्टरों का निर्माण, मरम्मत, नवीनीकरण एवं रख-रखाव कार्य तथा अन्य अनुषंगी कार्य।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 152.77 लाख, EMD : ₹ 2,26,400/-, कार्य पूरा होने की अवधि: 12 (बारह) महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक 25.07.2025 को 1200 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

निविदाकारों को निविदाकारों के लिए उद्दिष्ट सभी निर्देशों को सावधानी पूर्वक पढ़ना चाहिए एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा विधिवत सत्यापित और हस्ताक्षरित अनुलग्नक-B जमा करने साथ, निविदा दस्तावेज के चैप्टर 2 के अनुलग्नक-I, निविदा फॉर्म (द्वितीय शीट) की जाँच सूची, पैरा 3.1 (जाँच सूची) सहित सभी निर्देशावली का अनुपालन करना चाहिए।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)/ भुवनेश्वर
PR-47/CI/25-26



AFFIDAVIT



As per Affidavit Sl.No.1110 date 24.06.2025. I, Rinku Devi W/o. Uma Shankar Singh, Aged About 35 Years, By Faith-Hindu, Resident of Vill.-Bariyon P.S.- Chalkusha Dist.-Hazaribagh, Jharkhand do Hereby solemnly Affirm and declare as follows:-
1. That I am know as Rinku Devi and Gudiya Devi
2. That Rinku Devi And Gudiya Devi is the same and one lady.
3. That above statements are true and correct.
I, Rinku Devi do hereby declare that the above statement are true and correct, signed and verified at hazaribagh on 24.05.2025



दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), चक्रधरपुर द्वारा खुली निविदा के प्रतिपक्ष ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **क्रम सं., निविदा सूचना सं. एवं कार्य का नाम** निम्नानुसार हैं: **(1) सीकेपी–सेंट्रल–25–26–17,** एसएसई/वर्क्स/पूर्व/चक्रधरपुर के अधीन 30.06.2027 तक समाप्त अवधि के लिए स्टेशन भवनों, प्लेटफॉर्मों और सर्कुलेटिंग एरिया में जोनल कार्यों/आपूर्ति का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** रु. 1,03,50,000/– **बयाना राशि:** रु.2,01,800/–**(2) सीकेपी–सेंट्रल–25–26–18,** एसएसई/वर्क्स/पश्चिम/चक्रधरपुर के अधीन 30.06.2027 तक समाप्त अवधि के लिए आउटसाइड स्टेशनों (स्टेशन बिक्रमपुर–सोनुआ से लाइन सेक्शन) के सेवा भवनों, आवासीय भवनों और अन्य संरचनाओं में जोनल कार्यों/आपूर्ति का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** रु.1,03,50,000/–, **बयाना राशि:** रु.2,01,800/–, **(3) सीकेपी–सेंट्रल–25–26–19,** एसएसई/वर्क्स/पूर्व/चक्रधरपुर के अधीन 30.06.2027 तक समाप्त अवधि के लिए डीआरएम के कार्यालय और सेवा भवनों में जोनल कार्यों/आपूर्ति का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** रु. 2,30,00,000/–**बयाना राशि:** रु.2,65,000/–, **(4) सीकेपी–सेंट्रल–25–26–20,** एसएसई (वर्क्स)/पूर्व/चक्रधरपुर के अधीन 30.06.2027 तक समाप्त अवधि के लिए नॉर्थ और साउथ सेटलमेंट के आवासीय भवन में जोनल कार्यों/आपूर्ति का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** रु. 1,95,50,000/–, **बयाना राशि:** रु.2,47,800/–**(5) सीकेपी–सेंट्रल–25–26–21,** एसएसई (वर्क्स)/पश्चिम/चक्रधरपुर के अधीन 30.06.2027 तक समाप्त अवधि के लिए नॉर्थ और साउथ सेटलमेंट के सेवा भवन, आवासीय भवनों और अन्य संरचनाओं में जोनल कार्यों/आपूर्ति का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** रु. 1,84,00,000/– **बयाना राशि:** रु.2,42,000/–**(6) सीकेपी–सेंट्रल–25–26–22,** एसएसई (वर्क्स)/पूर्व/चक्रधरपुर के अधीन 30.06.2027 तक समाप्त अवधि के लिए पानी आपूर्ति कार्य हेतु जोनल कार्यों/आपूर्ति का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** रु. 97,75,000/–, **बयाना राशि:** रु.1,95,500/–, **(7) सीकेपी–सेंट्रल–25–26–23,** एडीईएन/पश्चिम/चक्रधरपुर के अधीन 01.07.2025 से 30.06.2027 तक की अवधि के लिए सेवा आवासीय भवनों और अन्य सिविल इंजीनियरिंग परिसंपत्तियों में जोनल कार्यों/आपूर्ति का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** रु. 1,84,00,000/–, **बयाना राशि:** रु.2,42,000/–, **(8) सीकेपी–सेंट्रल–25–26–24,** एडीईएन/बंडामुंडा के अधीन शाखा बंडामुंडा "ए" केबिन बरसुआं छोड़कर के बीच 01.07.2025 से 30.06.2027 तक की अवधि के लिए अन्य सिविल इंजीनियरिंग परिसंपत्तियों में जोनल कार्यों/आपूर्ति का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** रु. 1,89,75,000/–, **बयाना राशि:** रु.2,44,900/– **(9) सीकेपी–सेंट्रल–25–26–25,** एडीईएन/बंडामुंडा के अधीन बिमलागढ़ (छोड़कर)–किरीबुरू शाखा के बीच 01.07.2025 से 30.06.2027 तक की अवधि के लिए अन्य सिविल इंजीनियरिंग परिसंपत्तियों में जोनल कार्यों/आपूर्ति का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** रु. 1,15,00,000/–, **बयाना राशि:** रु.2,07,500/– **(10) सीकेपी–वेस्ट–25–26–07,** 30.06.2027 तक समाप्त अवधि के लिए एसएसई (वर्क्स)/झारसुगुडा के अधीन झारसुगुडा–बामड़ा के बीच वे साइड स्टेशन में झारसुगुडा स्टेशन एवं एफबीडब्ल्यूपी और सेवा/आवासीय भवनों आदि सहित सेवा भवनों के लिए जोनल कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** रु. 1,61,00,000/–, **बयाना राशि:** रु.2,30,500/–, **(11) सीकेपी–वेस्ट–25–26–08,** 30.06.2027 तक समाप्त अवधि के लिए एसएसई (वर्क्स)/झारसुगुड़ा के अधीन झारसुगुडा सेटलमेंट के तहत आवासीय भवनों लिए जोनल कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** रु. 1,61,00,000/–, **बयाना राशि:** रु.2,30,500/–**(12) सीकेपी–वेस्ट–25–26–09,** 30.06.2027 तक समाप्त अवधि के लिए एसएसई (वर्क्स)/झारसुगुडा के अधीन टांगरमुंडा–पानपोष स्टेशनों के बीच वे साइड स्टेशन में सेवा/आवासीय भवनों आदि के लिए जोनल कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** रु. 1,38,00,000/–, **बयाना राशि:** रु.2,19,000/–, **(13) सीकेपी–वेस्ट–25–26–10,** 30.06.2027 तक समाप्त अवधि के लिए एसएसई (वर्क्स)/II–बंडामुंडा के अधीन डीजल एवं इलेक्ट्रिकल लोको शेड सी एंड डब्ल्यू कार्यालय, सिक लाइन के तहत जोनल कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** रु. 1,38,00,000/–, **बयाना राशि:** रु.2,19,000/–, **(14) सीकेपी–वेस्ट–25–26–11,** 30.06.2027 तक समाप्त अवधि के लिए एसएसई (वर्क्स–I)/बंडामुंडा के अधीन सेक्टर बी, सी एवं डी में आवासीय भवनों के लिए जोनल कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** रु. 1,49,50,000/–, **बयाना राशि:** रु.2,24,800/–, **(15) सीकेपी–वेस्ट–25–26–12,** 30.06.2027 तक समाप्त अवधि के लिए एसएसई (वर्क्स)/राउरकेला के अधीन राउरकेला सेटलमेंट में पानी आपूर्ति कार्यों के लिए जोनल कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** रु. 1,49,50,000/–, **बयाना राशि:** रु.2,24,800/–, **(16) सीकेपी–वेस्ट–25–26–13,** 30.06.2027 तक समाप्त अवधि के लिए एसएसई (वर्क्स)/II/बंडामुंडा के अधीन बंडामुंडा–नूआगांव स्टेशनों के बीच वे साइड स्टेशन में पानी आपूर्ति आदि सहित सेवा/आवासीय भवन के लिए जोनल कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** रु. 1,38,00,000/–, **बयाना राशि:** रु.2,19,000/–, **(17) सीकेपी–वेस्ट–25–26–14,** 30.06.2027 तक समाप्त अवधि के लिए एसएसई (वर्क्स)/राउरकेला के अधीन राउरकेला–पानपोष तथा राउरकेला बीरमित्रपुर स्टेशनों के बीच वे साइड स्टेशन में राउरकेला स्टेशन और सेवा/आवासीय भवनों आदि सहित सेवा भवनों के लिए जोनल कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** रु. 1,38,00,000/– **बयाना राशि:** रु.2,19,000/–, **(18) सीकेपी–वेस्ट–25–26–15,** 30.06.2027 तक समाप्त अवधि के लिए एसएसई (वर्क्स)/राउरकेला के अधीन राउरकेला सेटलमेंट में आवासीय भवनों के लिए जोनल कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** रु. 1,72,00,000/–, **बयाना राशि:** रु.2,36,000/–, **(19) सीकेपी–वेस्ट–25–26–16,** 30.06.2027 तक समाप्त अवधि के लिए एसएसई (वर्क्स–I)/बंडामुंडा के अधीन सेक्टर ए, ई एवं लोको कॉलोनी के तहत जोनल कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** रु. 2,01,00,000/–**बयाना राशि:** रु.2,50,500/–, **(20) सीकेपी–ईस्ट–25–26–01,** 30.06.2027 तक समाप्त अवधि के लिए एसएसई (वर्क्स)/सिनी के अधीन जेडटीसी/सिनी एवं वर्क शॉप/सिनी में जोनल कार्यों/आपूर्ति का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** रु. 1,30,00,000/–, **बयाना राशि:** रु.2,15,000/– **(21) सीकेपी–ईस्ट–25–26–02,** 30.06.2027 तक समाप्त अवधि के लिए जेडटीसी और वर्क शॉप/सिनी को छोड़कर एसएसई (वर्क्स)/सिनी के अधीन सेवा और आवासीय भवनों में जोनल कार्यों/आपूर्ति का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** रु. 2,20,00,000/–, **बयाना राशि:** रु.2,60,000/–, **(22) सीकेपी–ईस्ट–25–26–03,** 30.06.2027 तक समाप्त अवधि के लिए एसएसई (वर्क्स)/पूर्व/टाटा के अधीन स्टेशन कॉम्प्लेक्स को छोड़कर इलेक्ट्रिक लोको शेड/टाटा और सभी सेवा भवनों के लिए जोनल कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** रु. 2,20,00,000/–, **बयाना राशि:** रु.2,60,000/–, **(23) सीकेपी–ईस्ट–25–26–04,** 30.06.2027 तक समाप्त अवधि के लिए एसएसई (वर्क्स)/पश्चिम/टाटा के अधीन आवासीय भवन के लिए जोनल कार्यों/आपूर्ति का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** रु. 2,40,00,000/– **बयाना राशि:** रु.2,70,000/–, **(24) सीकेपी–ईस्ट–25–26–05,** 30.06.2027 तक समाप्त अवधि के लिए टाटानगर सहित टाटानगर–आसनबोनी शाखा के लिए एसएसई (वर्क्स)/पूर्व/टाटा के अधीन सेवा और आवासीय भवनों के लिए जोनल कार्यों/आपूर्ति का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** रु. 1,20,00,000/– **बयाना राशि:** रु.2,10,000/–, **(25) सीकेपी–ईस्ट–25–26–06,** 30.06.2027 तक समाप्त अवधि के लिए टाटानगर छोड़कर शाखा टाटानगर–बादामपहाड़ और औनलजोरी–गोरूमाहिषनी के लिए एसएसई (वर्क्स)/पूर्व/टाटा के अधीन सेवा और आवासीय भवनों के लिए जोनल कार्यों/आपूर्ति का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** रु. 1,20,00,000/–, **बयाना राशि:** रु.2,10,000/–, **(26) सीकेपी–ईस्ट–25–26–07,** 30.06.2027 तक समाप्त अवधि के लिए एसएसई (वर्क्स)/पश्चिम/टाटा के अधीन टाटा स्टेशन के लिए जोनल कार्यों/आपूर्ति का निष्पादन तथा एसएसई (वर्क्स)/लैंड/टाटा के अधीन जमीन की सुरक्षा और इससे संबंधित कार्यों के लिए जोनल कार्यों/आपूर्ति का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** रु. 2,50,00,000/–**बयाना राशि:** रु.2,75,000/–, **(27) सीकेपी–ईस्ट–25–26–08,** 30.06.2027 तक समाप्त अवधि के लिए एडीईएन/I/टाटा के कार्यक्षेत्र के तहत टाटानगर में पानी आपूर्ति कार्यों के लिए जोनल कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** रु. 1,50,00,000/–, **बयाना राशि:** रु.2,25,000/– **(28) सीकेपी–साउथ–25–26–05,** 30.06.2027 तक समाप्त अवधि के लिए एडीईएन/चाईबासा के अधीन राजखरसावां छोड़कर से डांगोवापोसी छोड़कर के बीच सेवा और आवासीय भवनों के लिए सिविल जोनल कार्यों/आपूर्ति का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** रु. 1,62,00,000/–, **बयाना राशि:** रु.2,31,000/–, **(29) सीकेपी–साउथ–25–26–06,** 30.06.2027 तक समाप्त अवधि के लिए एडीईएन/डांगोवापोसी के अधीन डांगोवापोसी क्षेत्र में सेवा और आवासीय भवनों के लिए सिविल जोनल कार्यों/आपूर्ति का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** रु. 1,80,00,000/–, **बयाना राशि:** रु.2,40,000/–, **(30) सीकेपी–साउथ–25–26–07,** 30.06.2027 तक समाप्त अवधि के लिए एडीईएन/डांगोवापोसी के अधीन पदापहाड़–जारोली के बीच सेवा और आवासीय भवनों के लिए सिविल जोनल कार्यों/आपूर्ति का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** रु. 1,26,00,000/–, **बयाना राशि:** रु.2,13,000/–, **(31) सीकेपी–साउथ–25–26–08,** 30.06.2027 तक समाप्त अवधि के लिए एडीईएन/डांगोवापोसी के अधीन पदापहाड़ छोड़कर–बोलानीखदान से बड़ाजामदा–गुआ के बीच सेवा और आवासीय भवनों के लिए सिविल जोनल कार्यों/आपूर्ति का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** रु. 1,44,00,000/–, **बयाना राशि:** रु.2,22,000/– **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** रु.0.00 (प्रत्येक हेतु)। **खुलने की तिथि:** दिनांक 21.07.2025 (प्रत्येक हेतु)। निविदा वेबसाइट **http:// www.ireps.gov.in** में देखी जा सकती है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास–III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट रहना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन जरूर पंजीकृत रहें। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई–निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। ई–निविदा प्रणाली में भाग लेते समय सभी संबंधित कागजात अवश्य अपलोड किए जाएं। **टिप्पणी:** ई–निविदा फॉर्म सभी निविदाकारों को निःशुल्क जारी किया जाएगा (प्राधिकरण–रेलवे बोर्ड के पत्रांक 2020/सीई I/सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020)।

**(PR-335)**

# महाराष्ट्र सरकार का हिंदी पर यू-टर्न

लंबी रस्साकशी और कशमकश के बाद आखिरकार महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने स्कूलों में हिंदी की पढ़ाई से जुड़े मुद्दे पर अपने कदम पीछे खींच लिये। प्रदेश की राजनीति में यह मुद्दा जिस तरह से गरमाता जा रहा था, उसे देखते हुए सरकार के पास कोई और विकल्प भी नहीं रह गया था। फडणवीस सरकार की ताजा घोषणा को इस सच्चाई से अलग करके देखना मुश्किल है कि हिंदी का मुद्दा राज्य में विपक्षी दलों के हाथों का एक ताकतवर हथियार बनता जा रहा था। न केवल विपक्ष के सभी दल इस मसले पर एकजुट और विधानसभा के मॉनसून सत्र को हंगामेदार बनाने पर आमादा थे, बल्कि ठाकरे बंधुओं को भी हिंदी विरोध की राजनीति की अपनी जानी-पहचानी जमीन वापस मिलती दिख रही थी। याद किया जा सकता है कि शिवसेना प्रमुख बाला साहेब ठाकरे के शुरुआती दौर में पार्टी खास तौर पर हिंदीभाषियों के विरोध के लिए जानी जाती थी। मुंबई और महाराष्ट्र में हिंदीभाषियों की निरंतर बढ़ती आबादी को शिवसेना मराठी अस्मिता के लिए खतरे के रूप में देखती थी। हालांकि बाद के दौर में, खास कर नब्बे के दशक से भाजपा के गठबंधन में शिवसेना की राजनीति भी हिंदी से हिंदू की ओर मुड़ती गयी। मुंबई और महाराष्ट्र की बदलती डेमोग्राफी ने भी उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में शिवसेना को लचीला रुख अपनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं, पुरानी आक्रामकता जारी रखते हुए राज ठाकरे की पार्टी धीरे-धीरे कमजोर ही होती गयी। चाहे मुंबई हो या महाराष्ट्र, कुल आबादी में हिंदीभाषियों का बढ़ता अनुपात भी अपना असर दिखा रहा था। 2001 की जनगणना के मुताबिक हिंदीभाषियों की संख्या मुंबई में 25.9% और मराठीभाषियों की 42.9% थी जो 2011 में क्रमशः 30.2% और 41% हो गयी। महाराष्ट्र में इसी अवधि में जहां मराठीभाषी आबादी 76% से 73.4% पर आ गयी, वहीं हिंदीभाषियों का अनुपात 7.3% से बढ़ कर 9.5% हो गया। मतदाताओं का बदलता स्वरूप राजनीति में अघोषित तौर पर जो बदलाव ला रहा था, उसे अचानक ही कथित तौर पर हिंदी लादने के इस फैसले ने मानो अप्रासंगिक कर दिया। न केवल उद्धव और राज ठाकरे इस सवाल पर आक्रामक रूप में सामने आये और कांग्रेस और एनसीपी (शरद पवार) उनके साथ खड़ी रहीं बल्कि उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने भी खुलकर इस फैसले का विरोध कर दिया। एकनाथ शिंदे भी इसके पक्ष में नहीं थे। जाहिर है, सरकार इस मुद्दे पर घिर गयी थी। ऐसे में उसे इस मुश्किल से निकलने का रास्ता फैसले को वापस लेने में ही दिखा।

**मुंबई और महाराष्ट्र की बदलती डेमोग्राफी ने भी उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में शिवसेना को लचीला रुख अपनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं, पुरानी आक्रामकता जारी रखते हुए राज ठाकरे की पार्टी धीरे-धीरे कमजोर ही होती गयी।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**बिहार में कानून-व्यवस्था हमेशा से एक चुनौती रही है। हालात ये हैं कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार अपराध और अपराधियों पर लगाम लगाने में नाकाम रही है। इसका सरकार ने आसान विकल्प खोज लिया है। वह यह है कि अब मुखिया, सरपंच, वार्ड सदस्य जैसे जनप्रतिनिधि आत्मरक्षा के लिए लाइसेंसी हथियार रख सकेंगे जिससे लगभग ढाई लाख जनप्रतिनिधियों को फायदा मिलेगा।**

# नीतीश सरकार देगी हथियार लाइसेंस

योगेंद्र योगी



**बिहार पहले से ही भ्रष्टाचार को लेकर बदनाम रहा है। लालू सरकार के चारा और जमीन के बदले रेलवे में नौकरी को लेकर लालू यादव जेल में हैं। नीतीश कुमार से उम्मीद थी कि बिहार में भ्रष्टाचार और अपराधों में सुधार होगा। किंतु जिस तरह हथियारों की संस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है, उससे बिहार का भविष्य उज्ज्वल नजर नहीं आता।**

राजनीतिक दल सत्ता प्राप्ति के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं, इससे बेशक राज्य का चाहे कितना ही नुकसान क्यों न हो। बिहार जैसा प्रदेश जो एक दौर में नस्लवाद और जातीय हिंसा के लिए कुख्यात रहा, अब भी अपराधों के मामले में पीछे नहीं है। बिहार में सत्ता में कोई भी राजनीतिक दल रहा हो, अपराधों से सभी का गहरा रिश्ता रहा है।

बिहार में कानून-व्यवस्था हमेशा से एक चुनौती रही है। हालात ये हैं कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार अपराध और अपराधियों पर लगाम लगाने में नाकाम रही है। इसका सरकार ने आसान विकल्प खोज लिया है। वह यह है कि अब मुखिया, सरपंच, वार्ड सदस्य जैसे जनप्रतिनिधि आत्मरक्षा के लिए लाइसेंसी हथियार रख सकेंगे जिससे लगभग ढाई लाख जनप्रतिनिधियों को फायदा मिलेगा।

राज्य के गृह विभाग ने सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को इस संबंध में आवेदनों की प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश जारी किया है। बिहार में आगामी चंद महीनों बाद विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में नीतीश सरकार के इस फैसले को चुनाव से जोड़ कर देखा जा रहा है।

**मुख्यमंत्री नीतीश का यह फैसला दर्शाता है कि बिहार में कानून-व्यवस्था लगभग ध्वस्त हो चुकी है।**

बिहार सरकार ने यह फैसला राज्य में पंचायत प्रतिनिधियों पर हमले और हत्याओं की बढ़ती घटनाओं के कारण लिया है। इसके विपरीत सच्चाई यही है कि ऐसा करके नीतीश सरकार ने ग्रामीण जनप्रतिनिधियों को साधने की कोशिश की है। यदि नीतीश कुमार के इस फैसले को पंचायत प्रतिनिधियों की सुरक्षा के हित में भी माना जाये, तब भी यह प्रदेश में अपराध की हालत को दर्शाता है। जिस प्रदेश में जनप्रतिनिधि ही सुरक्षित नहीं हैं, वहां आम अवाम की सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन लेगा। सवाल यह भी है कि लाखों की संख्या में हथियारों के लाइसेंस देने से क्या राज्य में हिंसा में बढ़ोतरी नहीं होगी? बिहार में यदि पुलिस तंत्र प्रभावी और मजबूत होता तो यह नौबत नहीं आती कि लाखों जनप्रतिनिधियों को हथियारों के लिए लाइसेंस दिया जाये। इससे जाहिर है कि मुख्यमंत्री नीतीश ने अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने की बजाय हथियारों के लाइसेंस देने का आसान विकल्प चुना है। बड़ा सवाल यह भी है कि जनप्रतिनिधि अपनी सुरक्षा हथियारों से कर लेंगे, किन्तु प्रदेश की अवाम का क्या होगा।

मुख्यमंत्री नीतीश का यह फैसला दर्शाता है कि बिहार में कानून-व्यवस्था लगभग ध्वस्त हो चुकी है। बिहार में पिछले 10 वर्षों में राज्य में फर्जी शस्त्र लाइसेंस, अवैध बंदूकों और गोला एवं बारूद की अनधिकृत तौर पर बिक्री बढ़ी है और यह प्रदेश में बढ़ रही हिंसा की बड़ी वजह है। राज्य के अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ने इस दिशा में एक अध्ययन भी किया है।

बिहार पुलिस ने यह अध्ययन बिहार पुलिस के महानिदेशक विनय कुमार के सुपुर्द किया। पुलिस ने राज्य में हिंसक अपराधों में वृद्धि को सीधे तौर पर राज्य में अवैध हथियारों और गोला-बारूद की बढ़ती बिक्री से जोड़ा है और हत्या, फिरौती के लिए अपहरण, डकैती, लूट, बैंक डकैती और सड़क डकैती जैसे अपराधों के लिए इसे जिम्मेदार माना है।

एनसीआरबी (राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो) के अनुसार, बिहार 2017 से 2022 के बीच हिंसक अपराधों के मामले में लगातार शीर्ष 5 राज्यों में शुमार रहा है।

इस अध्ययन में यह बात सामने आई कि प्रति वर्ष पटना में 82 हिंसा के मामले औसतन रूप से सामने आये हैं और राज्य की राजधानी हिंसा की राजधानी बन चुकी है। पटना के बाद क्रमशः मोतिहारी में 49.53, सारण 44.08 गया 43.50, मुजफ्फरपुर 39.93 और वैशाली में 37.90 मामले प्रति वर्ष औसतन दर्ज किए जा रहे हैं। हिंसक अपराधों की सबसे अधिक संख्या वाले शीर्ष 10 जिलों में पटना, मोतिहारी, मुजफ्फरपुर , समस्तीपुर, नालंदा और बेगूसराय शामिल हैं। ये उन शीर्ष 10 जिलों में से भी हैं जिनमें सबसे अधिक आर्म्स एक्ट के मामले हैं।

अध्ययन में यह निष्कर्ष निकाला गया है कि अवैध आग्नेयास्त्र और हिंसक अपराध के मामलों के बीच घनिष्ठ संबंध हैं। एक दशक के अपराधों के अध्ययन के आधार पर विशेष कार्य बल ने बिहार के डीजीपी से सिफारिश की है कि वह व्यक्तिगत गोला-बारूद कोटा को मौजूदा 200 से घटाकर न्यूनतम कर दें। लाइसेंस प्राप्त मिनीगन कारखानों की निगरानी करें। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 में भारत में अपराधों के मामलों में शीर्ष पर उत्तर प्रदेश रहा।

इसके बाद अपराधों के पायदान पर क्रमशः केरल, महाराष्ट्र, दिल्ली और बिहार हैं। अपराधों की श्रेणी में चोरी के मामले सबसे ज्यादा दर्ज किए गए। इसके बाद दूसरे नंबर पर डकैती और उत्पीड? के मामले सामने आए। अपराधों में आंकड़ों के लिहाज से तीसरे नंबर पर बलात्कार के मामले दर्ज किए गए। इन मामलों में चिंता की बात यह है कि इनमें वर्ष 2023 के मुकाबले 1.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गयी है, जबकि अपहरण के मामलों में पिछले वर्ष के मुकाबले 5.1 फीसदी की बढ़ौतरी दर्ज की गयी है। बिहार सरकार द्वारा जारी बिहार आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं के खिलाफ किये गये अपराधों से संबंधित दर्ज और निपटाये गये मामलों की संख्या में पिछले वर्ष की तुलना में 2021-22 में क्रमशः 13.05 और 19.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

गौरतलब है कि बिहार पहले से ही भ्रष्टाचार को लेकर बदनाम रहा है। लालू सरकार के चारा और जमीन के बदले रेलवे में नौकरी को लेकर लालू यादव जेल में हैं। नीतीश कुमार से उम्मीद थी कि बिहार में भ्रष्टाचार और अपराधों में सुधार होगा। किंतु जिस तरह हथियारों की संस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है, उससे बिहार का भविष्य उज्ज्वल नजर नहीं आता।

## कोल्हान की खबरें

# विधायक संजीव सरदार ने बाढ़ प्रभावित गांवों का किया दौरा

- पीड़ितों के बीच बांटी राहत सामग्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**पोटका/जमशेदपुर।** विधायक संजीव सरदार ने बाइक में हालिया बाढ़ से प्रभावित डुमुरिया प्रखंड के कुमदाशोल, खारिधा, खेरबोनी, केदुआ, बांकिशोल और बड़ा कीजिया गांवों का दौरा किया। मंगलवार को दौरे के दौरान स्थिति का जायजा लिया और बाढ़ पीड़ितों के बीच तिरपाल, वस्त्र और सूखा राशन का वितरण किया। इस अवसर पर विधायक श्री सरदार ने सीओ को दूरभाष पर सभी बाढ़ प्रभावित परिवारों का शीघ्र आकलन कर सरकारी सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। विधायक ने बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़कों और पुलियों का निरीक्षण कर मरम्मत कार्य शीघ्र शुरू करने का आदेश दी। इसके बाद विधायक डुमुरिया प्रखंड कार्यालय में बीडीओ निलेश कुमार मुर्मू के साथ समीक्षा बैठक कर राहत और मरम्मत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। इस दौरान बीस सूत्री अध्यक्ष भगत बास्के, डुमुरिया प्रखंड सचिव जयपाल सिंह मुर्मू, कोषाध्यक्ष अर्जुन मुर्मू, घाट परगना लखन मार्डी, अर्जुन मार्डी, काजमान सिंह सरदार, धरमाल मार्डी, साजन सरदार, राम सोरेन, दसमात मुर्मू, भगत हंसदा सहित अन्य समाजसेवी और नेता आदि मौजूद रहे।

# वन महोत्सव 2025 पर टाटा स्टील के सप्ताहभर पौधरोपण अभियान शुरू



- इएसजी लक्ष्यों और पर्यावरणीय दायित्व को मजबूत करने में सहायक साबित होगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील कॉर्पोरेट सर्विसेज के द्वारा ग्रीनोवेशन व्हेयर स्टील मीट्स सस्टेनेबिलिटी के पहल पर 1से 7 जुलाई तक चलने वाले वन महोत्सव 2025 का शुभारंभ किया गया।

मंगलवार से शुरू हुई अभियान में कंपनी के कर्मचारी,सभी समुदाय और अन्य हितधारक मिलकर जमशेदपुर के कई इलाकों में हरित आवरण बढ़ाने और पर्यावरण जागरूकता को प्रोत्साहित करेंगे। एक सप्ताह का अभियान में एसपीएस उलियान, एटीबीसीएल, कदमा रोड नंबर 19, सीआरएम बारा, आइएसडब्ल्यूपीएल, जमशेदपुर नेचर ट्रेल और बाराद्वारी अपेक्स अस्पताल क्षेत्र में पौधारोपण किया जाएगा। टाटा स्टील के यह प्रयास कंपनी के ईएसजी लक्ष्यों और पर्यावरणीय दायित्व को मजबूत करने में सहायक साबित होगी।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार का पुतला फूंका

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** साहिबगंज जिले के भोगनाडीह में हूल दिवस के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शांतिपूर्ण ढंग से जुटे आदिवासी समाज के लोगों और शहीद सिदो-कान्हू के वंशजों पर पुलिस द्वारा की गयी लाठीचार्ज और आंसू गैस के प्रयोग से पूरे झारखंड में आक्रोश है। इस घटना के विरोध में भाजपा जमशेदपुर महानगर ने मंगलवार को साकची स्थित जुबिली पार्क गोलचक्कर पर झारखंड सरकार का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने झामुमो-कांग्रेस गठबंधन सरकार के खिलाफ जम कर नारेबाजी की और इस घटना को आदिवासी अस्मिता और शहीदों के बलिदान का अपमान बताया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि हूल क्रांति, जो झारखंड की माटी का गौरव है, उसी के नायकों के वंशजों पर डंडे बरसाना और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने से रोकना राज्य सरकार की आदिवासी विरोधी चेहरे को उजागर करता है। पुतला दहन के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार ने पुलिसिया कार्रवाई की निंदा करते हुए इसे झारखंड के लिए काला अध्याय बताया।

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जटाशंकर पांडेय, जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ति, जिला पदाधिकारी संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, रेणु शर्मा, अनिल मोदी, संजीव सिंह, पप्पू सिंह, जितेंद्र राय, विजय तिवारी, मिली दास, संजीव कुमार, रमेश बास्के, नीतीश कुशवाहा, नीलू मछुआ, अखिल सिंह, बिनोद सिंह, संजीत चौरसिया, उज्ज्वल सिंह, किशोर ओझा, मंडल अध्यक्ष बिनोद राय, रबिन्द्र सिसोदिया, प्रशांत पोद्दार, बजरंगी पांडेय, अजीत सिंह, पप्पू उपाध्याय, युवराज सिंह, विकास शर्मा, आनंद कुमार, अमित मिश्रा, प्रोबिर चटर्जी राणा, प्रदीप मुखर्जी, शैलेश गुप्ता, बंटी अग्रवाल, अशोक सामंत, कुमार अभिषेक, ममता भूमिज, मोहम्मद नौशाद, मनोज सिंह, सतीश सिंह व अन्य मौजूद रहे।

# भाजपा की टेंडर की राजनीति असफल, आदिवासियों को आपस में लड़ाने की साजिश नाकाम : मंत्री रामदास सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटमदा।** राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रामदास सोरेन हूल महोत्सव पर भोगनाडीह से लौटने के दौरान पटमदा पहुचे। मंगलवार को मंत्री का बेलटांड़ चौक पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने अंगवस्त्र पहना कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान मंत्री रामदास सोरेन से कई लोगों ने अपनी समस्याएं बतायीं। मौके पर ही मंत्री ने कुछ जरूरतमंद ग्रामीणों को आर्थिक सहयोग भी किया। वहीं पत्रकारों से विशेष वार्ता के दौरान मंत्री ने कहा कि 30 जून को हूल माहा (दिवस) के 170वें वर्ष में भी वही इतिहास को याद किया गया। जब 171 वर्ष पहले वीर शहीद सिद्धू-कान्हू को अंग्रेजों ने जिस ऐतिहासिक बरगद पेड़ पर दोनों भाइयों को फांसी पर लटकाया था, वहां हर वर्ष श्रद्धांजलि सभा होती है। मंत्री श्री सोरेन ने कहा कि सिदो कान्हू, फूलो झानो चांद भैरव के नाम पर बनी पार्क पर सरकारी कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित होती हैं। पूर्व में प्रत्येक वर्ष झारखंड के मसीहा गुरु शिबू सोरेन आते थे और बाद में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जाने लगे। लेकिन इस वर्ष कार्यक्रम के दौरान वहां के आदिवासी मूलवासियों को आपस में लड़ाने की साजिश काफी पहले से विपक्षियों द्वारा रची गई थी। प्री प्लान के तहत केंद्र की सत्तारूढ़ दल भाजपा के द्वारा अपने सभी पूर्व मुख्यमंत्रियों को टेंडर दिया गया था। वहां कार्यक्रम के दौरान राज्य सरकार को बदनाम करो। लेकिन उस प्लान में भाजपा के लोग असफल रहे।

मंत्री श्री सोरेन ने कहा कि साहेबगंज के एसपी ने जांच के दौरान खुलासा करते हुए स्पष्ट कर दिया एक पूर्व मुख्यमंत्री जिसे भाजपा ने मुख्यमंत्री बनाने का लालच दिया था, उनके ही दो लोग सुधीर कुमार और गणेश मंडल हथियार के साथ पकड़ाया। उनके साथ और भी काफी लोग हैं, जो जांच के बाद पूरी तरह से खुलासा होगा। मंत्री ने कहा कि एक पूर्व मुख्यमंत्री के कई लोग बीते कई दिनों से उस इलाके में घूम-घूम कर लोगों के बीच कपड़ा और पैसे बांट रहे थे। इस घटना में कुछ वैसे नेता भी थे, जिन्हें भाजपा ने मंत्री पद का भी लालच दिया था। उन्होंने कहा पुलिस प्रशासन ने समय रहते धैर्य का परिचय देते हुए मामले को संभाल लिया और विपक्षी लोग अपने मंसूबे में सफल नहीं हो पाये। मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि अंग्रेज सरकार आदिवासियों से जबरन राजस्व वसूलती थी, जबकि उस क्षेत्र के आदिवासी मूलवासी जंगल झाड़ काट कर गांव बसाए और खेत खलिहान खुद बनाये। इसके बावजूद जबरन टैक्स वसूली के विरोध में सिद्धू-कान्हू ने विद्रोह का ऐलान किया था। उन्होंने कहा पहले इस क्षेत्र के दारोगा को भी टैक्स वसूली में आदिवासियों ने सबक सिखाया था। उसी विद्रोह के चलते अंग्रेज पुलिस ने दोनों वीर भाइयों को पकड़ कर बरगद पेड़ पर फांसी दे दी थी।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की रिपोर्ट के अनुसार शहीद पार्क में ताला लगा दिया गया था ताकि कार्यक्रम न हो सके, लेकिन पुलिस और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप के बाद पार्क खोला गया और पूजा-अर्चना कर सभी शहीद परिवारों को सम्मानित किया गया। केंद्र की भाजपा सरकार और कुछ पूर्व मुख्यमंत्रियों ने आदिवासी नेताओं को प्रलोभन देकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। उन्होंने आरोप लगाया पूर्व मुख्यमंत्रियों को टेंडर देकर आदिवासियों को आपस में लड़ाने की योजना बनायी गयी थी, आपसी तनाव पैदा करने की साजिश की गयी, लेकिन यह षड्यंत्र पूरी तरह नाकाम रहा। यदि पुलिस हस्तक्षेप नहीं किया होता तो बड़ी हिंसा हो सकती थी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, पूर्व पार्षद पिंटू दत्ता, दीपांकर महतो, जीतूलाल मुर्मू, सिजेन हेंब्रम, बबलू रुहिदास, सुधीर हांसदा, स्वपन कुमार महतो, राधेश्याम दास समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

## कांडी हाइ स्कूल में मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित



**कांडी (आजाद सिपाही)।** स्थानीय कांडी हाई स्कूल के सभागार में मंगलवार को दृष्टि यूथ ऑर्गेनाइजेशन के तत्वावधान में 'उत्कृष्टता का उत्सव प्रगति की ओर कदम' कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न सरकारी विद्यालयों के मेधावी एवं प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऑक्सब्रिज स्टार इंस्टीट्यूट, डाल्टनगंज के निदेशक राहुल चतुर्वेदी तथा कांडी अंचलाधिकारी राकेश सहाय थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कांडी थाना प्रभारी अविनाश राज, कांडी प्रमुख, एवं पंचायत मुखिया विजय राम समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। मुख्य अतिथि राहुल चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों को शिक्षा व अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के छात्र भी दृढ़ संकल्प और परिश्रम से बड़ी सफलता प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं शैक्षणिक मॉडल प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। अतिथियों ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना की। बताया गया कि पलामू रेंज के आईजी को बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल होना था, परंतु राज्य स्तरीय बैठक में व्यस्तता के कारण वे नहीं आ सके। उन्होंने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए आगामी कार्यक्रम में शामिल होने का आशवासन भेजा। कार्यक्रम के संयोजक शशांक शेखर ने कहा कि ऐसे आयोजनों से सुदूर क्षेत्र के विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। संस्था के सचिव साजिद सैम समेत रवि रंजन, अनुज सिंह, प्रिंस सिंह, अनुराग कुलश्रेष्ठ, दया शंकर, ऋतिक राज, जयप्रकाश व अन्य पदाधिकारियों की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन भी शशांक शेखर ने किया।

## टीडीएम इंटर महाविद्यालय के अध्यक्ष की धर्मपत्नी का निधन, कॉलेज में शोक



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री बंशीधर स्थित टीडीएम इंटर महाविद्यालय के अध्यक्ष राजेश्वर प्रताप देव की धर्मपत्नी बिंदु देव का निधन मंगलवार को अहले सुबह हो गया। वह 72 वर्ष की थीं। उनके निधन की खबर मिलते ही अधौरा गांव, श्री बंशीधरनगर और टीडीएम इंटर कॉलेज में शोक की लहर दौड़ गयी। सैकड़ों लोग अधौरा स्थित श्री देव के आवास पर पहुंचकर उन्हें सांत्वना दी। साथ उनकी पत्नी की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। बता दें कि बिंदु देव ने भवनाथपुर प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय में अंग्रेजी की शिक्षिका के रूप में कई वर्षों तक शिक्षण कार्य किया था। जीवन भर निरोग रहने वाली बिंदु देव कुछ महीनों से एक लाइलाज जटिल रोग से ग्रसित हो गयी थीं। उनका अंतिम संस्कार अधौरा गांव स्थित श्मशान घाट पर किया गया। शव यात्रा में टीडीएम इंटर कॉलेज के सचिव शारदा महेश प्रताप देव, प्राचार्य धनंजय सिंह, शिक्षक प्रतिनिधि राजीव रंजन प्रताप देव, वरुण पांडेय, प्रणय कुमार देव, आशीष शुक्ला, शैलेन्द्र देव, मुन्नू बाबू, चंचल प्रताप देव, विकास सिंह, अरविंद सिंह के साथ शोकाकुल परिवार के कई शुभचिंतक, परिवार जन और बड़ी संख्या में गांव के लोग शामिल थे।

## मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** स्थानीय थाना के सभागार भवन में मंगलवार को थाना प्रभारी अभिजीत गौतम मिश्रा के अधयक्षता मे सोहार्दपूर्ण वातावरण मे मोहर्रम मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक मे थाना प्रभारी के द्वारा विभिन्न गांवों से पहुंचे इंतेजामिया कमिटी के लोगों से जुलूस मार्ग की जानकारी ली। तथा जुलूस के दौरान होने वाले परेशानी से अवगत हुए। साथ ही थाना प्रभारी ने कहा कि जुलूस मे डीजे पुरी तरह प्रतिबंधित है जुलूस में डीजे का प्रयोग किया गया तो जुलूस में शामिल लोगो के साथ डीजे वाले पर भी कानूनी कार्यवाइ की जायेगी। जुलूस मार्ग पर अगर बिजली का तार लटका हुआ है तो उससे हानि पहुंच सकता है तो इसकी तत्काल सूचना भंडरिया थाना प्रभारी को दे प्रशासन के द्वारा समय रहते उसे ठीक कर दिया जायेगा जिससे किसी तरह का अनहोनी न हो। आज के डिजिटल युग मे सोसल मिडिया के माध्यम से कई तरह के अफवाह फैलाया जाता है उसपर ध्यान नहीं देना है तथा इसकी तत्काल सुचना थाना को देना है । बैठक में मुख्य रूप से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी संजय कुमार डॉक्टर अजय पटेल अंचल उप निराकछक बिन्देसवरी राम प्रखंड उप प्रमुख श्रद्धा देवी, मुखिया मोनिका खलखो भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर ,विधायक प्रतिनिधि विरझु सिंह,राजेश वर्मा, सुनित मिंज, सकील अहमद, मेहंदी हसन, फकीर मोहमद मुमताज खान, भागीरथी कुशवाहा ,आदि गणमान्य जन उपस्थित थे।

## हरिहरपुर में शांति समिति की बैठक में गाइडलाइन पालन पर दिया जोर



**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** स्थानीय ओपी परिसर में मंगलवार को मुहर्रम पर्व के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता ओपी प्रभारी सफिउल्ला अंसारी ने की। प्रभारी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्ध नागरिकों एवं मुहर्रम कमिटी के सदस्यों को राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी दी और उसके पालन की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान जुलूस में असामाजिक तत्वों की हर गतिविधि पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। यदि कोई व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करता पाया गया तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, साथ ही किसी भी प्रतिबंधित वस्तु का उपयोग नहीं करने की हिदायत दी गयी। साथ ही सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की फोटो या वीडियो को एडिट कर अपलोड करने से परहेज करने की सख्त चेतावनी दी गयी। कमिटी के सदस्यों ने जुलूस के भ्रमण मार्ग की भी जानकारी साझा की। इस अवसर पर सूर्यदेव सिंह, नइम अंसारी, सुलतान अंसारी, नईमुद्दीन मियां, रौशन अली, जलील अंसारी, सफिक अंसारी, राजकुमार सिंह, सीताराम शर्मा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# फोरलेन बाइपास सड़क से यूपी और छतीसगढ़ में आवागमन होगा सुगम, व्यापार बढ़ेगा : बीडी राम

**पूर्व मंत्री के पेड स्टाफ फेस बुक पर झूठा पोस्ट कर बाइपास का ले रहे हैं श्रेय : सत्येंद्र तिवारी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** केंद्रीय परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी गुरूवार को रांची-वाराणसी इकोनॉमिक कॉरिडोर के तहत बनकर तैयार एनएच-75 (अब एनएच-39) सह गढ़वा बाईपास सड़क सेक्सन फोर निर्माण कार्यक्रम का उदघाटन गुरूवार को करेंगे। इसके लिए मंत्री हेलिकॉप्टर से सुबह करीब 10 बजे गढ़वा पहुंचेंगे और उसके बाद एनएच-75 के किनारे हूर गांव स्थित सभास्थल पर पहुंचकर इस सड़क का विधिवत उद्घाटन कर एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। करीब डेढ़ घंटे के कार्यक्रम के बाद वे रांची में आयोजित कार्यक्रम के लिये प्रस्थान कर जायेंगे। उक्त जानकारी सांसद बीडी राम ने मंगलवार को परिसदन में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। इस दौरान स्थानीय विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी भी मौजूद थे। सांसद ने कहा कि पलामू जिले के विश्रामपुर प्रखंड के शंखा गांव से लेकर गढ़वा जिले के गढ़वा प्रखंड के खजूरी गांव तक 1129 करोड़ रुपए की लागत से 22 किमी लंबी इस फोर लेन सड़क का निर्माण कराया गया है। इसकी काफी दिनों से मांग की जा रही थी। इसके निर्माण के पहले तक यातायात को लेकर गढ़वा शहर में काफी समस्यायें थी। लोगों को घंटो जाम की स्थिति का सामना करना पड़ता था। गढ़वा शहरवासी लंबे समय से बाईपास निर्माण की मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोगों की मांग को देखते हुए उन्होंने मंत्री से मिलकर तथा लोकसभा में भी कई बार इसकी मांग उठायी थी। अब इसका निर्माण होने से आवागमन सुगम होगा तथा छतीसगढ़, उत्तरप्रदेश आदि राज्यों से व्यापार भी बढ़ेगा। सांसद ने कहा कि उनका प्रयास है कि गढ़वा जिला अकांक्षी जिला की सूची से बाहर आये और यहां विकास के सभी कार्य सही तरीके से धरातल पर उतरे। विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा है कि बाईपास जो गढ़वा जिलावासियों के लिए दिवास्वप्न हुआ करता था, उसका निर्माण पूरा हो चुका है और अब तीन जुलाई को यह जिलावासियों को सुपूर्द कर दिया जायेगा। प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि सांसद बीडी राम के प्रयास एवं जनसहभागिता से इस बाईपास निर्माण का सपना पूरा हुआ है। उन्होंने कहा कि झामुमो के पूर्व मंत्री एवं उनके पेड स्टाप झूठा पोस्ट कर बाईपास का श्रेय लेना चाह रहे हैं। जबकि सच्चाई यह है कि केंद्रीय परिवहन मंत्री द्वारा 1129 करोड़ रुपए की व्यवस्था कर बाइपास निर्माण की स्वीकृति दी गयी। उन्होंने कहा कि इन सभी को छोड़कर पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर को नलजल योजना जिसमें 5200 करोड़ रुपए के घोटाले की जांच ईडी कर रही है, उसके बारे में बताना चाहिए। मौके पर सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद तिवारी, विनय कुमार चौबे, आनंद मोहन तिवारी, मुनेश्वर तिवारी, लक्ष्मी पांडेय आदि मौजूद थे।

## गढ़वा में भाजपाइयों ने सरकार का पुतला फूंका



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने गढ़वा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला फूंका। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने किया। कार्यक्रम के दौरान हेमंत सरकार मुदार्बाद.. हेमंत सरकार गद्दी छोड़ो... आदिवासीयों पर अत्याचार बंद करो। भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि भोगनाडीह में आदिवासी लोगों पर प्रशासन ने हेमंत सरकार के ईसारे पर जमकर लाठियां बरसाई, आंसू गैस के गोले बरसाये गये। इससे यह साबित होता है कि झामुमो सरकार गरीब आदिवासी लोगों को कुचलने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि आनेवाले समय में झारखंड की जनता ऐसे निकम्मी तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार है। सत्ता के अहंकार में चूर हो चुके हेमंत सरकार को आदिवासी समाज उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित हो चुका है। भोगनाडीह सिद्धों कान्हो आंदोलन के प्रमुख स्थान है। हुल दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को बाधित करने के उद्देश्य से हेमंत सरकार ने प्रशासनिक डंडे के दम पर आंदोलन को कुचलने का काम किया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता बिनय चौबे, अरविंद तुफानी, उदय कुशवाहा, ब्रजेश उपाध्याय, टिंकू गुप्ता, संजीव तिवारी, सुरेन्द्र राम, चंचल कुमार, अनवर शाह, संजय ठाकुर, कैलाश कश्यप, अनशाद बाबु सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## डीसी ने नितिन गडकरी के गढ़वा आगमन को लेकर की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आगामी 03 जुलाई 2025 को देश के सड़क, परिवहन, राजमार्ग व जहाज रानी मंत्री, भारत सरकार नितिन गडकरी के संभावित गढ़वा जिला आगमन पर कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर उपायुक्त दिनेश कुमार यादव द्वारा जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के पदाधिकारियों के साथ बैठक संपन्न की गयी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का गढ़वा आगमन के मद्देनजर जिले में विधि व्यवस्था, चाक-चौबंद एवं सुरक्षा को लेकर बैठक कर किये जा रहें आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गयी। मंत्री भारत सरकार श्री गडकरी का गढ़वा आगमन सदर प्रखंड के हूर मैदान स्थल पर होगा, जहां से बहु प्रतीक्षित एनएच- 75 पर निर्मित बाईपास सड़क का उद्घाटन किया जाना है। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था एवं आमजनों की सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, अग्निशमन, चिकित्सा आदि व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा कार्यक्रम स्थल पर मंच का निर्माण, वीवीआईपी एंट्री, अतिथियों के आगमन पर पहुंच पथ की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर आने वाले आगंतुकों के लिए बैठने की व्यवस्था, आवश्यक साफ-सफाई एवं साज सज्जा, कार्यक्रम स्थल पर पेयजल एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिये गये।

## पेशका प्रखंड बनाओ संघर्ष समिति ने स्थानीय सासंद को सौंपा मांग पत्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** पेशका को नया प्रखंड बनाने की मांग को लेकर मंगलवार को प्रखंड बनाओ संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल द्वारा गढ़वा परिसदन भवन में सांसद विष्णु दयाल राम मांग पत्र सौंप कर अपने स्तर से पहल करने का निवेदन किया। सौंपे गए मांग पत्र में कहा गया है कि मेराल प्रखण्ड अंतर्गत पेशका को प्रखंड बनाने का मांग विगत 65-70 वर्षों से होते आ रहा है। प्रस्तावित प्रखण्ड पेशका अंतर्गत पांच पंचायत आते हैं। जिनमें मेराल प्रखण्ड के तीन पंचायत दुलदुलवा, चामा एवं तिसरटेटुका तथा डंडई प्रखण्ड के दो पंचायत झोतर एवं तसरार है। इन पांचों पंचायतों को मिलाकर प्रखंड के लिए पूर्ण आहर्ता रखता है। पेशका को प्रखंड बनाने को लेकर पूर्व में भी आश्वासन दिया जा चुका है तथा आपके द्वारा उसी प्रस्तावित भूमि पर एक कार्यक्रम के दौरान अगली सरकार बनने के पश्चात पेशका को प्रखंड बनाने की घोषणा की गयी है। प्रस्तावित प्रखण्ड पेशका को लगभग 15 एकड़ भूमि प्रखण्ड के नाम पर अधिग्रहित हो चुका है। यह एक प्रखण्ड के लिए हर तरह से पूर्ण अहर्ता रखता है। वर्तमान में क्षेत्र के लोगो को मेराल प्रखण्ड मुख्यालय जाने में लगभग 25 से 30 किलोमीटर की दूरी तय करना पड़ता है। उस मौके पर विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी, दुलदुलवा मुखिया राम प्रताप साव, झोतर मुखिया विष्णु यादव, प्रखंड बनाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष करीब अंसारी, त्रिपुरारी सिंह, विकास कुमार पाठक, संजय चंद्रवंशी, उप मुखिया रमजान अंसारी, जफर अंसारी, अखिलेश यादव, फिरोज अंसारी आदि थे।

## एसबीआइ ने बैंक दिवस पर 26 लाख की बीमा राशि का किया भुगतान



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** बैंक दिवस के अवसर पर मंगलवार (1जुलाई 2025 ) को भारतीय स्टेट बैंक, रंका शाखा ने एसबीआई लाइफ और पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत चार लोगों के बीच कुल 26 लाख रुपए बीमा राशि का भुगतान किया। यह बीमा राशि हेमंत सिंह पिता त्रिभुवन सिंह ग्राम बिंदा बिचका, थाना भंडरिया को एसबीआइ लाइफ बीमा के अंतर्गत 20 लाख रुपये भुगतान किया गया। वहीं रेशमी देवी पति प्रभू सिंह ग्राम गौरगाड़ा, थाना रंका एवं संतोष प्रसाद, पिता लाला साव ग्राम और थाना रंका तथा विद्यासागर गुप्ता, पिता महावीर सागर गुप्ता ग्राम जरहागढ़ थाना और जिला अंबिकापुर इन तीनों लोगों को पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो - दो लाख रुपये का चेक भुगतान शाखा प्रबंधक दिलीप कुमार मिश्रा के द्वारा किया गया। इन्होंने 436 रूपये सालाना प्रीमियम पर जीवन ज्योति बीमा कराया था। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक दिलीप कुमार मिश्रा ने कहा कि खाताधारक सालाना न्यूनतम प्रिमियम पर पीएम सुरक्षा बीमा एवं पीएम जीवन ज्योति बीमा करायें और सुरक्षा पायें।

## अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई : थाना प्रभारी



**केतार (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में मंगलवार को आगामी मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने की। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी, थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी सहित कई प्रशासनिक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि सहित अन्य प्रबुद्ध लोग उपस्थित रहे। बैठक में सभी समुदायों से आपसी भाइचारा बनाये रखने और प्रशासन को सहयोग करने की अपील की गयी। थाना प्रभारी रवानी ने कहा कि पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर सतर्कता बरतने को कहा और भड़काउ पोस्ट या अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने कहा कि किसी भी तरह की अफवाह या गड़बड़ी की सूचना तुरंत पुलिस को दें ।ताकि समय पर कार्रवाई हो सके। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया और त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की प्रतिबद्धता जताई ।बैठक में सब- इंस्पेक्टर चंदन साहू, आदित्य ठाकुर, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष लालेश्वर राम, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि त्रिपुरारी सिंह, मुखिया मूंगा साह, मुखिया श्यामसुंदर बैठा, मुखिया मुन्नी देवी, इम्तेयाज अंसारी, छोटन सिंह, अजय वर्मा, कामेश्वर सिंह, राजू सिंह,सदर शमीम अंसारी, सेक्रेट्री असीम अंसारी, अली हुसैन अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सपा कार्यकर्ताओं ने मनाया अखिलेश यादव का जन्मदिन



**डंडई/ गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शहर के शिव मंदिर रोड स्थित समाजवादी पार्टी (सपा) के जिला अध्यक्ष महेंद्र यादव के आवास पर मंगलवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का 52वां जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उनके समर्थकों और चाहने वालों ने केक काटकर एक-दूसरे को खिलाया और उनके स्वस्थ, सुखी व दीघार्यु जीवन की कामना की। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव ने कहा कि ह्लआज हमारे नेता, समाजवादी विचारधारा के प्रतीक और करोड़ों युवाओं के प्रेरणास्रोत अखिलेश यादव 52 वर्ष के हो गये हैं। यह दिन हम सभी कार्यकताओं के लिए गर्व और उत्साह का दिन है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वे सदैव स्वस्थ, सफल और दीघार्यु रहें। उनका नेतृत्व समाज में समानता, न्याय और विकास की जो रोशनी फैला रहा है, वह आने वाले वर्षों में और अधिक सशक्त हो। कार्यक्रम में मौजूद लोगो ने भी अखिलेश यादव के दीघार्यु और सफल राजनीतिक जीवन की कामना करते हुए उन्हें जननायक बताया। इस अवसर पर भवनाथपुर विधानसभा अध्यक्ष ग्याशुदीन अंसारी, सोनू यादव, मुनेश्वर सिंह, श्यामदेव यादव, बिमलेश यादव, संजय यादव, सूर्यदयाल यादव, उपेंद्र यादव, मंजर अंसारी सहित कई अन्य कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थे।

**Jharkhand UrjaUtpadan Nigam Limited.**
**(CIN: U40108JH2013SGC001703)**
**Office of the Project Manager, SRHP Sikidiri,**
**AT & P.O. --SIKIDIRI ( PIN Code: 835219)**
**DISTRICT- RANCHI, Jharkhand**
E-mail ID :- srhp.sikidri@gmail.com Mob. No. :- 9431707312

**TENDER CANCELLATION NOTICE**

Due to unavoidable circumstances NIT No. - 07/PR/JUUNL/2025-26 is hereby cancelled.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकातों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR No. 353026

Sd/-
Project Manager
SRHP, Sikidiri

PR 356227 Jharkhand Urja Utpadan Nigam Ltd(25-26)#D

**कार्यालय नगर पंचायत, डोमचाँच (कोडरमा)**

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 05/2025–26 दिनांक– 01.07.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, डोमचाँच |
| 2 | परिमाण विपत्र की ब्रिकी स्थान, तिथि एंव समय | कार्यालय नगर पंचायत, डोमचाँच, दिनांक–08.07.2025 को, 11:00 पूर्वाह्न से 03:00 अपराह्न तक |
| 3 | निविदा प्राप्ति का स्थान, तिथि एवं समय | कार्यालय नगर पंचायत, डोमचाँच, दिनांक–09.07.2025 को, 11:00 पूर्वाह्न से 03:00 अपराह्न तक |
| 4 | निविदा खोलने का स्थान, तिथि एंव समय | कार्यालय नगर पंचायत डोमचाँच, दिनांक–10.07.2025 को अपराह्न 12:00 बजे से अंतिम निविदा खुलने तक |

कार्य का विवरण

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | वार्ड सं0 | प्राक्कलित राशि | अग्रधन राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्यादेश की तिथि से कार्य पूर्ण कि तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | CONSTRUCTION OF RCC CULVERT IN JAINAGAR MORE IN WARD NO 10 UNDER DNP. | 10 | 254500.00 | 5100.00 | 1000.00 | 02 Months |
| 2 | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN WITH COVER FROM SANDEEV SINGH WELL TO VISHESWAR SINGH HOUSE IN WARD NO 12 OF NAGAR PANCHAYAT DOMCHANCH | 12 | 423000.00 | 8500.00 | 1000.00 | 02 Months |
| 3 | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN WITH COVER FROM HOUSE OF NIRANJAN RAJAK TO ICE CREAM FACTORY NEAR NAVA -AHAR TALAB IN WARD NO 01 UNDER DNP. | 1 | 711600.00 | 14500.00 | 1000.00 | 02 Months |
| 4 | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN WITH COVER FROM HOUSE OF BHARAT MEHTA TO MASHMOHNA ROAD IN WARD NO 14 UNDER DNP. | 14 | 266900.00 | 5500.00 | 1000.00 | 02 Months |
| 5 | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN WITH COVER FROM AMIT KUMAR HOUSE TO BAZAR ROAD IN WARD NO 9 OF NAGAR PANCHAYAT | 9 | 523100.00 | 10500.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 6 | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN WITH COVER FROM RAMESHWAR MODI HOUSE TO RANJEET HALWAI HOUSE IN WARD NO 9 OF NAGAR PANCHAYAT DOMCHANCH | 9 | 915200.00 | 10500.00 | 1000.00 | 02 Months |
| 7 | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN WITH COVER FROM RANJEET RAM HOUSE TO SHIBU HALWAI SHOP IN WARD NO 4 OF NAGAR PANCHAYAT DOMCHANCH | 4 | 501300.00 | 10500.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 8 | CONSTRUCTION OF RCC SLAB FOR EXITING DRAIN FROM TULSI FURNITURE TO MAHUSHPUR CHOWK IN WARD NO 13 UNDER DNP. | 13 | 305700.00 | 6500.00 | 1000.00 | 02 Months |
| 9 | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN WITH COVER FROM HOUSE OF BALESHWAR PANDIT TO HOUSE OF NARESH PD BAKSHI IN WARD NO 7 UNDER DNP | 7 | 555900.00 | 11500.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 10 | construction of pcc road from house of mahadeo pandey to house of pitambar mehta in ward no 10 under DNP | 10 | 638400.00 | 13000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 11 | construction of pcc road from baleshwar pandit house to naresh pd baksi house in ward no. 07 under dnp | 7 | 189700.00 | 4000.00 | 1000.00 | 02 Months |
| 12 | Fixing and fitting of Paver Block along koderma-giridih main road near house of shiv kumar barnwal in ward no 01 under DNP | 1 | 210000.00 | 4500.00 | 1000.00 | 02 Months |
| 13 | Fixing and fitting of Paver Block from house of doman das to house of anil bhuiya in ward no under DNP | 5 | 798300.00 | 16000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 14 | Fixing and fitting of Paver Block from house of bhagirath mehta to masmohna road in ward no 14 under DNP | 14 | 277500.00 | 6000.00 | 1000.00 | 02 Months |
| 15 | Fixing and fitting of Paver Block at from house of Gobind Mehta to Mashmohana road in ward no 14 under DNP | 14 | 335200.00 | 7000.00 | 1000.00 | 02 Months |
| 16 | CONSTRUCTION OF PCC ROAD AND RCC DRAIN WITH COVER FROM HOUSE OF SURENDRA PANDEY TO DHAB ROAD IN WARD NO 04 UNDER DNP. | 4 | 426440.00 | 8600.00 | 1000.00 | 02 Months |

नोट :– निविदा की शर्ते कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर पंचायत, डोमचाँच

PR 356217 Urban Development (25-26)_D

## महत्वपूर्ण खबरें

### सिदो-कान्हू के वंशजों पर लाठी चार्ज के खिलाफ भाजपा ने फूंका सरकार का पुतला



खूंटी (आजाद सिपाही)। हूल दिवस पर सिदो-कान्हू के वंशजों पर भोगनाडीह में पुलिस द्वारा लाठी चार्ज और आंसू गैस के गोले बरसानें के विरोध में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को झारखंड सरकार का पुतला दहन किया। मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आदिवासीयों पर अत्याचार बंद करो, आदिवासी विरोधी नीति नहीं चलेगी आदि नारे लगा रहे थे। पुतला दहन कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनोद नाग, कैलाश राम, जिला महामंत्री संजय साहू, जिला कोषाध्यक्ष प्रियांक भगत, जिला मीडिया सह प्रभारी महावीर राम, जिला सोशल मीडिया प्रभारी रूपेश जयसवाल, जिला एसी मोर्चा अध्यक्ष योगेंद्र नायक, मोर्चा महामंत्री सुदर्शन भोगता, नगर उपाध्यक्ष कंचन सिंह, लखिंदर नायक, दामोदर साहू विक्की गुप्ता, आइटी संयोजक आदर्श अंशुल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### तोरपा के बीकेबी मेमोरियल पब्लिक स्कूल को गोद लेंगे सेवानिवृत्त आइजी



खूंटी (आजाद सिपाही)। बिहार के सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक और भागलपुर में संग्रहालय का संचालन करने वाले प्रांतोष कुमार दास तोरपा प्रखंड मुख्यालय में संचालित बीकेबी मेमोरियल पब्लिक स्कूल को गोद लेंगे और विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव सहयोग देंगे। यह घोषणा उन्होंने मंगलवार को स्कूल प्रांगण में की। इसके पूर्व विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय के संस्थापक और प्राचार्य डॉ लक्ष्मीकात बड़ाईक ने अंगवस्त्र देकर उनका अभिवादन किया, जबकि छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक ढंग से उनका स्वागत किया। पीकेदास ने विद्यालय परिवार को भागलपुर स्थित संग्रहालय आने लिए आमंत्रित किया। मौके पर सौरभ बनर्जी, सत्येंद्र गोप, प्रभंजन नाग, सावित्री कुमारी, रिंकी कुमारी, रेशमा कोनगाड़ी, दीपमाला कुमारी, ज्योति कुमारी, रजनी तोपनो, कोमल शर्मा सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### विद्यार्थी परिषद ने सेवानिवृत्ति पर बिरसा कॉलेज प्राचार्या को दी विदाई



खूंटी (आजाद सिपाही)। बिरसा कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या प्रो जेके किड़ो की सेवानिवृत्ति पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, खूंटी इकाई ने मंगलवार को भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर परिषद के रांची विभाग संयोजक प्रकाश टूटी विशेष रूप से उपस्थित थे। विदाई समारोह में एबीवीपी के कई कार्यकर्ता, शिक्षक, कॉलेज के कर्मचारी और काफी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

### प्रखंड स्तरीय लिटिल चैंप और सुब्रतो कप प्रतियोगिता का आयोजन



खूंटी (आजाद सिपाही)। प्रखंड स्तरीय लिटिल चैंप अंडर 12 बालक एवं बालिका वर्ग का आयोजन मंगलवार को किया गया। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय अनिगडा की टीम विजेता रही, जबकि दूसरे स्थान पर राजकीय कृत मध्य सह उत्क्रमित उच्च विद्यालय घाघरा की टीम रही। बालक वर्ग में आरसी बालक मध्य विद्यालय की टीम विजेता तथा राजकीय उत्क्रमित मध्य सह उत्क्रमित उच्च विद्यालय घाघरा की टीम दूसरे स्थान पर रही। सुब्रत मुखर्जी अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता अंडर 17 बालिका वर्ग का मैच खेला गया, जिसमें उत्क्रमित उच्च विद्यालय अनिगडा की टीम विजेता रही तथा दूसरे स्थान पर सीएम स्कूल ऑफ एक्सलेंस गर्ल्स स्कूल टीम विजेता रहे। विजेता खिलाड़ियों को प्रखंड प्रमुख, जिला शिक्षा अधीक्षक तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी ने पुरस्कृत किया।

### डकरा में आई केयर एंड ऑप्टिकल सेंटर का उद्घाटन



आई केयर एंड ऑप्टिकल सेंटर का उदघाटन करती बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया रीना देवी।

खलारी(आजाद सिपाही)। डकरा में मंगलवार को आई केयर एंड ऑप्टिकल सेंटर का उदघाटन किया गया। बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी तथा बेंती मुखिया प्रतिनिधि गणेश भुइयां ने फीता काटकर सेंटर का उद्घाटन किया गया। वहीं इस मौके पर 60 लोगों की आंखो का निःशुल्क जांच भी किया गया। इस अवसर पर रैयत विस्थापित मोर्चा एनके एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण विभाग विधायक प्रतिनिधि रामलखन गंझू, नरेश गंझू, अमृत भोगता, अजीत पांडेय, किशनाथ यादव, किसुन गंझू, संजय सिंह, मनोज गंझू सहित कई लोग मौजूद थे।

### नारी शक्ति सेना खलारी के प्रतिनिधिमंडल ने जर्जर सड़क को दुरुस्त कराने को लेकर बीडीओ को सौंपा पत्र



खलारी (आजाद सिपाही)। नारी शक्ति सेना खलारी प्रखण्ड के एक प्रतिनिधिमंडल ने संगठन की खलारी प्रखंड अध्यक्ष सरोज चौधरी के नेतृत्व में मंगलवार को खलारी बीडीओ खलारी पंचायत के टी-टू टाईप एवं गुलजारबाग को जोड़ने वाली जर्जर सड़क को दुरूस्त कराने को लेकर पत्र सौंपा। कहा गया कि मुख्य संड़क में नाली की व्यवस्था नही होने के कारण बारिश पानी टी-टू टाईप होते हुए एसआरटी एवं गुलजारबाग के सड़क पर आकर भर गया है। जिस कारण उक्त मार्ग नाला में तब्दील हो गया है। साथ ही कीचड़ और उगी हुई झाड़ी भी लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। वहीं स्कूली बच्चों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। वहीं कहा गया कि पानी जमाव से जहरीले सांपों और कई रोगों को खतरा भी उत्पन्न हो गया है। वहीं अंत में उक्त सड़क को जल्द से जल्द दूरूस्त कराने का आग्रह किया गया है। प्रतिनिधिमंडल में जलि देवी, रुबी देवी, माया देवी, देवती देवी सहित अन्य शामिल थे।

# अतिवृष्टि से जन जीवन प्रभावित कृषि पर पड़ रहा प्रतिकूल असर

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** खूंटी सहित आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों मॉनसून पूरे शवाब पर है। वैसे भी आर्द्रा नक्षत्र को सबसे अधिक बारिश का माना जाता है। पिछले 15-20 दिनों से लगातार हो रही बारिश ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। भारी बारिश के कारण खूंटी जिले के कई पुल-पुलिया और डायवर्सन टूट चुके हैं। इसके कारण लोगों को आवागमन में भारी कठिनाई हो रही है। खेतों में पानी भर जाने से सब्जियों के साथ ही खरीफ की फसल भी बुरी तरही प्रभावित हो रही है। क्षेत्र के किसान कहते हैं कि मानसून की पहली बारिश जहां किसानों के लिए खुशियां लेकर आई थी, वहीं अब लगातार हो रही अतिवृष्टि ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। खेतों में पानी भरने और फसलों के सड़ने से किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। कर्रा प्रखंड के प्रगतिशील किसान दिलीप शर्मा कहते हैं कि बारिश अब परेशानी का कारण बन गई है। उन्होंने कहा कि चाहे ऊपर का टांड खेत हो या निचला दोन, सभी जगह सब्जियों की फसलें बर्बाद हो गई हैं। धान की बिचड़ा डालने के लिए जो बीज खेतों में डाले जा रहे हैं, वह भी पानी में बह जा रहे हैं। तोरपा कें सिान पंचम साहू और राजू साहू बहते हैं कि खेतों में सब्जियां सड़ रही हैं। मवेशी भी मौसम की मार से अछूते नहीं हैं।

### कीचड़ और गंदगी ने बढ़ायी परेशानी

लगातार और जोरदार बारिश के कारण अधिकांश सड़कों पर कीचड़ और गंदगी भर गयी है। नालियों का पानी सड़कों पर बहने लगी है और घरों में भी गंदा पानी घुसने लगा है। खूंटी जिले में करीब आधा दर्जन पुल-पुलिया और डायवसन बारिश की भेंट चढ़ चुके हैं। खूंटी-सिमडेगा रोड पर बाबा आम्रेश्वरधाम के पहले बनई नदी पुल, डोड़मा सिसई-डोडमा रोड पर छाता नदीं पर बना डायवर्सन, लोधमा के पास कुलहुटू पुल और मुरहू रोड पर भी कई पुलिया क्षतिग्रस्त हो गयी हैं। इसके कारण आम लोग काफी परेशाान है। बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के महामंत्री मनोज कुमार कहते हैं कि बनई नदी पर डायवर्सन का निर्माण शीघ्र नहीं किया गया, तो सावन में जलाभिषेक के लिए आंगराबारी आनेवाले भक्तों को परेशानी होगी।

## सांसद प्रतिनिधि ने डीसी से मिलकर सौंपा अनुशंसा पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल द्वारा पिपरवार क्षेत्र में आने वाले पंचायतों के विकास के लिए 114 योजनाओं के लिए अनुशंसा पत्र को जिला सांसद प्रतिनिधी रविंद्र सिंह ने उपायुक्त कीर्तिश्री को सौंपा। इस पत्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर, ऐजुकेशन, स्वास्थ्य, पानी, प्रबंधन अक्षय ऊर्जा आदि विषयों पर प्रकाश डाला गया है। जिसमें बचरा दक्षिणी पंचायत के बाजारटांड़ क्षेत्र में पेभर ब्लॉक, बचरा उच्च विद्यालय में स्टेम लाइब्रेरी, लैब एवं स्कूल क्षेत्र में



उपायुक्त को पत्र सौंपते सांसद प्रतिनिधि।

पेभर ब्लॉक, पंचायत के 10 स्थानों पर एयर प्यूरीफायर इंस्टॉलेशन, पिलाई डैम का गहरीकरण एवं सुन्दरीकरण,चार नंबर बाजारटांड़ को जोड़ने वाला पिलाई डैम पुल का चौड़ीकरण सहित राम मंदिर और चार नम्बर के पास सामुदायिक भवन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बिस-झापा उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय भवन सहित 27 योजना तथा बचरा उत्तरी पंचायत के बचरा बस्ती में शिव मंदिर के पास सामुदायिक भवन एवं तालाब का गहरीकरण एवं सौन्दर्यीकरण, पंचवटी रेलवे पुल से रमन महतो के घर तक पीसीसी सहित 35 सोलर स्ट्रीट्र लाइट, बचरा टांड़ से हेमनदाग तक पीसीसी पथ, हेसाबार, नगडुआ, होसीर, बचराटांड़ में जलमीनार सहित 22 योजना एवं किचटो पंचायत के हफुआ, तरवां, कारो, बनहे के सभी टोला, करमटांड़ आदि जगहों के लिए कलवट, जलमीनार, पीसीसी पथ, पुल, सोलर लाइट, सामुदायिक भवन सहित 64 योजना के लिए अनुशंसा किया गया है। इस अनुशंसा पत्र में 23 जलमीनार 75 सोलर स्ट्रीट् लाइट 13 सोलर हाई मास्ट लाइट सहित रोड पुल पुलिया दाह संस्कार सेड आदि योजनायें शामिल हैं। उपायुक्त ने योजनाओं पर चर्चा करते हुए इसे धरातल पर लाने का आश्वासन दिया।

### पीएमएसबीआइ के नोमिनी को क्लेम चेक प्रदान किया गया

खलारी (आजाद सिपाही)। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की स्थापना के 70 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर मंगलवार को एसबीआई डाकरा शाखा में बैंक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित शाखा प्रबंधक मोनिका स्वीटी ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीआई) के अंतर्गत स्व. नारगिस परवीन की नोमिनी मोहम्मद शम्मीम अख्तर तथा स्व. महेश महली की नोमिनी मनोरमा देवी को 2-2 लाख रुपए की बीमा क्लेम राशि का चेक प्रदान किया गया। चेक पाकर लाभुकों और उनके परिजनों ने एसबीआई का आभार व्यक्त किया।

## प्रदूषित पानी की सप्लाई होना प्रबंधन की लापरवाही: सोनू

**एनके एरिया की चूरी कॉलोनी में मटमैला पानी की सप्लाई से कॉलोनीवासी है परेशान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** सीसीएल एनके एरिया के चूरी आवासीय कॉलोनियों में एक फिर से मटमैला और प्रदुषित पानी सप्लाई किया जा रहा है। गंदा पानी के सप्लाई होने से कॉलोनीवासी काफी परेशान है। खास तौर पर महिलाओं को दैनिक कार्य में गंदा सप्लाई होने से काफी दिक्कतों को सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि नहाने, कपड़े धोने और पीने के लिए इस पानी का उपयोग करना मुश्किल हो गया है। इस



सप्लाई किया गया मटमैला पानी। इनसेंट में आरसीएमएस चूरी शाखा के सचिव सोनू पांडेय।

मौसम में बीमारियों का डर भी लोगों को सता रहा है। इधर आरसीएमएस चूरी शाखा के सचिव सोनू पांडेय ने प्रदुषित पानी की सप्लाई पर कहा कि सीसीएल प्रबंधन अपने कर्मियो को मुलभूत सुविधा उपलब्ध कराने में सक्षम नही लगता है। बिते छह दिनों से खराब हुए विद्युत सप्लाई के ठीक होने के बाद गंदा पानी को कॉलोनी में सप्लाई किया गया जो कि स्थानीय प्रबंधन की लापरवाही को दशार्ता है। उन्होने कहा कि अगर कॉलोनी में फिल्टर पानी की सप्लाई शुरू नही की गई तो इसकी लिखित शिकायत सीसीएल सीएमडी को दिया जायेगा।

## सीसीएल अंतर क्षेत्रीय शतरंज और कैरम प्रतियोगिता शुरू

**कोयला उत्पादन के साथ-साथ खेलकूद को बढ़ावा दे रहा है सीसीएल : अमरेश कुमार सिंह**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल आम्रपाली चंद्रगुप्त एरिया की मेजबानी में बचरा स्थित मंगलम ऑफीसर्स क्लब में मंगलवार से सीसीएल अंतर क्षेत्रीय शतरंज एवं कैरम प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आम्रपाली चंद्रगुप्त एरिया के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह और विशिष्ट अतिथि में सीसीएल के खेल अधिकारी आदिल हुसैन मौजूद थे। कार्यक्रम में दोनों अतिथियों का स्वागत शॉल, श्रीफल और पौधा देकर किया गया। सीसीएल स्तरीय इस प्रतियोगिता में सीसीएल के सभी क्षेत्रों की टीम शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आम्रपाली चंद्रगुप्त एरिया के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने कहा कि पहली बार आम्रपाली चंद्रगुप्त एरिया को सीसीएल स्तरीय प्रतियोगिता करने की मेजबानी मिली है जो इस क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में आम्रपाली चंद्रगुप्त एरिया बड़े आयोजन की मेजबानी करने के लिए भी तैयार है। उन्होंने कहा कि सीसीएल कंपनी कोयला उत्पादन के साथ-साथ खेलकूद को भी बढ़ावा देने का काम कर रही है। इस मौके पर जीएम अमरेश कुमार सिंह, खेल अधिकारी आदिल हुसैन, एसओपी अनुप कुमार भगत, एसओ पीएंडपी केके पांडा, कार्मिक प्रबधंक आलोक रंजन, मोहसीन रजा, असलम आजाद, श्रमिक प्रतिनिधि राजीव रंजन सहित कई अधिकारी, कर्मचारी, श्रमिक प्रतिनिधि एवं विभिन्न क्षेत्रों की टीम के खिलाड़ी मौजूद थे।

## करोड़ों की लागत से बन रही पुलिया का पिलर पहली बारिश में हिला, जांच की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** तमाड़ प्रखंड अंतर्गत विरगांव पंचायत के ईचाडीह सोतिया में बन रहे उच्च स्तरीय पुलिया निर्माण कार्य एक ही बारिश में हिल गया। पीलर के हल्का हिल जाने से ऊपर रखे गये बीम अपने जगह से हट गया और गिरने के कगार पर है। ऐसे में वर्षों इंतजार के पश्चात करोड़ों की लागत से बन रहे पुलिया जो गांवों के लिए वरदान साबित हो रहा था। फिर एक बार धुंधला होता नजर आ रहा है। इससे ग्रामीणों में काफी निराशा के साथ विभागीय पदाधिकारियों एवं संवेदक के प्रति आक्रोश होता दिखायी दे रहा है।



बन रही पुलिया का हीला पीलर।

निर्माण कार्य के शुरूआती दौर में में ही निर्माण कार्य देख रहे कनीय अभियंता सतीश कुमार को ठीक ढंग से कराने का सुझाव दिये जा रहे थे, लेकिन कनीय अभियंता किसी की नहीं सुन रहे थे। यहां तक की बहुत ही कम आना जाना कर रहे थे। निर्माण कार्य को संवेदक के भरोसे छोड़ दिया गया था, जिससे काफी घटिया सामग्री का प्रयोग, घटिया पाईलिंग (पीलर कम गड्ढा पर बनाना), बहुत दुरी पर पीलर का होना इत्यादि बनाये गये हैं। इसी का नतीजा है कि एक ही बारिश में बीम का अपने जगह से अलग हो गया। अभी तो पुलिया निर्माण कार्य पूरा भी नहीं हुआ है। समय रहते इसको ठीक से नहीं बनाया गया, तो इस पुलिया का भी वहीं हाल होगा जो हाल हाराडीह और बामलाडीह नदी घाट के पुलिया का हुआ है।

ग्रामीणों ने उपायुक्त रांची सहित स्थानीय विधायक, सांसद, नेता प्रतिपक्ष बाबुलाल मरांडी, डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो सहित कई नेताओं को इस घटिया निर्माण कार्य पर संज्ञान लेते हुए उच्च स्तरीय जांच कराते हुए दोषियों पर कार्रवाई करने के साथ ही पुलिया निर्माण कार्य अच्छा से कराने की मांग लिखित आवेदन देकर किया है। मांग करने वालों में मुख्य रूप से नंदकिशोर महतो, विरेंद्र नाथ महतो, सुरेंद्र महतो, राधानाथ सिंह मुंडा, संजय कुमार मुण्डा महेश्वर सिंह मुंडा सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल हैं। इधर पूर्व सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा ने घटिया पुलिया निर्माण कार्य की निंदा करते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### खूंटी के चार एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र की शुरुआत



खूंटी (आजाद सिपाही)। जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार और झारखंड सरकार के कल्याण विभाग द्वारा संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयो रेवा (खूंटी), गम्हरिया (मुरहू), कुदा (कर्रा) और सारिदकेल (तोरपा) में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षाओं का विधिवत शुभारंभ मंगलवार को हो गया। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, रेवा (खूंटी) में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में खूंटी के विधायक रामसूर्या मुंडा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उनके साथ परियोजना निदेशक, आइटीडीए आलोक शिकारी कच्छप, जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद राम, जिला शिक्षा पदाधिकारी आपरूपा पाल चौधरी, जिला शिक्षा अधीक्षक अभय कुमार शील, प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी आदि मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में नामांकित छात्र-छात्राओं के बीच स्कूल बैग, पुस्तकें, आईडी कार्ड समेत आवश्यक शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया। विधायक ने विद्यार्थियों को नियमित, अनुशासन और मेहनत से अध्ययन करने की प्रेरणा दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। ज्ञात हो कि विद्यालय में कक्षा 6, 7 एवं 8 के छात्रों के लिए पठन-पाठन की व्यवस्था प्रारंभ की गयी है।

### अमरनाथ बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए डकरा से जत्था रवाना



खलारी (आजाद सिपाही)। डकरा से अमरनाथ बर्फानी बाबा के दर्शन के लिए एक जत्था रवाना जम्मू कश्मीर के लिए हुआ। जत्था में शामिल लोगों ने बताया कि पिछले बाराह वर्षों से लगातार पहलगाम मार्ग से बाबा बर्फानी के दर्शन को जा रहे है। इस बार भी पांच जुलाई को बाबा के दर्शन कर विश्व और देश की कल्याण की कामना करेंगे, बाबा बफार्नी के दर्शन करने के लिए कोयलांचल से चार लोगों का जत्था में पवन गुप्ता, कुंजीता देवी, लक्ष्य कुमार, रेशनी कुमारी शामिल है।

### सिल्ली में मां विपदतारिणी पूजा की गयी



सिल्ली (आजाद सिपाही)। सिल्ली आसपास क्षेत्रों में मंगलवार को विपदतारिणी मां की अंतिम तिथि की पूजा संपन्न हो गयी है। सिल्ली बजार स्थित काली मंदिर, दुर्गा मंदिर लुपुंगटोला काली मंदिर, महावीर चौक दुर्गा मंदिर पर तथा अन्य कई जगहों पर सामूहिक रूप से पूजा का आयोजन किया गया।

### कार की चपेट में आने से बाइक सवार तीन युवक घायल

तमाड़ (आजाद सिपाही)। खूंटी- तमाड़ पथ स्तिथ मांझीडीह पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार को एक कार के चपेट में आने से एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। इनमे प्रियांशु मुंडा (18), शंकर सिंह मुंडा (19), नारायण सिंह मुंडा (25) शामिल हैं। तीनों युवक कांची निवासी बताये जा रहे हैं। थाना प्रभारी रोशन कुमार ने पीसीआर भेजकर घायलों को तमाड़ सीएचसी ईलाज के लिये भेजा।

### जर्जर सड़क पर धान रोप कर जताया विरोध

मुरी (आजाद सिपाही)। मुरी-गोला पथ पर लोधमू आम बागान के पास देवेंद्र नाथ महतो ने बीच सड़क में धान रोपनी कर विरोध प्रदर्शन किया। मुरी से गोला तक होने वाली सड़क चौड़ीकरण में लापरवाही देखने को मिल रही है। बीच सड़क पर घुटनों तक पानी लबालब भर आया है। तालाब की स्थिति बन गयी है। यात्रियों का आवागमन ठप है। ग्रामीणों को स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाना भी मुश्किल हो गया है। मंगलवार को घटनास्थल पर देवेंद्रनाथ महतो ने कहा कि सड़क चौड़ीकरण के नाम पर महा घोटाला हो रहा है। सरकार के संरक्षण में रोड कंस्ट्रक्शन भारत वाणिज्य कंपनी अपनी मनमानी पर उतर आया है। मौके पर आंदोलन स्थल से देवेंद्र नाथ महतो ने स्टेट हाइवे ऑथॉरिटी ऑफ झारखंड के टेक्निकल हेड, कार्यपालक अभियंता, सिल्ली सीओ से टेलीफोनिक वार्ता किया और तत्काल समस्या का समाधान का मांग किया है। मौके पर वाणिज्य भारत के अधिकारी आंदोलन स्थल पहुंचे और 10 जुलाई तक तत्काल समस्या समाधान करने का आश्वासन दिया। मौके पर काफी संख्या में जेएलकेएम के साथी एवं ग्रामीण मौजूद थे।

### मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। जिला के तिरूलडीह थाना परिसर में मंगलवार को शांति समिति की बैठक बीडीओ राजश्री ललिता बाखला की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में थाना प्रभारी अविनाश कुमार, कुकडू अंचल अधिकारी सत्येंद्र नारायण पासवान, शांति समिति के सदस्य, मोहर्रम अखाड़ा कमिटी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में ताजिया जुलूस का मार्ग निर्धारण किया गया। मौके पर उप प्रमुख मोहम्मद एकराम, उप मुखिया लाल मोहम्मद अंसारी, पंसस प्रतिनिधि ठाकुर सिंह मुंडा, सदर असगर अली, मो मेराज अंसारी अखाड़ा कमिटी से शायेद अंसारी, अलीशार, मजहर, मईमुर अंसारी सहित अन्य सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।

### उर्सुलाइन कॉन्वेंट स्कूल खलारी में चार दिवसीय वन महोत्सव का शुभारंभ



खलारी (आजाद सिपाही)। उर्सुलाइन कॉन्वेंट स्कूल खलारी में मंगलवार से चार दिवसीय वन महोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस वर्ष वन महोत्सव का मुख्य थीम 'एक पेड़ मां के नाम' है। वन महोत्सव के पहले दिन दो प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किये गये। सर्वप्रथम सैंट एंजेला हाउस के विद्यार्थियों द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' विषय पर एक भावनात्मक नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें मां और प्रकृति के बीच के गहरे संबंध को दशार्ते हुए वृक्षारोपण के महत्व को रेखांकित किया गया। इसके पश्चात कक्षा 9वीं और 10वीं के विद्यार्थियों के बीच पर्यावरण विषय पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित थे।

### अमरूस धौड़ा में कई दिनों से ट्रांसफार्मर खराब, विद्युत विभाग नहीं ले रहा सुध, ग्रामीण अंधेरे में जीने को मजबूर

खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी प्रखंड के गुलजारबाग स्थित अमरूस धौड़ा में लगा विद्युत ट्रांसफार्मर पिछले कई दिनों से खराब रहने के कारण क्षेत्र के ग्रामीण काफी परेशानी में जीवन यापन कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद अब तक किसी भी विद्युत विभाग के कर्मचारी या अधिकारी द्वारा मरम्मती कार्य की सुध नहीं लिया गया है, जिससे लोगों में गहरी नाराजगी है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि उक्त समस्या को लेकर बिते 17 जून को सागर गोप एवं युगेश्वर राम की अध्यक्षता में बैठक के बाद विद्युत कर्मियों, अभियंताओं और जिला एसडीओ को सूचना दी गयी, इसके बावजूद उक्त समस्या के समाधान के लिए कोई कार्यवाही नहीं हुई और न ही किसी ने सुध ली। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि स्थानीय विधायक एवं सांसद को भी समस्या से अवगत कराया गया है, लेकिन आज तक कोई भी समाधान नही हो पाया है। विभाग की अनदेखी को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में काफी नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि ट्रांसफार्मर की मरम्मत नहीं होने के कारण उन्हें अंधेरे में रहना पड़ रहा है। वहीं ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही ट्रांसफार्मर को बदल कर विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं की गयी, तो वे खलारी प्रखंड कार्यालय का घेराव करने के लिए बाध्य होंगे।

## विधायक ने अंचल-प्रखंड के पदाधिकारी-कर्मियों और जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक

# भारी बारिश से ग्रामीणों और किसानों को हुए नुकसान का आकलन शुरू करें: सुरेश बैठा

## प्रतिनियुक्ति पर आये राजस्व उप निरीक्षक दुर्गेश मुंडा को हल्का कार्यों से मुक्त करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांके।** प्रखंड कार्यालय सभागार मे मंगलवार को कांके विधायक सुरेश बैठा ने बीडीओ सह सीओ विजय कुमार सहित सभी पंचायत के मुखिया और प्रखंड-अंचल कर्मियों के साथ बैठक की। इस अवसर पर विधायक ने सभी जनप्रतिनिधियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने अपने पंचायत में बारिश की वजह से जिन ग्रामीणों, किसानो को नुकसान हुआ है उसका आवेदन और फोटो लेकर तत्काल प्रखंड कार्यालय में जमा करवाए। साथ ही अधिकारियों को भी निर्देश देते हुए कहा कि प्रकृति आपदा से क्षेत्र में जो भी नुकसान



अधिकारियों-जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करते विधायक सुरेश बैठा।

हुआ है। उसका तत्काल सर्वे करें और रिपोर्ट जिला भेजे। विधायक ने कहा कि हमारी सरकार का प्रयास है कि लगातार मुशलाधार बारिश होने से हो रहे नुकसान का तत्काल पीड़ितों तक राहत पहुंचायी जाए। वहीं, विधायक को लगातार राजस्व कर्मचारी दुर्गेश मुंडा के कार्यों को लेकर शिकायत मिल रही थी। आरोप है कि बड़गाई अंचल से प्रतिनियुक्ति पर कांके अंचल आए राजस्व उप निरीक्षक दुर्गेश मुंडा किसी भी आम जनता सहित जनप्रतिनिधियों का फोन तक नहीं उठाते हैं। बहुत अकड़ कर बात करते हैं। किसी को सम्मान नहीं देते हैं। रिश्वत लेकर ही कोई भी म्यूटेशन और जमीन से संबंधीत सुधार का कार्य करते हैं। इसके लिए इन्होंने रेट फिक्स कर रखा है और अपने दलाल भी पाले हुए हैं। इस पर विधायक ने बैठक में ही दुर्गेश मुंडा को तलब किया। दुर्गेश मुंडा से पूछताछ करने पर संतुष्ट जवाब नहीं मिलने पर विधायक ने राजस्व कर्मचारी पर कार्रवाई करते हुए प्रभारी सीओ विजय कुमार को आदेश दिया कि, राजस्व कर्मचारी दुर्गेश मुंडा को तत्काल सभी हल्का से प्रभार मुक्त रखा जाए और राजस्व कर्मचारी विजय उरांव को तत्काल दुर्गेश मुंडा की जगह पर हल्का का प्रभार दिया जाए। वहीं, सभी अधिकारियों और कर्मियों को भी चेताते हुए कहा कि सभी अपना कार्य ईमानदारी से करें। शिकायत मिली तो बक्शे नहीं जाएंगे। इस मौके पर उप प्रमुख अंजय बैठा, बीडीओ सह प्रभारी सीओ विजय कुमार, सीआई चितरंजन टूडु, विधायक प्रतिनिधि अर्जुन मुंडा, पंसस ऐनुल हक अंसारी, लालचंद सोनी, प्रखंड अध्यक्ष संजर खान, गौरी शंकर महतो और रेशमा बेगम आदि उपस्थित थे।

# भोगनाडीह में लाठी चार्ज के विरोध में ओरमांझी भाजपा का प्रदर्शन, सरकार का पुतला फूंका

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** भाजपा रांची जिला ग्रामीण इकाई की ओर से ओरमांझी के शास्त्री चौक में भोगनाडीह में सोमवार को हूल दिवस पर आदिवासी समाज और सिदो-कान्हू के वंशजों पर किये गये पुलिस के लाठी चार्ज के विरोध में झारखंड सरकार का पुतला दहन किया गया। भाजपा नेताओं ने इस घटना को आदिवासी अस्मिता और शौर्य का अपमान बताते हुए राज्य की गठबंधन सरकार को आदिवासी विरोधी करार दिया। वक्ताओं ने कहा कि शहीदों की धरती पर इस तरह की बर्बर कार्रवाई लोकतंत्र के खिलाफ है। भाजपा इस अन्याय के खिलाफ सड़कों पर उतरकर जनआंदोलन करेगी। वहीं, पुतला दहन करने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, प्रदेश युवा मोर्चा उपाध्यक्ष सत्यदेव



मुंडा, जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज, खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, जिला महामंत्री नरेंद्र सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, पूर्व जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, पूर्व जिला अध्यक्ष रंधीर चौधरी, सन्नी टोप्पो, जिला उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, जिला मंत्री चूड़ामणि महतो, अमरनाथ चौधरी, मानकी राजेंद्र साही, जिला मंत्री सुधाकर चौबे, जिला मंत्री संजीत सिंह, जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी शशि मेहता, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नेहा सिंह, बुधराम बेदिया, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष नरेश साहू, ओबीसी मोर्चा जिला मंत्री चतुर साहू, ओरमांझी मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता, मेसरा मंडल अध्यक्ष महानद महतो, सिकिदरी मंडल अध्यक्ष सोहराई महतो, ओरमांझी मंडल महामंत्री अलखनाथ महतो, शशि भूषण साहू, राजेश गुप्ता, रमेश बेदिया, राजकिशोर साहू, सिकंदर महतो, राजा महतो, प्रमोद सिंह आदि उपस्थित थे।

# नशीले पदार्थों के सेवन से युवा बचें : राजेश सिन्हा



- रथ मेला परिसर में स्टॉल लगाकर लोगों को किया जागरूक

आजाद सिपाही संवाददाता


**अनगड़ा।** झालसा के निर्देश और न्यायायुक्त सह रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष के मार्गदर्शन में मंगलवार को मधुकम खादगढ़ा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डिप्टी एलएडीसी, राजेश कुमार सिन्हा, पीएलवी पीके उपाध्याय, पार्वती देवी, सुरज कुमार वर्मा आदि विशेष रूप से उपस्थित हुए। मौके पर एलएडीसी डिप्टी राजेश कुमार सिन्हा ने नालसा 10 स्कीम के तहत साथी, जागृति, आशा और डॉन स्कीम पर फोकस किया। कहा कि नालसा की ओर से संचालित स्कीम साथी के तहत निराश्रित बच्चों को आश्रय दिलाने में रांची डालसा हर संभव प्रयास करेगा। उन्होंने डॉन अभियान के तहत नशा से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि नशा से धन की हानि होती है। साथ ही इसका शरीर पर व्यापक दुष्प्रभाव पड़ता है। इधर, डालसा टीम द्वारा जगरनाथपुर मेला परिसर में भी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेला परिसर में आने-जानेवाले लोगों को जागरूक किया गया। डालसा के पीएलवी की ओर से पम्पलेट और लिफलेट का भी वितरण किया गया।

## करमा सुगिया निवासी सरवन बिरहोर ने ग्रामीणों पर लगाया आरोप

# धर्म परिवर्तन करो, तब बनेगा आवास

दीपक

**मांडू (आजाद सिपाही)।** धर्म परिवर्तन करो, तब बनाने देंगे आवास, यह आरोप लगाते हुए प्रखंड के करमा दक्षिणी पंचायत के सुगिया निवासी सरवन बिरोहर ने मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय मांडू पहुंच कर बीडीओ से गुहार लगायी है। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी रितिक कुमार को जानकारी देते हुए आवास निर्माण कार्य प्रारंभ कराने की बात कही। सरवन बिरोहर ने बताया कि वर्ष 2016 में वन अधिकार अधिनियम के तहत करमा के ग्राम सुगिया के खाता नंबर 1, प्लॉट न 319 में रकवा 5 डी का पट्टा मिला है। कुछ माह पूर्व प्रखंड से जन मन आवास



योजना के अंतर्गत वितिय वर्ष 24-25 में आवास पत्नी के नाम कजरी बिरहोर को मिला है। साथ ही आवास निर्माण के लिए 30 हजार रुपये अग्रिम राशि भी मिला है। आवास निर्माण कार्य जब भी शुरू करते हैं, गांव के फागू बिरहोर, सुकर बिरहोर, राजेंद्र बिरहोर,

**बीडीओ ने आवेदन देने की बात कही**

प्रखंड विकास पदाधिकारी रितिक कुमार ने सरवन विरहोर को अंचल कार्यालय मांडू में आवेदन देने की बात कही। साथ ही स्थल निरीक्षण कर आवास निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का आश्वासन दिया।

राजकुमार बिरहोर कहते हैं कि पहले ईसाई धर्म अपनाओ तब यहां घर बनाने देंगे। नहीं तो यहां जमीन नहीं मिलेगा यहां से भागो। ये कह कर आवास निर्माण नहीं करने दे रहें हैं। मैं बीते एक माह से प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रहा हूं। आवास निर्माण के लिए गांव में बैठक किया, लेकिन वे लोग घर बनाने नहीं दे रहे हैं।

## चापाटोली में आषाढ़ी पूजा

**लापुंग।** चंपाडीह चापाटोली गांव के देवी गुड़ी में आषाढ़ी पूजा धूमधाम से की गयी। पूजन के सारे अनुष्ठान गांव के पूर्व जमींदार के वंशज बडाईक राम शंकर ने किया। यह जानाकरी रामशंकर सिंह ने दी

# 32 साल देश की सेवा कर घर लौटे आर्मी जवान का बेड़ो में भव्य स्वागत



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** गुमला जिले के एक गांव में जन्में आर्मी के जवान सूबेदार राम प्रसाद उरांव का सेवानिवृत्ति के बाद मंगलवार को अपने घर लौटेने के दौरान बेड़ो पहुंचने पर बाजार टांड़ के सब्जी मंडी मोड़ के समीप समाजसेवी मुन्ना बड़ाइक एवं विश्वनाथ गोप की अगुवाई में भव्य स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने उनका फूल मालाओं से अभिनंदन कर पुष्प वर्षा की। इन दिनों जवान राम प्रसाद उरांव कुकवाड़ा में तैनात थे। जहां से वे सेवानिवृत्त हुए। मौके पर मुन्ना बड़ाइक और विश्वनाथ गोप ने राम प्रसाद उरांव की देश सेवा की सराहना करते हुए कहा कि राम प्रसाद उरांव ने अपने जीवन के बहुमूल्य 32 वर्ष देश की सीमाओं की रक्षा में समर्पित किए हैं। मौके पर स्वजनों में पत्नी चिंता उरांव सहित कई लोग मौजूद थे। स्वागत करने वालों में पंकज महतो, केश्वर महतो, अनिल मिंज, मोहन बड़ाइक, जुगल बड़ाइक, अशोक गोप, अनिल गोप, अंकित सोनी, बालक गोप, विगलु आदि शामिल रहे।

# हत्या के आरोपी को नरकोपी पुलिस ने दबोचा, भेजा जेल

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** नरकोपी पुलिस ने मंगलवार को हत्या कांड के उद्भेदन को लेकर चलाए जा रहे सघन छापामारी के दौरान अप्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उसकी पहचान झरिया उरांव के रूप में हुई है। इस संदर्भ में मृतक युवक की मां के बयान पर अज्ञात लोगों के विरुद्ध नरकोपी थाना में एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। वहीं, नरकोपी थाना प्रभारी नागेश्वर साव ने बताया कि गत 27-28 जून की रात इसी थाना क्षेत्र के करकरी गांव निवासी सोमनाथ उरांव (41) की टांगी से मारकर हत्या कर दी गई थी। इस कांड के उद्भेदन को लेकर वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश एवं डीएसपी अशोक कुमार राम के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। नरकोपी पुलिस ने कांड के अप्राथमिकी अभियुक्त झरिया उरांव को छापामारी के दौरान मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इधर, छापामारी एवं अनुसंधान के दौरान नरकोपी पुलिस को पता चला कि मृतक के चचेरे भाई झरिया उरांव ने अपनी पत्नी के अवैध संबंध होने के शक में सोमनाथ उरांव की टांगी से बेरहमी से मारकर हत्या कर दी थी। पूछताछ में अभियुक्त ने पुलिस के समक्ष इस कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। उसकी निशानदेही पर खून एवं बाल लगा हुआ हथियार टांगी और खून लगा आरोपित का कपड़ा भी बरामद कर लिया गया है।

# जमीन बेचने के लिए मुखिया के फर्जी हस्ताक्षर और मुहर के इस्तेमाल की शिकायत दर्ज करायी

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सिरका पंचायत के मुखिया रोशनलाल मुंडा ने महेशपुर मौजा में जमीन विक्रय के लिए वंशावली सत्यापन में उनके फर्जी हस्ताक्षर और मोहर का उपयोग किए जाने का आरोप लगाते हुए अनगड़ा थाने में लिखित शिकायत की है। आरोप है कि बुंडू के एक व्यक्ति द्वारा महेशपुर मौजा के खाता नंबर 132 के भूखंड की रजिस्ट्री के लिए प्रस्तुत वंशावली में कथित रूप से उनके फर्जी हस्ताक्षर एवं मोहर का उपयोग कर सत्यापित किया गया है। जो पूरी तरह आपराधिक एवं जालसाजी की श्रेणी में आता है। उन्होंने संदेह जताया कि इसके अलावा भी कई जगह जमीन खरीद फरोख्त मामले में फर्जी हस्ताक्षर एवं मोहर का उपयोग कर वंशावली सत्यापित किया गया होगा जो उनकी जानकारी में नहीं है। मुखिया ने कहा कि इस कृत्य से ना केवल उनके व्यक्तिगत और संवैधानिक छवि को धूमिल करने की कोशिश की गई, बल्कि इससे पंचायत की गरिमा एवं सरकारी तंत्र की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिन्ह खड़ा कर दिया गया। उन्होंने मामले की जांच कर संलिप्त अन्य लोगों के विरुद्ध भी कानूनी कारवाई का आग्रह किया।

# मुहर्रम का पर्व आपस में मिलजुल कर मनायें : डीएसपी



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** मुहर्रम पर्व को लेकर चान्हो थाना परिसर में मंगलवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता खलारी डीएसपी आरएन सिंह ने की। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और आम लोगो ने भाग लिया। इस अवसर पर डीएसपी आर्यन सिंह ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि मुहर्रव पर्व को आपस में मिलजुल कर शांतिपूर्वक मनाएं। वहीं, थाना प्रभारी चंदन कुमार गुप्ता ने कहा कि मुहर्रम आस्था और श्रद्धा का पर्व है। इसे शांति, भाईचारे और नियमों के साथ मनाया जाए। किसी भी प्रकार की अफवाह, अफरा-तफरी या कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जुलूस और मेला के लिए प्रशासनिक अनुमति अनिवार्य है। तेज आवाज वाले डीजे, भड़काऊ गानों और नारेबाजी पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सभी जुलूसों को रात 10 बजे तक समाप्त करना अनिवार्य होगा। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट या अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। मेडिकल टीम और एंबुलेंस की व्यवस्था मेले के दौरान रहेगी, ताकि किसी भी इमरजेंसी में तुरंत उपचार हो सके। इस मौके पर बीडीओ, सीओ, चान्हो सर्किल इंस्पेक्टर मांडर के साथ ही पूर्व प्रमुख जुल्फान अंसारी, अजीत सिंहस, सफीक अंसारी आदि उपस्थित थे।

# भारी बारिश से इटकी के मदरसा रोड की पुलिया टूटी

**इटकी (आजाद सिपाही)।** भारी बारिश के चलते इटकी के मदरसा रोड स्थित पुलिया धंस गया, जिससे सड़क पर अवागमण बाधित हो गया है। इससे लोगों को चलने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पुलिया का निर्माण 14वें वित आयोग के फंड से मुखिया द्वारा कराया गया था। बतातें चलें कि सड़क को टूटे काफी दिन हो गए हैं। जबकि इस सड़क का निमार्ता सह ठेकेदार भी इसी मुहल्ले में रहते है और रास्ते का उपयोग भी करते हैं। वहीं, मुरतेजा आलम ने क्षतिग्रस्त पुलिया का निर्माण की मांग करते हुए चेताया कि समय रहते पहल नहीं किया गया तो आजसू बाधय वाध्य होकर आंदोलन को सड़क पर उतरेगा। मौके पर पूर्व उपप्रमुख उरूज अंसारी, रजी अहमद आदि थे।

**इटकी में लगातार बारिश से दर्जनों मकान ढहे**

**इटकी (आजाद सिपाही)** क्षेत्र में लगातार भारी बारिश से मकानों के गिरने का सिलसिला जारी है। कुल्ली गांव के सुनील उरांव और तरगड़ी के प्रदीप महतो का मकान गिर गया। बतातें चलें कि प्रखंड में अबतक आधे दर्जण से अधिक मकान गिर चुके है। इसमें कुल्ली गांव निवासी वरूण गोप और राखी केशरी, मोरो गांव के महेन्द्र गोप, पुरियो निवासी राजू गोप, तरगड़ी के जनार्धन महतो आदि शामिल हैं।

# विधायक से नाराज होकर ग्रामीणों ने श्रमदान कर बना दी तीन किमी सड़क

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड के बालालोंग पतरा टोली स्थित सरना आदर्श कॉलोनी में पिछले दो साल से यहां की सड़क जर्जर और बदहाल होने से सैकड़ों लोग परेशान है। ग्रामीणों ने इस संबंध में स्थानीय विधायक राजेश कच्छप को कई बार आवेदन दिया पर ग्रामीणों को सिर्फ आश्वासन ही मिला। गांव के जर्जर सड़क के कारण स्कूली बच्चों के आने जाने से लेकर ड्यूटी ऑफिस आने वालों को भारी मुश्किल हो रही थी। लोग विधायक राजेश कच्छप से खासे नाराज है। अंत में थम हार कर लोगों ने आपसी सहयोग, चंदा और श्रम दान कर तीन किलोमीटर सड़क को छाई डाल कर चलने योग्य बना दिया। साथ ही विधायक को चेतावनी देते हुए कहा कि 3 माह बाद बरसात बीतने पर पक्का सड़क नहीं बनने पर विधायक के खिलाफ उग्र आंदोलन किया जाएगा। वहीं श्रमदान कर सड़क निर्माण में मेघा उरांव, रामा उरांव, सुशील कुमार, संजय लकड़ा, फूलमती उरांव, करुणा लकड़ा, मुन्नी देवी, ग्लोरिय केरकेट्टा, मुस्कान, लूथरू उरांव आदि ने सराहनीय भूमिका निभाई।

# टाटीसिलवे में धूमधाम से मना राष्ट्रीय डॉक्टर डे




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** एक्यूप्रेशर परिसर झारखंड शाखा टाटीसिलवे कार्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय डॉक्टर डे धूमधाम से मनाया गया। अध्यक्षता डॉ चंद्र प्रकाश तिवारी ने किया। कार्यक्रम में एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा के सचिव डॉ मधुसूदन पांडे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि एक्यूप्रेशर योग नेचुरल पाठ है। आने वाले समय में इन सभी को एक मंच पर आना पड़ेगा। कहा कि वह दिन अब दूर नहीं, जब लोग नेचुरल पेथ के ऊपर ही आश्रित होंगे। एलोपैथ के दोष प्रणाम से जग जाहिर है। एक्यूप्रेशर योग नेचुरल पैथ ही एक विकल्प है, जो मिल का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में टाटीसिलवे डॉक्टर फाउंडेशन का भी गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से चंद्र प्रकाश तिवारी सचिन को अध्यक्ष एवं डॉ अर्जुन महतो को कोषाध्यक्ष, जबकि एक्यूप्रेशर परिषद के सचिव डॉ मधुसूदन पांडे को संरक्षक बनाया गया। इसके अलावा डॉ नरेश महतो, डॉ महेश प्रजापति, डॉ सोनू महतो, लखन मिश्रा, अनुज सिंह को मेंबर बनाया गया है। यह संस्था एक साल के लिए मान्य है। धन्यवाद ज्ञापन सोनू महतो ने किया।

# रैयती जमीन की मापी को लेकर ग्रामीणों और पुलिस में झड़प

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के खखरा गांव में रैयती जमीन को बुढ़मू अंचल कार्यालय द्वारा मापी कराने को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। इस घटना में ठाकुरगांव थाना के जमादार सुरेश दास सहित कुछ ग्रामीणों को चोटें आई है। वहीं अंचल अमीन के साथ भी नोकझोंक की गई। इस कारण करीब तीन घंटे तक माहौल तनावपूर्ण रहा। स्थिति को नियंत्रित करने के लिये कई थानों की पुलिस को भी बुला लिया गया था।

## मापी से उग्र हुए ग्रामीण

जानकारी के अनुसार खखरा गांव में पलॉट नंबर 56 एवं 144 जमीन में वर्ष 1965 से खरीदगी के बाद कब्जा में है। उक्त जमीन को रांची के एक व्यक्ति के आवेदन के आधार पर मापी कराने का नोटिस अंचल कार्यालय द्वारा दिया गया था। मंगलवार को अंचल अमीन ने जैसे ही मापी शुरू की तभी गांव के सैंकड़ों महिला-पुरुष जमीन में आकर मापी का विरोध करने लगे। इस दौरान ग्रामीण एवं विधि व्यवस्था बनाये रखने पहुंची पुलिस के साथ ग्रामीणों की झड़प के बाद मारपीट हो गई। घटना के बाद गांव के दर्जनों ग्रामीण बुढमू प्रखंड सह अंचल कार्यालय का घेराव भी किये। ग्रामीणों ने प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी भी की। इसके बाद ग्रामीणों ने प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, अंचल निरीक्षक सुनील सिंह एवं राजस्व कर्मचारी राजेश रविदास को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच करने और अवैध जमाबंदी हटाने का ज्ञापन सौंपा। उधर, सीओ सचिदानंद वर्मा ने कहा कि उक्त जमीन का ऑनलाइन मापी का आवेदन मिला था। जिसके आलोक में मापी का आदेश निर्गत किया गया था। ग्रामीणों द्वारा मिले आवेदन पर भी जांच होगी। वहीं ठाकुरगांव थाना प्रभारी विनित कुमार ने कहा कि मापी में विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस टीम भेजी गयी थी।

## खिजरी महली टोली की समस्याओं को लेकर बीडीओ से मुलाकात

# बारिश का पानी कई घरों में घुसा, रहने की वैकल्पिक व्यवस्था करे सरकार : आरती

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** खिजरी महली टोली की समस्याओं को लेकर मंगलवार को एक प्रतिनिधि मंडल भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर और रांची जिला ग्रामीण महिला मोर्चा अध्यक्ष नेहा सिंह के नेतृत्व में नामकुम प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार से मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने बीडीओ को अत्यधिक बारिश से खिजरी महली टोली की स्थिति से अवगत कराया। बताया कि बारिश होने की वजह से सोनी महली का घर गिर गया। वज्रपात से जयंती महली के घर में दरार आ गयी है। वहीं, फूलो महली, दीपा महली, आरती महली के घर का छत से पानी टपक रहा है। साथ ही घर में फर्श से पानी नहीं निकलने के कारण घर में रहना



मुश्किल हो गया और लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी है। आरती कुजूर ने बीडीओ से कहा कि खिजरी महली टोली में रहने वाले लोग गरीबी रेखा के नीचे आते है। ये विकास के काम में सबसे पिछड़े है। इन्हें आवास की सुविधा भी नहीं मिली है। उन्होंने नामकुम बीडीओ से इस टोले को प्राथमिकता के आधार पर आवास और वर्षा से सुरक्षा देने की अपील की। नामकुम बीडीओ ने इस संबंध पर विचार कर रास्ता निकालने का भरोसा दिया। इसके बाद आपदा प्रबंधन के तहत अंचल अधिकारी के गैर मौजूदगी में अंचल निरीक्षक से मिलकर ज्ञापन सौपा और रहने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की। मौके पर सोनी महली, आरती महली, जयंती महली, दीपा महली, फूलो महली, फूलो तिर्की, अंजलि लकड़ा शामिल थी।

# छात्र-छात्राओं को दी बैंकिंग योजनाओं की जानकारी

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ककरिया हाई स्कूल में वित्तीय साक्षरता समारोह का आयोजन झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक की ओर से किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रीजनल मैनेजर मुकेश कुमार वर्मा उपस्थित हुए। उन्होंने बैंकिंग के मूल शब्द का अर्थ बताते हुए शिक्षक और विद्यार्थियों से हर तरह की बैंकिंग योजनाओ से रूबरू कराया। वहीं, बैंक मैनेजर प्रिय नारायण झा ने गुरुजी छात्र क्रेडिट कार्ड के बारे में छात्रों को बताया, जिसमें झारखंड सरकार के सहयोग से बैंक द्वारा 15 लाख रुपये तक का लोन बहुत ही कम ब्याज पर छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए दिया जाता है। इस मौके पर प्रधानचार्य रेखा आरती कुजूर के साथ अन्य शिक्षक एवं शिक्षिका मौजूद थे। वहीं, बैंक स्टाफ मनीष कुमार, श्रवण कुमार और विद्यार्थियों की मौजूदगी में स्कूल के टॉपर्स को बैंक की ओर से सम्मानित भी किया गया।

## जारी में फरार आरोपी गिरफ्तार



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी थाना कांड संख्या 01/2023, दिनांक 13.01.2021 से संबंधित मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी फिरोज खान को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान फिरोज खान, ग्राम तिगरा, थाना जारी, जिला गुमला के रूप में की गयी है। मामला भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148, 149, 323, 307 तथा अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3(2)(५) के तहत दर्ज किया गया था। आरोपी को सोमवार को पुलिस ने न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी की लंबे समय से तलाश की जा रही थी और गुप्त सूचना के आधार पर यह गिरफ्तारी संभव हो सकी। फिलहाल मामले की आगे की जांच जारी है।

## मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को थाना परिसर में मोहर्रम त्यौहार को लेकर शांति समिति का बैठक चैनपुर पुलिस निरीक्षक और थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में संपन्न हुआ। त्यौहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। इसके लिए आवश्यक दिशा निर्देश थाना प्रभारी के द्वारा दिया गया। बैठक में मुखिया चुंया कुजूर, छविनाथ साहु, नाजीर खान, मांगु उरांव, जहीरुद्दीन हबीबी और गणमान्यजन मौजूद थे।

## ऑनलाइन पंजी 2 में सुधार संबंधी शिविर का आयोजन



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा अंचलाधिकारी के कार्यालय कक्ष में ऑनलाइन पंजी 2 में सुधार संबंधी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मामले से संबंधी 15 आवेदन ग्रामीणों द्वारा प्राप्त हुई। जिसमें पांच मामले का ऑन द स्पॉट निष्पादन अंचलाधिकारी आशीष कुमार मंडल द्वारा किया गया। लोगों की ऑनलाइन पंजी 2 में सुधार में हो रहे परेशानी को देखते हुए शिविर का आयोजन किया गया है। ताकि कोई भी ग्रामीण अंचल कार्यालय का चक्कर न लगाये। उक्त शिविर प्रत्येक मंगलवार को दिन के 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक लगायी जायेगी जिसमें सुधार संबंधित कार्य किया जायेगा। मौके पर आनंद कुमार डुंगडुंग, निर्दोषी खलखो, सुनील जयंत पन्ना, कंप्यूटर सहायक नीतीश कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा सिमडेगा जिला के महाबुआंग थाना अंतर्गत ओलहान निवासी राजू सुरीन उर्फ दमदा सुरीन एसटी 351/2817 कामडारा थाना कांड संख्या 2/17काफी दिनों से फरार है। जिसका काफी दिनों से कामडारा पुलिस खोज कर रही है। वहीं हाल में न्यालय के आदेश पर कामडारा थाना के एसआइ महेश साहु फरार अभियुक्त के घर पर इशतेहार चिपकाया और आम ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि फरार अभियुक्त पर नजर परते पुलिस को सूचना दे नहीं तो कोर्ट में आत्मसमर्पण करे नहीं तो घर की कुर्की जब्ती की जायेगी।

## घाघरा में चला वाहन चेकिंग अभियान



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक गुमला के निदेर्शानुसार मोटरयान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह के द्वारा घाघरा थाना के सामने मोटरसाइकल चेकिंग के दौरान जागरूकता अभियान के साथ चालान काटा गया। सड़क सुरक्षा के नियमो के अनुपालन और गुमला थाना के द्वारा बिना हेलमेट मोटरसाइकिल वाहन चेकिंग के दौरान पकड़े जाने 12 लोगो को यातायात नियमो के प्रति जागरूक करने को लेकर मोटरयान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह के द्वारा रोड सेफ्टी काउंसलिंग किया गया। इस दोरान आये लोगो को यातायात नियमो एवं वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और अपनी व यातायात का उपयोग कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। जांच के दौरान वाहन से संबंधित आवश्यक कागजात नहीं प्रस्तुत करने पर 2,000 रुपये की दंड राशि वसूला गया। बाकी मोटरसाइकिल वाहनों को घाघरा थाना परिसर में जब्त कर रखा गया है। इस मौके पर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से मोटरयान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह मौजूद थे।

## सेमरा के पास हॉर्न बजाने पर 8-10 लड़कों ने पिकअप चालक के साथ की मारपीट

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला पालकोट रोड स्थित सेमरा के पास 8 से 10 लड़कों ने सिर्फ हॉर्न बजाने पर पिकअप चालक कुंडू निवासी दीपक कुमार के साथ जमकर मारपीट किया। घटना सोमवार की शाम 7 बजे की है घटना के बाद घायल अवस्था में स्थानीय लोगों की मदद से घायल को सदर अस्पताल लाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक सेमरा के पास 8 से 10 लड़के रोड में ही बाइक लगाकर शराब पी रहे थे सिमडेगा की ओर से आ रहा एक पिकअप चालक हॉर्न बजाया लड़के किनारे नहीं हुए दो-तीन बार हॉर्न बजाने पर लड़के क्रोधित हो गए 8 से 10 लड़के पिकअप चालक के पास पहुंचे और उसे गाड़ी से नीचे उतारकर जमकर मारपीट की। हो हंगामा होने के बाद सभी लड़के बाइक लेकर वहां से फरार हो गये। पिकअप के पीछे बैठे चालक के दो हेल्पर और ग्रामीणों के सहयोग से उसे सदर अस्पताल लाया गया। दीपक ने बताया मुर्गा उड़ीसा पहुंचाकर वापस लौट रहा था।

# जन शिकायत निवारण दिवस में 50 आवेदन मिले

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** मंगलवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी गयी तथा आवश्यक निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिये गये। जन शिकायत निवारण दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 50 आवेदक अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे। प्राप्त आवेदनों में मुख्य रूप से सड़क, बिजली, पानी, भूमि विवाद, भूमि सीमांकन,सरकारी सहायता,आयुष्मान कार्ड निर्गत करने, रोजगार,दुकान आवंटन, गाय शेड की राशि, भूमि अधिग्रहण की राशि, जमीन ऑनलाइन करने के संबंध में, चिकित्सा सहायता, आर्थिक सहायता एवं शिक्षा से जुड़ी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा।

बिशुनपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अमटीपानी के ग्रामीणों का कहना है उक्त गांव में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन में सहायिका द्वारा अनियमितता बरती जा रही। ग्रामीणों का कहना है कि आंगनबाड़ी सहायिका को हटाकर किसी अन्य योग्य महिला को सहायिका बनाया जाये। इस संबंध में उपायुक्त ने जांच कर आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया है।

कोटाम निवासी बुधनी उरांव का घर अतिवृष्टि होने से क्षतिग्रस्त हो गया है। इन्होंने उपायुक्त के समक्ष आवेदन देकर आवास योजना से आच्छादित करने हेतु अनुरोध किया है।

जनता दरबार में उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो भी सम्मिलित थे। उन्होंने वहां आये नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई हेतु दिशा निर्देश दिये। इस दौरान राशन पेंशन से संबंधित आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया।

उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जन शिकायत निवारण दिवस आमजन की समस्याओं के समाधान हेतु एक सशक्त माध्यम है तथा प्रशासन सभी मुद्दों पर संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेगा।

# कॉरपोरेट नहीं आम जनता के पक्ष में बने अर्थनीति : अखिलेंद्र प्रताप

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** मंगलवार को गुमला परिसदन में झानद और ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट ने संयुक्त प्रेस वार्ता आयोजित की। मौके पर आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के संस्थापक सदस्य अखिलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि आज देश के सामने जो चुनौतियां मौजूद है और जिस तरह का संकट गहराया है उसके लायक तैयारी देश के राजनीतिक दलों की नहीं है। इसी खालीपन का फायदा उठाकर भारतीय जनता पार्टी इस देश में पूंजी की तानाशाही को लागू करने में लगी है। भाजपा-आरएसएस के नेतृत्व में कोरपोरेट-हिंदुत्व गठजोड़ देश की प्राकृतिक संपदा, सार्वजनिक सम्पदा और आर्थिक संसाधनों को लूटने में लगा है। पिछले दस वर्षों में अरबपतियों की संख्या और आर्थिक असमानता में खासी वृद्धि हुई है। देश की सत्ता पर कोरपोरेट घरानों का नियंत्रण स्थापित हो गया है। वह नीति निर्धारित कर रहें है। विपक्ष दल भी दरअसल इसी कोरपोरेट निर्भर अर्थनीति के पैरोकार है। हम मौजूदा विपक्ष पर इस दिशा में काम करने के लिए दबाव बनाने का काम कर रहे हैं। पत्रकार वार्ता के आयोजक झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि राज्य में खनिज, प्राकृतिक संसाधनों की लूट तथा सरकारी महकमों में कमीशनखोरी, भ्रष्टाचार से राज्य के लोग त्रस्त हैं। इन समस्याओं के हल के लिए झारखंड में ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट व झारखंड नवनिर्माण दल जैसी ताकत को मजबूत करने की जरूरत है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में झारखंड नवनिर्माण दल केंद्रीय समिति सदस्य सह महिला नेत्री पुष्पा उरांव, सुकरा मुंडा, एआईपीएफ प्रदेश प्रवक्ता हाफिजुर रहमान मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## रमेश कुमार चीनी ने सिमडेगा चैंबर की टीम को जीत की बधाई दी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला चैंबर ने सिमडेगा चैंबर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी है। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व अध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने कहा कि लंबे समय के बाद हुए चुनाव में मोतीलाल अग्रवाल टीम के सदस्य बहुमत के साथ जीते है। वहां के व्यापारियों ने जिस विश्वास के साथ टीम को विजयी बनाया है। आशा है कि टीम के लोग उस विश्वास पर खरा उतरेंगे और व्यापारी संगठन को और मजबूत बनायेंगे। वहीं हारने वाले प्रत्याशी हताश न हो बल्कि व्यापारी हित में काम करते रहें। टीम को बधाई देने वालों में अध्यक्ष राजेश सिंह, सचिव बबलू वर्मा, निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा, दिनेश अग्रवाल, राजेश लोहानी, अभिजीत और अमित आदि है।

# दो दर्जन अनुसुचित जनजाति परिवार के लिए खेतों की पगडंडी ही एकमात्र सहारा

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** प्रखंड और जिला मुख्यालय के बीच स्थित मुर्गू के एकमात्र पुर्वज के वंशजों का दो दर्जन अनुसुचित जनजाति परिवार के करीब 130 सदस्यों का बसा गांव मेडयाटोली। प्रखंड स्थित दो दशक पुर्व घोर नक्सली दंश झेल चुके गांव में वर्तमान में सरकारी योजना के नाम पर पेयजलापूर्ति योजना के तहत बना एक जलमीनार जो बीते ढाई साल से खराब पड़ा हुआ है, दो चापाकल है जो वर्तमान में चालू है, विभिन्न परिवारों में शौचालय बना है पर एक भी उपयोग में नही है। एक्के दुक्के परिवारों को पक्का मकान, विधायक मद से अखाड़ा के पास एक सोलर लाइट, दो सौ फीट का एक अदद पीसीसी व अखाड़ा का निर्माण हुआ है। किन्तु हम बात कर रहे हैं आजादी के 78 साल बाद भी इस गांव में पहुंचने के लिए कोई सड़क नही है। गांव के पाहान वायोवृद्ध बिरिया उरांव, बंधनु उरांव, जतन उरांव, दिलीप उरांव, शिवनाथ उरांव, बंधना उरांव, सुकरमनी उरांव, मंगलमुनी उरांव, बेसांगी उरांव,सुरैला उरांव, जौनी देवी, सहित दर्जनों लोग बताते हैं कि दक्षिणी कोयल नदी तट के किनारे और मुर्गू-सुपाली गांव के पास बसा मेडयाटोली गांव है, लेकिन आज तक भी हमारे गांव में आने जाने के लिए कोई रास्ता नहीं है। मुर्गू तक जाने वाली सड़क से पश्चिम की ओर करीब एक किलोमीटर पर बसे गांव में पक्की तो छोड़िए कच्ची सड़क नही है, लोग आने जाने के लिए खाली पड़े खेत के पगडंडी और ट्रैक्टर से बने रास्ते का इस्तेमाल करते हैं। गर्मी और जाड़े में तो किसी तरह गुजारा हो जाता है मुसीबत तो बरसात में होती है जब गांव की किसी गर्भवती महिला, बीमार पड़े महिला-पुरुष, वृद्ध व बच्चे, चलने फिरने में असमर्थ लोगों को इलाज के लिए ले जाना हो या रोजमर्रा की जरूरत के लिए आना जाना पड़ता है। सड़क नही होने को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों, नेताओं व अफसरों से बोलने के बाद भी इस ओर किसी ने भी ध्यान नही दिया। जिससे हम ग्रामीणों को तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है। वहीं गांव के शिवनाथ उरांव और अन्य युवाओं ने प्रखंड और जिला प्रशासन से सरकारी योजना के तहत गांव तक पक्की या कच्ची पहुंच पथ का निर्माण कराने की गुहार लगायी है।

उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा।
(सामान्य शाखा)

-::आम सूचना::-

सरकार के संयुक्त सचिव, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक–2184/राँची, दिनांक–04.04.2025 के द्वारा Arms Act 2016 के आलोक में NDAL ALIS Portal से संबंधित मामलों एवं Illegal foreigners & holding Centres के संबंध में आहुत VC में दिए गए निदेश एवं Arms act 2016 के नियम 15 की उपकंडिका 2, 3 एवं 4 में प्रावधानित नियम के आलोक मे Single UIN having more than two firearms को (शस्त्र) प्रत्यार्पित किये जाने का निदेश है।

उक्त के आलोक में श्री शिवनारायण बंधन राम भदानी, तिलैया को कार्यालय ज्ञापांक 363/सा0, दिनांक 12–04–2025 एवं ज्ञापांक 460 दिनांक 03–05–2025 एवं श्री मुरली मनोहर भदानी, सी.एच. स्कूल रोड़, पूर्णिमा टॉकिज के बगल वाली गली, झुमरी तिलैया को कार्यालय ज्ञापांक 362 दिनांक 12–04–2025 एवं ज्ञापांक 464 दिनांक 03–05–2025 के द्वारा शस्त्र अनुज्ञप्ति रद्द करने के पूर्व अपना पक्ष रखने हेतु नोटिस निर्गत की गई है। परन्तु शस्त्र अनुज्ञप्ति में दर्ज पता पर उपस्थित नही होने के कारण नोटिस का तामिला नही हो सका है।

अतः सामाचार पत्र के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि सूचना निर्गत होने के एक सप्ताह के अंदर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें अन्यथा एकपक्षीय कार्रवाई करते हुए आपकी शस्त्र अनुज्ञप्ति रद्द करने की कार्रवाई की जायेगी

उपायुक्त, कोडरमा।

PR.NO.356283 District(25-26):D

# गुमला चैंबर ने बिजली बिल की समस्याओं को लेकर कार्यपालक अभियंता से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** मंगलवार को गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष राजेश सिंह की अध्यक्षता में बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता बीके सिंह से उनके कार्यालय में मिले। बिजली बिल से संबंधित कई बिंदुओं पर चर्चा हुआ। सर्वप्रथम चैंबर की तरफ से अध्यक्ष ने मांग रखा के कई उपभोक्ताओं का बिजली बिल नहीं निकल रहा है, उन्हें शीघ्र निकलवा दिया जाये। विभाग की तरफ से आश्वासन मिला के 10 दिन के अंदर बिजली बिल निकलवाने की व्यवस्था कर दी जायेगी। दूसरे नंबर पर स्मार्ट मीटर के संबंध में कहा कि जिन लोगों का स्मार्ट मीटर लग गया है उनके बिल में काफी गड़बड़ी हो रही है, बिल बहुत ज्यादा आने की शिकायत है। इस पर विभाग की तरफ से कहा गया कि जिन उपभोक्ताओं को ऐसा लगता है कि उनके बिल में गड़बड़ी है वह अपना कंजूमर नंबर और मोबाइल नंबर विभाग में जमा कर दें हम उसे सुधरवाने का काम करेंगे। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश चीनी ने कहा कि स्मार्ट मीटर के बिल में गड़बड़ी में सुधार नहीं हुआ तो चैंबर खुलकर स्मार्ट मीटर का विरोध करेगी और आंदोलन करना पड़े तो यह भी करेंगे। मौके पर चैंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश चीनी, उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, सचिव बबलू वर्मा आदि उपस्थित थे।

झारखण्ड सरकार
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
सैनिक कल्याण निदेशालय,

डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह–सैनिक बाजार, मेन रोड, राँची के विज्ञापन स्पेस के आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रण की सूचना

1. सैनिक कल्याण निदेशालय, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड सरकार, झारखण्ड राज्य के इच्छुक व्यक्तियों से डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह– सैनिक बाजार, मेन रोड, राँची के विज्ञापन स्पेस (Advertisement Space) (3240 वर्गफीट) के आवंटन के लिये आवेदन आमंत्रित करता है।
2. निविदा/विहित आवेदन प्रपत्र (Prescribed Tender/Application Form) में अन्य आवश्यक शर्तों का विवरण दिया गया है जो कि इस कार्यालय से 1000/– रूपये (एक हजार मात्र) का डिमांड ड्राफ्ट (DD) के द्वारा प्राप्त किया जा सकता हैं। डिमांड ड्राफ्ट "Jawan Bhawan Fund, Sainik Kalyan Nideshalaya, Ranchi" के नाम से होगा। कोई भी कार्य दिवस में 10 बजे पूर्वाहन् से 05 बजे अपराहन् 10 जुलाई 2025 तक प्राप्त कर सकते है।
3. **आवेदन प्रपत्र 18 जुलाई 2025 पाँच बजे अपराहन् तक टेंडर बॉक्स में जमा करना है।** प्राप्त आवेदनों को अधिकारियों की एक समिति द्वारा 21 जुलाई 2025 को 11:00 बजे खोला जायेगा। नियम एवं शर्तें झारखण्ड सरकार के वेबसाईट www.prdjharkhand.gov.in एवं डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन –सह– सैनिक बाजार, मेन रोड राँची के कार्यालय के सूचना पट पर भी देखा जा सकता है।

निदेशक के आदेशानुसार
ह/–
(भू–सम्पदा पदाधिकारी)
डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह–सैनिक बाजार मेन रोड, राँची

दिनांक :–30 जुन 2025
स्थान :– राँची

PR.NO.356274 Home(25-26):D

# सिसई में सत्संग संध्या का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** प्रखंड थाना क्षेत्र अंतर्गत विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल एवं हिंदू जागरण झारखंड के तत्वाधान में एक दिवसीय सत्संग संध्या का कार्यक्रम रंजीत नारायण सिंह सरस्वती विद्या मंदिर के सभागार में संध्या पांच बजे से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ योग गुरु संत स्वामी शिवानंद एवं विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य देवेंद्र वर्मा, हिंदू जागरण झारखंड के परावर्तन प्रमुख संजय वर्मा, विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल सिसई के रोहित शर्मा, मुकेश श्रीवास्तव डेविड, अरुण नारायण सिंह, विपिन झा, साहू प्रकाश लाल तथा अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व पुष्पार्चन कर किया। स्वामी ने सत्संग का महत्व बतलाते हुए कहा कि आजके बदलते परिवेश और भागदौड़ की जिंदगी में लोग ज्यादातर तनाव ग्रस्त होते जा रहे हैं, जिसका परिणाम पारिवारिक हिंसा, लोगों में कई तरह के गंभीर बीमारियां, आपसी मतभेद, मानसिक रूप से कमजोर और अशांति देखने को मिल रहा है। लोग अध्यात्म और अपने धर्म से भटकते जा रहे हैं। सत्संग का मतलब है एक साथ मिलकर रहना। भटके हुए लोगों को धर्म व अध्यात्म से जोड़ना। अध्यात्म से जुड़कर ईश्वर की सच्चे मन से भक्ति करने से ही मन को शांति प्राप्त होगी।

**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited**
**(CIN: U40108JH2013SGC001704)**
OFFICE OF THE GENERAL MANAGER
TRANSMISSION ZONE-I, KUSAI COLONY, DORANDA, RANCHI.
**Mob. / Tel No. :- 9431707300/0651-2490513**Email:- gm.jusnl@gmail.com

**TENDER NOTICE**

Sealed tender in two parts Techno commercial Part-I and price part-II are invited from reputed, financially sound & experienced contractors for the work mentioned below:-

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Price of BOQ. Non-refundable Including GST | EMD Rs. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 222/PR/JU SNL/25-26 | Work of Cleaning /Sweeping /Housekeeping work of 220/33KV Grid Sub-Station **GIS Smart City, Ranchi** from 01.08.2025 to 31.03.2026 financial year 2025-26 | Rs. 1476/- Including GST@18% | Rs. 15500/- |
| 2. | 223/PR/JU SNL/25-26 | Work of Annual housekeeping work of 220/132 KV Grid Sub-Station **Lohardaga (New)** for the period from 01.08.2025 to 31.03.2026 of financial year 2025-26. | Rs. 1476/- Including GST@18% | Rs. 11900/- |
| 3. | 224/PR/JU SNL/25-26 | Work for Spray Painting of 50MVA Power Transformer No.01 (Make: MARSONS) & 50MVA Power Transformer No. -03 (Make: ECE) at 132/33KV Grid Sub-Station, **Kamdara.** | Rs. 1476/- Including GST@18% | Rs. 13000/- |
| 4. | 225/PR/JU SNL/25-26 | Work for Painting of 132KV & 33KV side Sub-Station 132/33KV Grid Sub-Station, Structure along-with Main Gate Painting at 132/33KV Grid Sub-Station **Simdega** | Rs. 1476/- Including GST@18% | Rs. 20000/- |
| 5. | 226/PR/JU SNL/25-26 | Work for Installation of Counter Poise earthing in place of damaged /missing (2nd Diagonals) earthing including Supply, Transportation of All Materials Head /Loading/ Unloading by Labour etc. all complete job as per direction of Engineer in charge with measure of earthing value of 58 nos. of Tower out of 192 Tower) of 132KV S/C Gumla – Kamdara Transmission Line under the jurisdiction of Transmission Sub-Division, **Gumla** | Rs. 1476/- Including GST@18% | Rs. 17100/- |

(1) Start date for sale of tender paper from **28.06.2025 at 12:30PM onwards**.
(2) Last date & time for sale of tender paper up to 03.00 P.M. on **18.07.2025**
(3) Last date & time for submission of tender paper up to 05.00 PM on **18.07.2025**
(4) Due date & time of opening part –I at 04.30 P.M. on **19.07.2025**
(5) BID OPENING DATE FOR PRICE PART: - Will be communicated later on.
(6) Tender documents with detail terms and conditions can be obtained from office of the "General Manager, Transmission Zone-I, Ranchi" after deposit of cost of BOQ in the favour of Manager (F&A), Transmission Zone-I, Ranchi in the form of D.D. issued by any nationalized / scheduled Bank drawn in favour of "Manager (F&A), Transmission Zone-I, Ranchi" payable at Ranchi on any working day after the date of publication of tender in Newspapers.
(7) For any clarification please contact Telephone No. 0651-2490513 / 9431707300.
(8) The undersigned reserves the right to extend the date of sale/ submission / opening of part-I or reject any / all tenders without assigning any reason thereof.
**(9) Address for Communication:**
GENERAL MANAGER, TRANSMISSION ZONE-I,
KUSAI COLONY, P.O.-DORANDA, RANCHI, PIN -834002
JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
**Telephone no. 0651-2490513 (O)/ 9431707300/8987700007)** during office hour.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-I, Ranchi

PR 356220 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd) 25-26 (D)

# लाठी-आंसू गैस से आदिवासियों के स्वाभिमान को कुचला नहीं जा सकता है : संजीव अग्रवाल

## सिदो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानों के वंशजों का अपमान नहीं सहेंगे : श्रवण राय

**- हूल दिवस पर सिदो कान्हू की जन्मस्थली भोगनाडीह में पुलिस की कार्रवाई से नाराज भाजपाईयों ने फूंका सरकार का पुतला**

आजाद सिपाही संवाददाता



पुलिस की लाठी चार्ज के विरोध में सरकार का पुतला दहन करते भाजपाई।

**धनबाद।** भाजपा धनबाद महानगर के तत्वाधान में अमर शहीद सिदो कान्हू की जन्मस्थली भोगनाडीह में हूल दिवस पर वंशजों एवं जनजातीय समाज के लोगों पर पुलिस द्वारा की गयी लाठीचार्ज एवं आंसू गैस के गोले छोड़ने की घटना के विरोध में मंगलवार को रणधीर वर्मा चौक पर प्रदर्शन करते हुए राज्य सरकार का पुतला दहन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने की। इसमें भाजपा महानगर के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने जमकर सरकार विरोधी नारे लगाये। कहा कि सिदो कान्हू, चांद भैरव और फूलो झानों के वंशजों का अपमान नहीं सहेंगें। इस अवसर पर महानगर जिला अध्यक्ष सरवन राय ने कहा कि भाजपा हमेशा से ही झारखंड के जनजातीय समाज के साथ है। राज्य की गठबंधन सरकार की पुलिस ने लाठी और आंसू गैस के बल पर आदिवासियों की अस्मिता पर हमला किया है। उनकी आवाज दबाने की कोशिश की। भोगनाडीह की पवित्र धरती पर गठबंधन सरकार का अंग्रेजी राज चलाया गया। हुल दिवस जैसे पावन अवसर पर आदिवासियों को बर्बरता से पीटा गया। यह लोकतंत्र पर गहरा धब्बा है। वहीं, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजीव अग्रवाल, सत्येंद्र कुमार एवं रमेश राही ने कहा कि आदिवासी विरोधी ठगबंधन सरकार नहीं चलेगी। लाठी आंसू गैस से आदिवासियों का स्वाभिमान कुचला नहीं जा सकता। हम इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा एवं भर्त्सना करते हैं। वहीं, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र हांसदा ने कहा कि झारखंड की महागठबंधन सरकार से आदिवासी जनजातीय समाज का मोह भंग हो चुका है। इस अलोकतांत्रिक घटना से धनबाद जिले के भी आदिवासियों में उबाल है। समाज के लोग आक्रोसित हैं। यह घटना हेमंत सरकार की नैतिक दिवालियापन का सबूत है, जो इस सरकार के ताबूत में आखिरी कील साबित होगी। वहीं, जिला महामंत्री मानस प्रसून, धनेश्वर महतो, जिला मंत्री सह मीडिया संयोजक पंकज सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष शेखर सिंह ने कहा कि यह वही भोगनाडीह है, जहां 1855 में सिदो कान्हू ने अन्याय और शोषण के खिलाफ हुल क्रांति का बिगुल फूंका था। कल इस धरती पर एक बार फिर आदिवासी समाज के स्वाभिमान को कुचलने का कुत्सित प्रयास किया गया। इस मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सत्येंद्र कुमार, संजीव अग्रवाल, रमेश राही, जिला महामंत्री मानस प्रसून, उपाध्यक्ष महेश पासवान आदि उपस्थित थे।

# बीएसएल के चार कर्मियों को मिला सम्मान




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सेल की ओर से अपने कर्मचारियों में अर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसके उपयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मार्च से अप्रैल 2025 के बीच 'एआइ एंड यू प्रतियोगिता'नामक एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें बोकारो स्टील प्लांट के चार कर्मचारियों ने तकनीकी नवाचार, रचनात्मक सोच और डिजिटल परिवर्तन की दिशा में उत्कृष्ट योगदान प्रस्तुत कर सफलता अर्जित की। इसमें चयनित विजेताओं को सम्मानित करने को लेकर मंगलवार को निदेशक प्रभारी कार्यालय में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) सीआर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवटी, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) लक्ष्मी दास, मुख्य महाप्रबंधक (परियोजनाएं) अनीमा कुशवाहा, मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) नीता बा और महाप्रबंधक (जनसंपर्क एवं सीओसी) मणिकांत धान सहित कई वरीय अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए नवाचार, समर्पण और डिजिटल परिवर्तन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता एवं योगदान की सराहना की। उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता में सेल की विभिन्न इकाइयों से उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिली। प्राप्त प्रविष्टियों का मूल्यांकन दो श्रेणियों में किया गया। श्रेणी-1 के अंतर्गत विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं सेल अध्यक्ष की ओर से निर्गत प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया, जबकि श्रेणी-2 में सेल अध्यक्ष की ओर से निर्गत प्रशंसा प्रमाणपत्र के माध्यम से विजेताओं को सम्मानित किया गया। बोकारो स्टील प्लांट से श्रेणी-1 में परिचय भट्टाचार्य, वरीय प्रबंधक (सीआरएम-3) और उदय भान सिंह राठौर, सहायक महाप्रबंधक (माइंस) को नकद पुरस्कार एवं प्रशंसा प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया। वहीं, श्रेणी -2 के तहत अभिनव शंकर, वरीय प्रबंधक (जनसंपर्क) और भवानी हांसदा, इंजीनियरिंग सहयोगी (ब्राउनफील्ड एक्सपेंशन) को प्रशंसा प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

## दो नये सीएनसी रोल ग्राइंडिंग मशीन के परिचालन का शुभारंभ

**बोकारो इस्पात संयंत्र के रोल ग्राइंडिंग एंड बेयरिंग शॉप के अंतर्गत सीआरएम एक एवं तीन विभाग में दो नए सीएनसी रोल ग्राइंडिंग मशीन के परिचालन का शुभारंभ बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी की उपस्थिति में किया गया। इस मौके पर बीएसएल के अधिशासी निदेशक (संकार्य) चितरंजन महापात्रा, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) चितरंजन मिश्रा, अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवटी के अलावा अन्य विभागों के मुख्य महाप्रबंधक उपस्थित थे। आरजीबीएस विभाग के मुख्य महाप्रबंधक केके पाण्डेय ने सीएनसी मशीन की स्थापना में समर्पित भाव से योगदान देने वाले विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और मेसर्स थर्मोसिस्टम प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद का आभार जताया। वहीं, बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने अपने संबोधन में विभाग की प्रतिबद्धता, तकनीकी दक्षता और सतत सुधार के प्रयासों की सराहना की।**

# नये सत्र में लीना झा अध्यक्ष, रेनू कौशल बनी उपाध्यक्ष



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद माइलस्टोन का मंगलवार को नए सत्र का शुरूआत हुआ। इस सत्र में लीना झा अध्यक्ष, रेनू कौशल उपाध्यक्ष के अलावा गीता चौबे को आइएसओ मनोनित किया गया है। इस अवसर पर कुसुम विहार फेस 2 स्थित अपर्णा पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में इनर व्हील के पदाधिकारियों द्वार ज्ञानवर्धक पुस्तक 'मेरी किताब' बच्चों के बीच वितरित की गयी। साथ ही पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा देने की दृष्टिकोन से बच्चों को पौधा दिया गया। वहीं, क्लब के सदस्यों की ओर से पौधारोपण भी किया गया। इसके बाद क्लब के सदस्यों द्वारा इस दिन राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे पर सीएमसी अस्पताल के डॉक्टर अभिषेक मिश्रा और डॉक्टर इशा रानी को क्लब का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उपाध्यक्ष रेनू कौशल ने कहा कि बीते वर्षों में क्लब का सामाजिक दायित्व के तहत लोगों की सेवा और सम्मान के संदर्भ में बहुत गौरवपूर्ण उपलब्धियां रहीं है। पिछले क्लब के पदाधिकारी के उल्लेखनीय कार्यों का धन्यवाद देते हुए कहा कि इस सत्र से पूर्व की परंपरा को आगे बढ़ते हुए समाज सेवा की नई ऊंचाइयों को हासिल किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जूनियर विंग की इंचार्ज अनुप्रिया का अहम योगदान था।

# बराकर पुल की रेलिंग तोड़ नदी में गिरा ट्रेलर

**- मछुआरो की मदद से पुलिस ने चालक को नदी से बाहर निकाला**



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** पीरटांड़ थाना क्षेत्र में सोमवार की देर रात गिरिडीह-डुमरी रोड के बराकर पुल की रेलिंग तोड़कर एक पाइप लाइन लोड ट्रेलर अनियंत्रित होकर नदी में गिर गया। जानकारी के अनुसार यह ट्रेलर गोड्डा से पीरटांड़ के दुधनिया जा रहा था। इसकी सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण नदी के पुल पर पहुंच गये। ग्रामीणों ने वाहन सहित नदी में गिरे चालक को बाहर निकालने का खूब प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो पाए। वहीं, बचने का प्रयास कर रहा चालक भी थक कर नदी के तेज बहाव को देखकर ट्रेलर के टायर पर ही बैठ गया। जब इसकी सूचना मुफस्सिल थाने को मिली तो दलबल के साथ पुलिस मौके पर पहुंच गयी। इसके बाद मछुआरों की मदद से कड़ी मस्कत के बाद चालक को किसी तरह नदी से बाहर निकल गया। जबकि ट्रेलर और पाइप अभी भी नदी में ही है। फिलहाल जांच चल रही है और ट्रेलर को बाहर निकलने का प्रयास की जा रही है।

# बोकारो जिले के छह सरकारी स्कूलों में चला दंत जांच अभियान

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** डॉक्टर्स डे के अवसर पर मंगलवार को इंडियन डेंटल एसोसिएशन (बोकारो शाखा) की ओर से जिले के छह विभिन्न सरकारी स्कूलों में दंत जांच चिकित्सा शिविर का आयोजन कर बच्चों एवं शिक्षको के दांतों की जांच की गई। इसमें राजकीय माध्यमिक विद्यालय हरला, राजकीयकृत मध्य विद्यालय जैप 4, उत्क्रमित मध्य विद्यालय महुआर, राजकीय मध्य विद्यालय सेक्टर 2/सी, मीडिल स्कूल सेक्टर 3/बी एवं उत्क्रमित हाई स्कूल रानी पोखर शामिल हैं। उक्त स्कूलों में कुल 2500 छात्र-छात्राओं, शिक्षक एवं गैर शिक्षकों के दांतों की जांच की गई। शिविर में कई विद्यार्थियों के दांतों में समस्या पाई गई। जिसमें मुख्यतः पायरिया संबंधित दांतों में सड़न, मुंह से बदबू आना, टेढ़े मेढ़े दांत शामिल हैं। उन्हें अविलंब इलाज कराने की सलाह दी गई। जांच शिविर में उपस्थित डॉक्टरों ने कहा मुंह और दांतों से संबंधित बीमारियों से पेट और दिल पर भी असर पड़ता है। इसलिए दांतो का रखरखाव और देखभाल बहुत जरूरी है। बच्चों को ब्रशिंग टेक्निक के बारे में बताया गया और दिन में दो बार ब्रश करने की सलाह भी दी गई। वहीं, आईडीए के अध्यक्ष डॉ प्रशांत ने कहा कि दांत शरीर का आवश्यक अंग होने के साथ ही चेहरे की सुंदरता को भी बढ़ाता है। अतः इसकी देखभाल बहुत जरूरी है। सचिव डॉ रंजीत ने कहा कि इस तरह के दंत जॉच जागरूकता अभियान इंडियन डेंटल एसोसिएशन (बोकारो ब्रांच) की तरफ से आगे भी चलाया जाएगा। इस मौके पर डॉ शिवम त्रिपाठी, डॉ मलय समीर, डॉ अभिषेक कुमार, डॉ देवेंद्र राय, डॉ अभिषेक शेखर, डॉ तानिया गोयल आदि मौजूद रहे।

# एलआइसी की सभी शाखा कार्यालयों में संगठन के झंडे का हुआ ध्वजारोहण

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** 75वें स्थापना दिवस में प्रवेश के अवसर पर एआइआइइए के निर्देशानुसार मंगलवार को बरटांड स्थित एलआईसी शाखा-1 सहित भारतीय जीवन बीमा निगम के सभी शाखा कार्यालयों में संगठन के झंडे का ध्वजारोहण किया गया। साथ ही बरटांड शाखा एक के समक्ष आने-जाने वाले लोगों को कर्मचारियों द्वारा बटर मिल्क वितरित किया गया। इस अवसर पर धनबाद के बरटांड शाखा एक में एकत्रित सदस्यों को संबोधित करते हुए बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल के अध्यक्ष हेमंत मिश्रा ने कहा कि एआइआइइए की स्थापना का मूल उद्देश्य समाज के संसाधन का उपयोग समाज के लिए करना रहा है। बीमा क्षेत्र के राष्ट्रीयकरण की मांग की धुरी यही विचार रहा। जनकल्याण के पवित्र विचार में विश्वास की गहराई का सहज उदाहरण एआइआइइए है। हमें गर्व है कि एआइआइइए ने ही तत्कालीन सरकार को पूरा मसौदा तैयार कर बताया था कि किस तरह देश के साधारण लोगों की छोटी-छोटी बचत से एक राष्ट्रीयकृत बीमा संस्थान बनाकर व्यक्ति एवं परिवार को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही राष्ट्र के मूलभूत ढांचे के एिलआइसी में ईमानदारी दरअसल एआइआइइए का ही संस्कार है। इम्कहा कि आगे की चुनौतियां भी काम विकट नहीं है। सार्वजनिक क्षेत्र में बीमा उद्योग को निजीकरण के उद्देश्य से नीतिगत हमलों का सामना करना पड़ रहा है। सुधारो की आड़ में श्रमिकों के अधिकारों को कम करने की कोशिश की जा रही है। एआइआइइए की विरासत न केवल प्रासंगिक है, बल्कि यह अत्यंत आवश्यक भी है। एआईआईईए के 75वें वर्ष को जन-आंदोलन, वैचारिक नवीनीकरण, संघठनात्मक सुदृढ़ीकरण और सामूहिक गौरव का वर्ष बनाएं। इस अवसर पर धनबाद जिले के सभी एलआईसी ऑफिस के द्वार पर एआईआईईए का झंडा फहराया गया।

# धनबाद में संगठित अपराध बड़ी चुनौती, सभी गिरोह के विरुद्ध तेज करें कार्रवाई : आइजी

**धनबाद जिला पुलिस मुख्यालय पहुंचे आइजी, दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** आइजी ने मंगलवार को जिले के सभी वरीय पुलिस पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें विधि-व्यवस्था संधारण, साइबर अपराध की रोकथाम, संगठित गिरोह के विरुद्ध कार्रवाई और मादक पदार्थो की तस्करी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कहा कि साइबर अपराध के मामलों में तेजी से कार्रवाई की जाए और तकनीकी दक्षता को और बेहतर बनाया जाए। साथ ही, अवैध नशे के कारोबार पर सख्त निगरानी रखने और ऐसे मामलों में जिरो टॉलरेंस नीति अपनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि धनबाद में संगठित अपराध एक बड़ी चुनौती है। सभी गिरोह के विरुद्ध कार्रवाई तेज करते हुए फरार अपराधियों की गिरफ्तारी जल्द सुनिश्चित की जाये। इस दौरान जिले के विभिन्न थानों में लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए जल्द ही निष्पादित करने का निर्देश दिया। पॉक्सो एवं महिला उत्पीड़न जैसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए तय अवधि में मामले की जांच को पूरा करने को कहा। कहा कि पुलिस जनता के प्रति संवेदनशील एवं मित्रवत बने, ताकि अपराधों की रोकथाम और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में जनता का सहयोग मिल सके। लगे हाथ मुहर्रम पर्व के मद्देनजर जिले में सुरक्षा तैयारियों को चुस्त करते हुए लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में मुहर्रम मनाने की अपील भी की गई। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, ग्रामीण एसपी कपील चौधरी, सिटी एसपी रित्विक श्रीवास्तव सहित सभी डीएसपी एवं एसडीपीओ मौजूद थे।

# डीआरएम के निर्देश पर आरपीएफ ने कतरास स्टेशन के निकट दुकानदारों को हटाया



**कतरास (आजाद सिपाही)।** धनबाद डीआरएम के निर्देश पर मंगलवार को कतरासगढ़ स्टेशन स्टेशन के आस पास में लगे दुकानों को आरपीएफ जवानों ने हटवा दिया। इससे वहां कुछ समय के लिए अफरातफरी मच गई। दुकानदारों ने फुटपाथ पर लगी अपनी-अपनी दुकानें हटा ली, जिससे मालगोदाम के समीप फुटपाथ की होटल, चाय दुकान, लिट्टी, चाट और अन्य आठ दुकानों को उजाड़ दिया गया। इसमें संजय गुप्ता का काफी का ठेला, रेखा देवी का होटल, कैलाश प्रसाद महतो एवं सुखदेव यादव की चाय की दुकान, पंकज साव का निमकी का ठेला, विकास गुप्ता, गोविंद श्रीवास्तव, मन्नू महतो की दुकानें शामिल हैं। इस दिन सुबह आरपीएफ इंस्पेक्टर आरके मिंज बल के जवानों और आईडब्ल्यू के कर्मियों की टीम मौके पर पहुंची। जहां दुकान हटाने की बातें कही गई। इसके बाद दुकानदार स्वतः ठेला एवं दुकानों को हटाना शुरू कर दिया। दुकानदारों ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा हमलोगों के खिलाफ डीआरएम को लिखित शिकायत दिया गया है, जिसके आलोक यह कार्रवाई की गई है। उनलोगों ने बताया कि रेल प्रशासन हमलोगों को दुकान बना कर आवंटित करें, ताकि परिवार का भरण-पोषण हो सके।

# जिला प्रशासन संवैधानिक अधिकारों का करें अनुपालन : ज्योति सिंह माथारू

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह माथारू मंगलवार को धनबाद परिसदन पहुंचे। जहां अल्पसंख्यको एवं धनबाद जिले के गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों के प्रधान सचिव ने गर्म जोशी से स्वागत किया। इस मौके पर धनबाद जिला कांग्रेस ने की विभिन्न जगहों से आए सभी पीड़ित परिवारों ने अपनी जन समस्याओं को आयोग के उपाध्यक्ष को बताया। इस पर उपाध्यक्ष ने सभी जन समस्याओं को विस्तारित रूप से सुना। इसके बाद शाम चार बजे से प्रशासनिक बैठक में पहुंचे। जहां सभी मुद्दों को संबंधित विभागों को त्वरित संज्ञान लेते हुए निराकरण करने को कहा। इसमें गुरूनानक कालेज भुदा बरमसिया के दक्षिण दिशा में स्थित अपूर्व भवन के निपटारे के लिए जो पिछले 20 वर्षों से रिक्त और अनुपयुक्त पड़ा है। गुरु नानक कॉलेज भुदा के आगे और पीछे रिक्त जगह को कॉलेज को देने की मांग की है। स्वर्गीय सोहन सिंह पूर्व टेक्नीशियन ग्रेड 2 पंप ऑपरेटर डीवीसी पंचेत के हाईडेल में कार्य के दौरान 100 मजदूर को अपनी जान जोखिम में डालकर बचाया जिसमें दाहिना पैर गंवना पड़ा था। आज तक परिवार को किसी प्रकार का मुआवजा या नौकरी दी गई। वहीं, मुनीडीह कोलयरी में आरती इंटरप्राइजेज में फीटर पद पर कार्यरत कुलविंदर सिंह को कार्य के दौरान पैरालाईसेस अटैक आने पर कंपनी ने ना ही इलाज कराया ना ही किसी प्रकार का कोई मुआवजा ही दिया। उल्टे कंपनी से निकाल दिया। इसी तरह अन्य लोगों ने भी अपनी-अपनी समस्याएं रखी। जिसका समाधान करने एवं जनहित के मुद्दों को सुनिश्चित करने एवं झारखंड के गठबंधन सरकार की चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारने का निर्देश दिया। धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष रशीद राजा, अंसारी प्रदेश प्रवक्ता शमशेर आलम, नवनीत नीरज गोपाल चौधरी, सतपाल सिंह ब्रोका, इरफान चौधरी, धनबाद जिला के अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष जहीर अंसारी और बाबू अंसारी आदि थे।

**कार्यालय नगर पंचायत, डोमचाँच (कोडरमा)**

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना**
**संख्या–07 / 2025–26 दिनांक–01.07.2025.**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, डोमचाँच |
| 2 | परिमाण विपत्र की ब्रिकी स्थान, तिथि एंव समय | कार्यालय नगर पंचायत, डोमचाँच, दिनांक–08.07.2025 को, 11:00 पूर्वाह्न से 03:00 अपराह्न तक |
| 3 | निविदा प्राप्ति का स्थान, तिथि एवं समय | कार्यालय नगर पंचायत, डोमचाँच, दिनांक–09 .07.2025 को, 11:00 पूर्वाह्न से 03:00 अपराह्न तक |
| 4 | निविदा खोलने का स्थान, तिथि एंव समय | कार्यालय नगर पंचायत डोमचाँच, दिनांक–10.07.2025 को अपराह्न 12:00 बजे से अंतिम निविदा खुलने तक |

**कार्य का विवरण**

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | वार्ड सं0 | प्राक्कलित राशि | अग्रधन राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्यादेश की तिथि से कार्य पूर्ण कि तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | INSTALLING PARTITION WALL OF ACP SHEET IN HALL OF PANCHAYAT BHAEWAN SITUATED NEAR SHIVSAGAR TALAB (FOR MAKING URBAN HEALTH AND WELLNESS CENTRE) UNDER DNP | 5 | 431900.00 | 9000.00 | 1000.00 | 02 Months |
| 2 | RENOVATION OF PANCHAYAT BHAWAN NEAR SHIVSAGAR TALAB (FOR MAKING HEALTH AND WELLNESS CENTRE) UNDER DNP | 5 | 855400.00 | 17500.00 | 5000.00 | 02 Months |

नोटः–निविदा की शर्ते कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर पंचायत, डोमचाँच

PR 356218 (Urban Development)25-26*D

**Government of Jharkhand**
**Home, Prison and Disaster Management Department**
**(Disaster Management Division)**
**T.A. Division Building, Near Golchakar,**
**Dhurwa, Ranchi, Jharkhand – 834004**
**Email Id-disasteroffice-jhr@jharkhandmail.gov.in**

**Expression of Interest (Request for Proposal)**

The Nationalised banks are invited to submit Expression of Interest (EoI) for offering competitive rates of Interest on fixed Deposits (FDs) for various tenure for Government fund investment.

The EoI should include the following details
- Tenure-wise interest slab i.e from 1 months to 10 years
- Amount-wise interest slab upto 1000 crore .
- Pre-mature withdrawal rules
- Pre-mature breakup
- Additional benefits, if any e.g. auto renewal, quarterly payout.

Important Dates :-
i. Date of pre bid meeting- 07.07.2025 / 03.00 P.M.
ii. Last date of submission of proposal-21.07.2025 upto 4.00 P.M.
iii. Date of opening bid – 22.07.2025 – 4.00 .P.M.

(2)EOIs should be submitted in sealed envelopes.
(3)The competent authority reserves the right to accept or reject any or all EOIs without assigning any reason.
EoI shall be dropped in the office Drop Box.

**Joint Secretary**
**Home, Prison and Disaster Management Department**
**(Disaster Management Division)**
**Jharkhand, Ranchi**

PR 356198 (Disaster Management)25-26*D

# भारत में बने डिफेंस सिस्टम पर बढ़ रहा दुनिया का भरोसा

## भारतीय डिफेंस कंपनियों को निर्यात ऑर्डर बढ़ने की उम्मीद

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** नाटो के सदस्य देशों ने बीते 25 जून को अपने डिफेंस बजट को बढ़ाने पर सहमति जतायी है। इन देशों ने वित्त वर्ष 2035 तक अपने डिफेंस बजट को बढ़ा कर जीडीपी के 5 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य रखा है, जो अभी केवल 2 प्रतिशक के आसपास है। नाटो देशों के इस बयान के बाद भी डिफेंस शेयरों में तेजी शुरू हो गयी है। उद्योग का कहना है कि नाटो देशों के इस कदम से भारतीय डिफेंस कंपनियों को अधिक एक्सपोर्ट ऑर्डर मिलने की संभावना है। वहीं दूसरी और इनके लिए ज्वाइंट वेंचर के नये मौके भी खुल सकते हैं।

**हाइड्रोजन पावर ड्रोन और ऑप्टिकल फाइबर कैमरों पर हो रहा काम :** हमारे एंटी ड्रोन सिस्टम (दुश्मनों के ड्रोन को पहचान कर उसको मार गिराना) जिसको ऑपरेशन सिंदूर में सफलता मिली, हम उस पर तेजी से काम कर रहे हैं। वर्तमान समय में ड्रोन बैटरी द्वारा चलाये जाते हैं, लेकिन अब हाइड्रोजन पावर ड्रोन के इस्तेमाल पर काम किया जा रहा है। बैटरी से चलने वाले ड्रोन 12 घंटे तक उड़ान भर सकते हैं, जबकि हाइड्रोजन पावर ड्रोन की उड़ने क्षमता काफी अधिक होती है। साथ ही अब ड्रोन में ऑप्टिकल फाइबर कैमरों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस नयी तकनीक के कैमरों का इस्तेमाल सबमरीन और ड्रोन में किया जा रहा है, इसे ऑपरेटर सीधे कैमरे के जरिए से कंट्रोल करता है। हमने रिसर्च एंड डेवलपमेंट का चक्र पहले जो वर्षों का होता था, उसे 6 से 9 महीने किया जा चुका है। हाल ही में कंपनी को इजरायल से 300 करोड़ के ऑर्डर भी प्राप्त हुए हैं।

**मेक इंडिया के बाद तैयार हुआ डिफेंस उद्योग का आधार :** मेक इन इंडिया से भारतीय डिफेंस उद्योग का आधार बन गया है। दस साल पहले इस उद्योग में कोई विजिबिलटी नहीं थी, लेकिन अब उद्योग में तेजी आयी है। भारत का यह सेक्टर काफी तेजी से ग्रो कर रहा है। इसलिए हमें उम्मीद है कि भारत अपने 5 बिलियन डॉलर के एक्सपोर्ट लक्ष्य को प्राप्त कर लेगा।

अजेलिया कैपिटल के संह संस्थापक और प्रबंध भागीदार अभिजीत श्रीवास्तव कहते हैं कि देश में डिफेंस सेक्टर के साथ ही 2030 तक इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, रिन्यूएबल एनर्जी, बैटरी स्टोरेज जैसे कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में 600 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश के अवसर होंगे। यह देश में मजबूत निर्माण सहित डिफेंस सेक्टर को भी सहायक होंगे।

**रक्षा क्षेत्र के लिए सेमीकंडक्टर निर्माण घरेलू स्तर किया जाना महत्वपूर्ण :** आरआइआर पावर इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के अध्यक्ष और निदेशक डॉ हर्षद मेहता कहते हैं भारत डिफेंस क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसमें रिन्यूएबल एनर्जी और सेमीकंडक्टर के इकोसिस्टम को भी मजूबत किया जा रहा है। यह डिफेंस सेक्टर के सहायक है। मेक इन इंडिया की पहल के तहत सेमीकंडक्टर का निर्माण देश में किया जाना महत्वपूर्ण है। क्योंकि सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत रखने से रक्षा प्रौद्योगिकियों के लिए आयात पर निर्भरता कम हो जाती है। हमने हाल ही में 618 करोड़ के निवेश के साथ देश में सेमीकंडक्टर विनिर्माण की क्षमताओं को बढ़ावा दिया है, इससे महत्वपूर्ण डिफेंस सेक्टर में इस्तेमाल होने वाली प्रौद्योगिकियों के लिए आयात पर कम निर्भरत होना पड़ेगा।

**सरकार छह महीने में एक नयी रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (डीएपी 2025) आयेगी :** विशेषज्ञ बताते हैं कि भारत ऑपरेशन सिंदूर के बाद अपनी डिफेंस क्षमता और सर्विलांस क्षमताओं को मजबूत करने पर काम कर रहा है। इसके लिए सरकार की ओर से सशस्त्र बलों के लिए 52 सैटेलाइट को लॉन्च करने और एक व्यापक सैन्य अंतरिक्ष प्रोग्राम को तैयार करने का प्रस्ताव रखा गया है। डिफेंस रिसर्च और डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेश (डीआरडीओ) ने अग्नि-5 मिसाल सिस्टम के नये वर्जन पर तेजी से काम शुरू कर दिया है। हाल ही में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने मानव रहित हवाई वाहनों ड्रोन की युद्ध में उपयोगिता को देखते हुए सैन्य ग्रेड ड्रोन के लिए देश की उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए कहा है, साथ ही रक्षा खरीदी चक्र को दो साल तक कम करने को कहा है। उन्होंने यह भी कहा है कि सरकार छह महीने में एक नयी रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (डीएपी 2025) लेकर आयेगी। उन्होंने कहा कि भारत में ड्रोन के लिए एक महत्वपूर्ण विर्निमाण इको सिस्टम है, लेकिन इसका बहुत बड़ा हिस्सा नागरिक ड्रोन का है। सैन्स ग्रेड ड्रोन में का हिस्सा काफी कम है, इसलिए देश में जो चार से पांच निर्माता कंपनियां है, जिनके पास ड्रोन बनाने की क्षमता है, उन्हें इसे विकसित करने की जरूरत है।

**भारत के रक्षा उत्पादन में जोरदार वृद्धि की संभावना :** हाल ही में भारतीय उद्योग परिसंघ और केपीएमजी इंडिया की रक्षा क्षेत्र विजन रिपोर्ट पेश की गयी। इस रिपोर्ट के अनुसार भारत का रक्षा बजट 2025-26 (वित्त वर्ष 26) के लिए 6.81 ट्रिलियन रुपये से लगभग पांच गुना बढ़ कर 2047 में 31.7 ट्रिलियन रुपये हो सकता है, जबकि रक्षा उत्पादन वित्त वर्ष 24 के लिए 1.46 ट्रिलियन रुपये से छह गुना बढ़ कर 8.8 ट्रिलियन रुपये हो सकता है।



### भारत में बने डिफेंस सिस्टम फिल्ड प्रूवन

पारस डिफेंस एंड स्पेस टेक्नोलॉजीज के निदेशक अमित महाजन ने अमर उजाला डॉटकॉम को बताया कि ऑपरेशन सिंदूर से यह साबित हो चुका है कि, भारत में बने डिफेंस सिस्टम ने बेहतर प्रदर्शन किया, वहीं चीन के बने डिफेंस सिस्टम बुरी तरह फेल हो गए, इससे भारत के डिफेंस सिस्टम को लेकर वैश्विक स्तर पर विश्वास बढ़ा है। भारत को अब चीन प्लस के विकल्प के रूप में देखा जा रहा है और विश्व स्तर पर एक स्टेबल लैंड माना जाता है। यानी विश्व भारतीय रक्षा उत्पाद पर भरोसा करते हैं। भारत की टैक्नोलॉजी और यहां के कम बजट में बने डिफेंस सिस्टम फिल्ड प्रूवन यानी फिल्ड पर काम करते हैं, जिस पर विश्व को पूरा भरोसा हो गया है। जिसकी वजह भारतीय डिफेंस कंपनियों को अधिक एक्सपोर्ट ऑर्डर मिलने की संभावना है। उन्होंने बताया कई टेक्नोलॉजी अभी भारत में नहीं है, लेकिन उस क्षेत्र में अन्य देशों की कंपनियों के साथ समझौता कर उस टेक्नोलॉजी को भारत लाने पर जोर दिया जा रहा है।

## सब्सिडी बंद की तो मस्क को अफ्रीका लौटना पड़ेगा: ट्रंप

वॉशिंगटन डीसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को टेस्ला के सीइओ इलॉन मस्क पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि अगर मस्क को मिलने वाली सब्सिडी बंद हो जाये, तो उनको अपनी दुकान (कंपनी) बंद करके दक्षिण अफ्रीका लौटना पड़ेगा। ट्रंप के कहा कि सब्सिडी बंद होने से न तो टेस्ला इलेक्ट्रिक कार का प्रोडक्शन कर पायेगी, न ही स्पेसएक्स के रॉकेट, सैटेलाइट लॉन्च होंगे। ट्रंप ने दावा किया कि मस्क को सरकारी सब्सिडी के तौर पर इतना पैसा मिला है, जितना शायद किसी और को नहीं मिला। उन्होंने सुझाव दिया कि [illegible] इस मामले की डिटेल जांच करे। इससे देश का पैसा बचेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि मस्क को राष्ट्रपति पद के लिए मेरा समर्थन करने से बहुत पहले ही पता था कि मैं इवी मैंडेट के खिलाफ हूं। मस्क को 20 साल में 31 लाख करोड़ की सरकारी मदद मिली। अमेरिका के एनर्जी डिपार्टमेंट ने टेस्ला को 465 मिलियन डॉलर कर्ज दिया। इससे टेस्ला को मॉडल-र कार लॉन्च करने में मदद मिली। नेवादा ने 2014 में टेस्ला की गिगा फैक्ट्री के लिए 11 हजार करोड़ की टैक्स छूट दी। टेस्ला खरीदने वालों को हर इलेक्ट्रिक गाड़ी पर 7,500 डॉलर का टैक्स क्रेडिट मिलता है। स्पेसएक्स को 2008 से 16 लाख करोड़ के सरकारी कॉन्ट्रैक्ट मिले हैं। इनमें से 12 लाख करोड़ के कॉन्ट्रैक्ट नासा और 4.50 लाख करोड़ रुपए के कॉन्ट्रैक्ट पेंटागन से मिले। 2021 में स्पेसएक्स को नासा के आर्टेमिस प्रोग्राम के तहत मून मिशन के लिए 25 हजार करोड़ का कॉन्ट्रैक्ट मिला। 2024 में स्पेसएक्स को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन को डी-ऑर्बिट करने के लिए 843 मिलियन डॉलर का कॉन्ट्रैक्ट मिला। स्पेसएक्स को 2015 से हर साल 8 हजार करोड़ और 2021-2024 के बीच हर साल 16 से 32 हजार करोड़ के कॉन्ट्रैक्ट मिले।

## तुर्किये में पैगंबर मोहम्मद के कथित कार्टून पर विवाद, कार्टूनिस्ट समेत चार गिरफ्तार

**अंकारा।** तुर्किये में पैगंबर मुहम्मद का कार्टून छपने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। लेमैन मैगजीन ने 26 जून को एक कार्टून पब्लिश किया था, जिसमें पैगंबर मुहम्मद और पैगंबर मूसा जैसे दिखने वाले दो शख्स को आसमान से गिरती मिसाइलों के बीच हवा में हाथ मिलाते हुए दिखाया गया था। इस कार्टून के सामने आने के बाद पूरे तुर्किये में लोगों का गुस्सा भड़क गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने कार्टून बनाने वाले कार्टूनिस्ट डोगन पहलवान के अलावा लेमैन के चीफ एडिटर, मैनेजिंग एडिटर और ग्राफिक डिजाइनर की भी गिरफ्तारी हुई है।














































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**